RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 346
नई दिल्ली, शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी को तैयार हैं अक्षर

स्पोर्ट्स-12

# देशभर में एक जैसी हो पुलिस की वर्दी: मोदी

## कहा- ये एक विचार है, इसे राज्यों पर थोप नहीं रहा, गृहमंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये किया संबोधित

● स्मार्ट बनें, अपराध पर नियंत्रण के लिए साझा प्रौद्योगिकी बनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशभर में पुलिस कर्मियों के लिए ' एक राष्ट्र, एक वर्दी' नीति संबंधी विचार पेश किया। उन्होंने बंदूक और कलमधारी (अर्बन) नक्सलियों को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पीएम ने 5जी युग में स्मार्ट कानून और व्यवस्था प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा 'हमें अपराध जगत से दस कदम आगे चलने की जरूरत है। वे फरीदाबाद के सूरजकुंड में चल रहे गृह मंत्रियों के सालाना दो दिवसीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर रह थे। आज इस सम्मेलन का आखिरी दिन था।

पुलिस के लिए एक राष्ट्र, एक वर्दी के मुद्दे पर पीएम ने कहा कि यह उनकी तरफ से एक विचार मात्र है और वह इसे राज्योंपर थोपने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, देश के युवाओं को गुमराह होने से रोकने के लिए नक्सलवाद के हर स्वरूप को उखाड़ फेंकना होगा, वह चाहे बंदूक का हो या फिर कलम का। मोदी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की खातिर और सरदार पटेल की प्रेरणा से हम ऐसी किसी ताकत को अपने देश में पनपने नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतों को अंतरराष्ट्रीय मदद भी मिलती है। अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए राज्यों के बीच निकट सहयोग की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी संघवाद ना सिर्फ संविधान की भावना है बल्कि यह केंद्र और राज्यों की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के लिए एक राष्ट्र, एक वर्दी सिर्फ एक विचार है। मैं यह आप सभी पर थोपने की कोशिश नहीं रहा। इसके बारे में आप सोचिए। यह 5, 50 या सौ सालों में हो सकता है। लेकिन हमें इसके बारे में विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कानून प्रवर्तन कर्मियों को एक आम पहचान भी मिलेगी और लोग उन्हें देश में कहीं भी पहचान सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि देश भर में पुलिस की पहचान एक जैसी हो सकती है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से पुराने कानूनों की समीक्षा करने और आज के संदर्भ में उनमें सुधार करने का आग्रह किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए सभी एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई की भी गुजारिश की। मोदी ने कहा कि पुलिस के बारे में अच्छी धारणा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है और इस राह में जो खामियां विद्यमान हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यद्यपि संविधान के हिसाब से कानून-व्यवस्था राज्यों का विषय है लेकिन यह देश की एकता और अखंडता से भी उतना ही जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, हर एक राज्य एक दूसरे से सीखे, एक दूसरे से प्रेरणा ले और आंतरिक सुरक्षा के लिए मिलकर काम करे। आंतरिक सुरक्षा के लिए राज्यों का साथ मिलकर काम करना संवैधानिक अनिवार्यता है और साथ ही देश के प्रति जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी एजेंसी को, वह चाहे केंद्र की हों या राज्यों की, सभी को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए ताकि दक्षता बढ़े, बेहतर परिणाम सामने आए और आम जन को सुरक्षा मिले।


उन्होंने कहा कि कानून एवं व्यवस्था का सीधा संबंध विकास से है, अत: शांति बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक व हर परिवार का सामर्थ्य बढ़ेगा। यही तो सुशासन है, जिसका लाभ देश के हर राज्य को समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। मोदी ने कहा कि कानून-व्यवस्था के पूरे तंत्र के लिए भरोसेमंद होना बहुत महत्वपूर्ण है और इसके लिए आम जन से पुलिस का संबंध और संवाद बेहतर होना चाहिए ताकि उनके बारे में अच्छी धारणा बने। मोदी ने कहा कि पिछले वर्षों में भारत सरकार के स्तर पर कानून व्यवस्था से जुड़े सुधार हुए हैं, जिसने पूरे देश में शांति का वातावरण बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, हमें प्रौद्योगिकी के लिए एक साझा मंच के बारे में सोचने की जरूरत है जिसे सभी के द्वारा साझा किया जा सके। राज्यों की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को भी एक दूसरे से साझा किया जा सकता है।

साइबर अपराध हो या फिर ड्रोन प्रौद्योगिकी का हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में उपयोग, इनके लिए हमें नई प्रौद्योगिकी पर काम करते रहना होगा। स्मार्ट प्रौद्योगिकी से कानून-व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। फर्जी खबरों के प्रवाह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि ऐसी खबरों की सच्चाई सामने लाया जाना आवश्यक है और इसमें प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका है।उन्होंने कहा, ऐसी खबरों को जांचने की प्रक्रिया या तंत्र के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना जरूरी है ताकि किसी और से साझा करने से पहले वे उन्हें जांच सकें। इस शिविर में राज्यों के गृह मंत्रियों के अलावा वहां के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सुरक्षा बलों के महानिदेशक भी शामिल (शेष पेज 8)

# राष्ट्र को 75 बुनियादी ढांचों वाली परियोजनाएं समर्पित

● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन ये प्रोजेक्ट सामरिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख कश्मीर, अरुणाचल और सिक्किम में हैं स्थित

● इन निर्माणों में पुल हेलीपैड और सड़कें हैं शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख, जम्मू कश्मीर, अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम में 2,180 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पुल, सड़क और हेलीपैड सहित बुनियादी ढांचे की 75 परियोजनाएं शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी (डीएस-डीबीओ) मार्ग पर आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

यह मार्ग पूर्वी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी की सुदूर उत्तरी चौकी से संपर्क मुहैया करेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान, 14,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित डीएस-डीबीओ रोड पर 120 मीटर लंबी क्लास-70 श्योक सेतु का उद्घाटन किया गया। मंत्रालय ने कहा कि यह सेतु सामरिक महत्व का है क्योंकि यह सशस्त्र बलों के साजो-सामान के आवागमन को सुगम बनाएगा। सिंह ने जिन अन्य परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया, उनमें पूर्वी लद्दाख के हानले और ठाकुंग स्थित हेलीपैड हैं। ये हेलीपैड क्षेत्र में वायुसेना की अभियानगत क्षमताओं को बढ़ाएंगे। शेष परियोजनाओं का भी सिंह ने डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

कुल 75 परियोजनाओं में 45 सेतु, 27 सड़कें, दो हेलीपैड और एक कार्बन न्यूट्रल हेबीटैट है तथा वे छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। जम्मू कश्मीर में 20, लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश में 18-18, उत्तराखंड में पांच और सीमावर्ती राज्यों सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा (शेष पेज 8)

# मुंबई हमले के षड्यंत्रकारी अब भी सुरक्षित: जयशंकर

● उन्हें सजा नहीं मिली आतंकियों पर प्रतिबंध के लिए यूएनएससी में लाए गए प्रस्तावों में चीन ने अटकाया रोड़ा

**भाषा।** मुंबई



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारी अब भी सुरक्षित हैं और उन्हें सजा नहीं दी गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के परिणाम को अन्यों की तुलना में कहीं बेहतर समझता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि जब कुछ आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने की बात आती है तो कुछ मामलों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) राजनीतिक कारणों से, खेदजनक रूप से कार्वाई करने में असमर्थ रही। उन्होंने चीन का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए यह कहा, जिसने कई मौकों पर पाकिस्तानी आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए यूएनएससी में लाए गए प्रस्तावों में रोड़ा अटकाया है।

जयशंकर ने कहा कि चूंकि आतंकी संगठनों को अपने संचालन एवं गतिविधियों के लिए धन और संसाधनों की जरूरत होती है, ऐसे में आतंकवाद के वित्त पोषण पर रोक लगाना इस बुराई से निपटने का एक अहम पहलू है। उन्होंने कहा, आतंकवाद ने विश्व के कई क्षेत्रों को प्रभावित किया है लेकिन भारत इसके परिणाम को अन्यों की तुलना में कहीं बेहतर समझता है। उन्होंने कहा, दशकों से (शेष पेज 8)

# सोशल मीडिया यूजर्स की शिकायतों के लिए बनेंगी समितियां

**नई दिल्ली।** फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया इंटरमीडिएरीज पर सरकार सख्त हो गई है। इसके तहत सरकार अब और कड़े कदम उटाने जा रही है और इसीक्रम में शुक्रवार देर शाम अधिसूचना भी जारी की गई। अधिसूचना के मुताबिक अगले 90 दिनों में अपीलीय समिति का गठन कर दिया जाएगा। इंटरमीडिएयरीज के शिकायत अधिकारी के फैसले से असंतुष्ट कोई भी भी व्यक्ति 30 दिनों के भीतर शिकायत अपीलीय समिति में अपील कर सकेंगे। अपीलीय समिति आनलाइन विवाद समाधान तंत्र अपनाएगी और सुनवाई की पूरी प्रक्रिया डिजिटल मोड में संचालित की जाएगी। सोशल मीडिया के संशोधित आचार संहिता नियम के मुताबिक इंटरमीडिएरीज के शिकायत अधिकारी को शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर शिकायत की पावती देनी होगी और शिकायत प्राप्त होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर शिकायत का निवारण करना होगा। लेकिन गंभीर प्रकार की शिकायत का निपटान 72 (शेष पेज 8)

# जी-20 शिखर बैठक के दौरान मिलेंगे पीएम मोदी और सुनक

● अगले महीने इंडोनेशिया के बाली में होगा शिखर सम्मेलन का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**ब्रिटेन** के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने इंडोनेशिया के बाली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर व्यक्तिगत रूप से भी मिलेंगे। पीएम मोदी ने एक दिन पहले ही सुनक से टेलीफोन पर बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया।

यह समझौता दिवाली तक होने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ बाधाओं के चलते इसमें देरी हुई। एफटीए का मुद्दा शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और ब्रिटेन के उनके समकक्ष जेम्स क्लीवरली के बीच होने वाली बैठक में उठ सकता है। क्लीवरली मुम्बई आए हुए हैं और शनिवार को दिल्ली पहुंचेंगे। दोनों मंत्री ब्रिटेन और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिवाली के मौके पर एफटीए समझौता होने में डेटा स्थानीयकरण और यूके की कंपनियों को भारत सरकार के अनुबंधों के लिए बोली लगाने की अनुमति देने जैसे मुद्दे अड़चन बने हैं।

दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन बातचीत के बाद 10-डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर ऋषि सुनक को 1.6 अरब भारतीयों की ओर से शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रिटेन और भारत के बीच ऐतिहासिक (शेष पेज 8)

# ट्विटर के नए बॉस मस्क ने सीईओ पराग अग्रवाल व अन्य को हटाया

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**उद्योगपति** एलन मस्क ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं और उन्होंने इस सोशल मीडिया कंपनी की कमान संभालते ही चार शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों को हटा दिया है, जिनमें भारतीय मूल के सीईओ (मुख्य कार्यकारी) पराग अग्रवाल और कानूनी मामलों के कार्यकारी अधिकारी विजय गड्डे भी शामिल हैं। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि मस्क ने बृहस्पतिवार को ट्विटर को खरीदने के 44 अरब अमेरिकी डॉलर के करार को अमलीजामा पहना दिया। खबर में इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से कहा गया है कि मस्क ने कम से कम चार शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों को हटाने के साथ ही ट्विटर से अधिकारियों की छुट्टी का सिलसिला शुरू कर दिया है। खबर के मुताबिक, ट्विटर के जिन कार्यकारी अधिकारियों को हटाया गया है, उनमें अग्रवाल और (शेष पेज 8)

# राजधानी में ऑटो और टैक्सी का किराया बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरकार ने सीएनजी-पेट्रोल के दामों में वृद्धि का हवाला देकर किराया निर्धारण समिति की रिपोर्ट को दी मंजूरी

**राजधानी** दिल्ली में ऑटो-टैक्सी का किराया बढ़ा दिया गया है। सीएनजी और पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि का हवाला देते हुए अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुक्रवार को किराया निर्धारण समिति की रिपोर्ट को मंजूरी देकर न्यूनतम किराया बढ़ाने का फैसला किया।

संशोधित किराए के अनुसार ऑटो-रिक्शा का शुरुआती 1.5 किलोमीटर के लिए मीटर डाउन चार्ज (न्यूनतम किराया) 25 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया है, जबकि मीटर डाउन के बाद प्रति किलोमीटर चार्ज 9.50 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये किया गया है। टैक्सियों के लिए मीटर डाउन के बाद प्रति किलोमीटर चार्ज नॉन एसी वाहनों के लिए 14 रुपये से बढ़ाकर 17 रुपये और एसी वाहनों के लिए 16 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया है। अतिरिक्त सामान शुल्क में भी 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कि 7.5 रुपये से बढ़कर 10 रुपये हो गए हैं। रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक लगने वाले रात्रि शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसी प्रकार प्रतीक्षा शुल्क भी वही 0.75 रुपये रहेगा।

राष्ट्रीय राजधानी में शुरुआती एक किलोमीटर के लिए नॉन एसी और एसी टैक्सी का किराया भी 25 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये कर दिया गया है। नॉन एसी टैक्सी में सफर करने वाले व्यक्ति को पहले किलोमीटर के बाद 17 रुपये प्रति किमी का भुगतान करना पड़ेगा, जिसमें तीन रुपये की वृद्धि हुई है। एसी टैक्सी में यात्रा करने वालों (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,959 | ↑ 203 | |
| निफ्टी | 17,786 | ↑ 49 | |
| सोना | 50,889 | ↓ 105 | /10g |
| चांदी | 58,336 | ↑ 21 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मथुरा: मीना मस्जिद मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**मथुरा (उप्र.)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद के बीच पास ही स्थित मीना मस्जिद मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, परंतु प्रतिवादी पक्ष के हाजिर न होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। वही, जिला न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई वाले एक अन्य मामले में अब सुनवाई 10 नवंबर को होगी। वादी ठा. केशवदेव विराजमान एवं अपनी ओर से भी दावा दायर करने वाले अखिल भारत हिन्दू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता देवकीनन्दन शर्मा ने बताया कि आज सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) के यहां मीना मस्जिद का अमीन से सर्वे कराकर रिपोर्ट अदालत में पेश किए जाने एवं मस्जिद में कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने के संबंध में सुनवाई की जानी थी।

# जीएम सरसों खतरनाक, इसे बोने की अनुमति न दे केंद्र: एसजेएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● स्वदेशी जागरण मंच का आरोप, गैर जिम्मेदाराना तरीके से काम कर रही है जीईएसी

**स्वदेशी** जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को एक नियामक निकाय की उस सिफारिश का विरोध किया जिसमें आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) सरसों को पर्यावरणीय परीक्षण के लिए जारी करने के लिए कहा गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े इस संगठन ने इस कदम को खतरनाक करार देते हुए केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि इस फसल के बीज को कभी भी बोने की अनुमति नहीं दी जाए।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखे पत्र में एसजेएम ने आरोप लगाया कि जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल समिति (जीईएसी) गैर-जिम्मेददाराना तरीके से काम कर रही है। एसजेएम ने कहा कि जीएम सरसों के समर्थन में किए गए दावे पूरी तरह असत्य, अप्रमाणित और गलत तरीके से पेश किए गए हैं।

स्वदेशी जागरण मंच के सह-समन्वयक अश्वनी महाजन ने पत्र में कहा, एसजेएम इस खतरनाक और अवांछित जीएम सरसों को पिछले रास्ते से लाने का हमेशा विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा अपनी चिंताएं जाहिर करने के बाद जीएम सरसों के लिए नियामकीय मंजूरी को पर्यावरण मंत्रालय ने रोक दिया था, ताकि इसकी समीक्षा की जा सके। महाजन ने आरोप लगाया कि जीईएसी ने जैसा कि पूर्वानुमान (शेष पेज 8)

# आजम खां की विधानसभा की सदस्यता हुई रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** विधायक मोहम्मद आजम खां की विधानसभा की सदस्यता रद्द हो गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा के वरिष्ठ नेता और रामपुर विधायक मोहम्मद आजम खां यूपी विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया है। 2019 के हेट स्पीच मामले में आजम खां को बीते बृहस्पतिवार को 3 साल जेल की सजा और 6 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। मामला जमानती होने के कारण अदालत ने फैसला सुनाने के बाद खान को जमानत दे दी थी और फैसले के खिलाफ उच्च अदालतों में अपील करने के लिए वक्त भी दिया है। अदालत के इस फैसले के कारण आजम खां की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर गई है। विधानसभा सचिवालय की (शेष पेज 8)

# स्वतंत्रत विदेश नीति के लिए पुतिन ने मोदी को सराहा

● भारत के साथ रिश्तों को खास बताया

**भाषा।** मॉस्को



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि उनके देश के भारत के साथ रिश्ते खास हैं और दोनों राष्ट्रों ने सदैव एक-दूसरे का समर्थन किया है व भविष्य में भी यह जारी रहेगा। उन्होंने राष्ट्र हित में स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की है।

पुतिन ने यह टिप्पणी मॉस्को स्थित थिंक टैंक वालदाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के बृहस्पतिवार को आयोजित पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि रूस और भारत सैन्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग करना जारी रखेंगे। सरकारी मीडिया आरटी ने पुतिन के हवाले से कहा, हमारे भारत के साथ विशेष संबंध हैं जो दशकों की करीबी साझेदारी के आधार पर टिके हुई हैं। हमारा भारत के साथ कोई लंबित मुद्दा नहीं रहा है और हमने सदैव एक दूसरे का समर्थन किया है। मैं भविष्य में भी इस संबंध के ऐसे ही रहने को लेकर सकारात्मक हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर महीने में उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से हुई द्विपक्षीय मुलाकात में कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है। उक्त टिप्पणी के करीब एक महीने के बाद पुतिन की यह टिप्पणी आई है। उल्लेखनीय है कि भारत ने यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई की अब तक निंदा नहीं की है और उसका रुख रहा है कि संकट का समाधान संवाद से होना चाहिए। पुतिन ने कहा, प्रधानंत्री मोदी दुनिया के उन व्यक्तियों में से हैं जो अपने देश और लोगों के हित में स्वतंत्र विदेश नीति पर काम कर रहे हैं, कोई उन्हें रोकने की कोशिश नहीं कर रहा। उल्लेखनीय है कि रूस भारत के लिए सैन्य साजो सामान का महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है।

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की पांच इकाई खरीदने का समझौता पांच अरब डॉलर में किया था। भारत ने यह समझौता अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाने की चेतावनी के बावजूद किया था। पुतिन ने कहा कि भारत ने ब्रिटिश उपनिवेश से लेकर आधुनिक राज्य तक विकास की महान यात्रा तय की है और वह अपनी करीब 1.50 अरब आबादी के लिए उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त कर रहा है। भारत में रूसी दूतावास द्वारा अनुवादित बयान के अनुसार पुतिन ने कहा, भारत पूरी दुनिया में सम्मान प्राप्त करता है। हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहुत कुछ किया (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022



# हिंडन के घाट गंदगी से लबालब, कैसे होगी छठ पूजा

## अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ आस्था का महापर्व, सफाई नहीं होने से पूर्वांचल समाज नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में अव्यवस्थाओं के बीच सूर्य की उपासना का सबसे बड़ा महापर्व शुक्रवार को प्रारंभ हो गया है। महानगर पालिका ने छठ घाटों को लेकर जो दावें किए थे वो सिर्फ कागजी साबित हुए। हिंडन छठ घाट गंदगी से लबालब भरे हुए है।

इस कारण नदी में साफ जल न मिलने से व्रतियों को अर्घ्य देने में मुश्किल हो सकती है।

जिले में बड़ी संख्या में पूर्वांचली लोग रहते हैं, जो हर साल बड़ी संख्या में छठ व्रत करते हैं। इसके लिए शहर में करीब 70 से अधिक स्थानों पर छठ घाट बनाए जाते हैं। इसमें हिंडन नदी का घाट सबसे प्रमुख होता है। लेकिन, इस बार हिंडन नदी के घाटों की समय से सफाई नहीं होने से घाट गंदगी से लबालब है, यहां तक की नदी के अंदर भी गंदगी का आलम है। व्रतियों के परिजनों ने पूजन वेदी बनाने के लिए खुद ही घाटों की सफाई शुरू कर दी है, ताकि वेदी बनाई जा सके। नदी में साफ जल न मिलने से व्रतियों को अर्घ्य देने में मुश्किल हो सकती है। हालांकि हिंडन नदी के अलावा सोसाायिटों से लेकर अस्थाई रूप से घाट बनाए जा रहे हैं, लेकिन सफाई न होने से व्रती व पूर्वांचल समाज के लोग आक्रोषित हैं। सूर्य की उपासना का सबसे बड़ा महापर्व प्रारंभ हो गया है। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व का समापन 31 अक्टूबर को होगा। दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर इसका समापन किया जाएगा। छठ सूर्य उपासना और छठी माता की उपासना का पर्व है। हिन्दू आस्था का यह एक ऐसा पर्व है, जिसमें मूर्ति पूजा शामिल नहीं है। इस पूजा में छठी मईया के लिए व्रत किया जाता है। यह व्रत कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ व्रतियों ने सूर्य की उपासना के इस महापर्व का शुभारंभ किया।

व्रती संतान की प्राप्ति, सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और आरोग्य की कामना के लिए साक्षात सूर्य देव और छठी मैया की आराधना करती हैं। पहले दिन व्रतियों ने छठ व्रत का संकल्प लेकर सात्विक भोजन का भोग छठी मैया को अर्पण कर भोजन ग्रहण किया। छठ पूजा करने वाले व्रती लकड़ी के चूल्हे पर ही भोजन बनाते हैं। इसमें आम की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है, जिसपर भोजन बनाकर उसका भोग सूर्य देव को लगाया जाता है। व्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद बाकी परिवार के सदस्य को इसे परोसा जाता है। यह महापर्व बिहार और झारखंड में पूरे उत्साह से मनाया जाता है, लेकिन जहां-जहां पूर्वांचली लोग बसे हुए हैं वहां भी छठपर्व की धूम अलग ही देखने को मिलती है।

गाजियाबाद में हजारों की संख्या में पूर्वांचली लोग निवास करते हैं, जो अपने पैतृक आवास न जाने के कारण यहीं पर पूरे धूमधाम से पर्व को मनाते हैं। छठ पूजा को सूर्य की उपासना के साथ ही प्रकृति प्रेम और प्रकृति पूजा का बड़ा उदाहरण भी माना जाता है। छठ व्रतियों ने स्नान कर शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरूआत की। दिन भर उपवास के बाद व्रती शाम को चूल्हे पर गुड़ एवं चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाते हैं। शनिवार को खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा।

# अड़चन दूर, गाजियाबाद में जल्द बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

- प्रस्तावित जमीन के ऊपर से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए उप्र क्रिकेट एसोसिएशन ने हामी भरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में करीब 7 साल से प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की अड़चनें अब दूर होने वाली हैं। स्टेडियम की प्रस्तावित जमीन के ऊपर से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए उप्र क्रिकेट एसोसिएशन ने हामी भर दी है, जिस पर करीब 14 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जनवरी-2023 से स्टेडियम का निर्माण शुरू होगा। 2 साल में ये बनकर तैयार हो जाएगा।

यह स्टेडियम 32.5 एकड़ में से 22 एकड़ जमीन पर बनेगा। बाकी 10.5 एकड़ जमीन पर फाइव स्टार होटल, हॉस्टल बनेगा। फर्स्ट फेज में यहां दर्शकों की क्षमता 45 हजार की होगी। बाद में ये बढ़ाकर 75 हजार तक की जाएगी। स्टेडियम निर्माण पर करीब 400 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह ने ट्वीट करके बताया कि गाजियाबाद के लोगों के लिए अच्छा समाचार। सालों से हम सबका एक सपना था कि यहां एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम हो। तमाम अड़चनों एवं अवरोधों के निवारण के उपरांत अब यह सपना साकार होने वाला है। जनवरी.2023 में इसका निर्माण शुरू होगा और दो साल में पूर्ण होगा। 4 जनवरी 2022 को देवरिया से विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात पर एक ट्वीट किया। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने इसके रिप्लाई में लिखा. गाजियाबाद कब होगा सर, मेक सेंस, इस पर शलभमणि ने जवाब दिया. आपने कहा है तो पुरजोर प्रयास होगा, आप यूपी के गौरव हैं सुरेश रैना जी, बेस्ट विसेज। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर साल.2015 में काम करना शुरू किया। गाजियाबाद के राज नगर एक्सटेंशन इलाके में इसके लिए 32.5 एकड़ जमीन तलाश ली गई। 28 जुलाई 2019 को लखनऊ की इन्वेस्टर समिट में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसका भूमि पूजन भी कर दिया। हालांकि बाद में बिजली लाइन की समस्या आ गई। प्रस्तावित स्टेडियम की जमीन के ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है। इसकी शिफ्टिंग पर 14 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। यूपी पॉवर कॉरपोरेशन चाहता है कि ये पैसा खर्च करे। अब जाकर इस पर अपनी सहमति दी है।

# दूसरे दिन भी गाजियाबाद रहा देश का सबसे प्रदूषित शहर

- लोनी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 410 अंक के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



दिल्ली-एनसीआर में गाजियाबाद देश में दूसरे दिन शुक्रवार को भी सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा।

शुक्रवार सुबह गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआइ 371 दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार को गाजियाबाद का एक्यूआइ 373 दर्ज किया गया था। जिले में लोनी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। यहां का एक्यूआइ 410 दर्ज किया गया है। वहीं प्रदूषण बढ़ने से लोगों की आंखों में जलन होने लगी है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बता दें कि बृहस्पतिवार से हवा नहीं चल रही है। इससे जिले का प्रदूषण आगे नहीं जा पा रहा है। दिवाली प्रदूषण का बड़ा कारण रहा लेकिन जगह.जगह कूड़ा और पराली जलाने के कारण भी गाजियाबाद में प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ा है।

बता दें कि शहर हर रोज कूड़ा जलानें के मामले सामने आते हैं। एक तरफ अवैध डलाव घर है तो कहीं कूड़ा अधिक होने के कारण उनमें आग लगा दी जाती है।

इस कारण आस.पास के लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ता है और शहर में भी प्रदुषण का स्तर भी बढ़ता है। हालांकि, इस तरह पराली जलानें और कूड़े में आग लगाने पर जुर्माना लगाया गया है, लेकिन लोगों द्वारा की जा रही लापरवाही का परिणाम यह हुआ कि पूरा शहर देश का सबसे प्रदूषित शहरों मे से एक बन चुका है। वहीं दिल्ली एनसीआर से सटे हरियाणा और पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जालाई जाने के कारण आने वाले समय में बढ़ती ठंड में प्रदूषण के बढ़ने कि संभावनाएं और अधिक हो जाएगी।

# मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे हेड कांस्टेबल समेत 3 घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल टकराने को लेकर हो रही मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में तीन युवकों को हिरासत में भी लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (तृतीय जोन) अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के रहने वाले अमित शर्मा दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है कि वह अपनी कार से देशराज नामक व्यक्ति के साथ दिल्ली जा रहे थे तभी अच्छेजा बुजुर्ग गांव के पास कुछ लोग रामपुर बांगर गांव के निवासी लाला को मोटरसाइकिल टकराने के कारण रोक कर पीट रहे थे।

शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने लाला को छोड़ने के लिए कहा तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार, इस घटना में हेड कांस्टेबल सहित तीन लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है।

## संक्षिप्त समाचार




एमिटी यूनिवर्सिटी सेक्टर-125 पर नो पार्किंग में खड़े एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों का चालन कर टोइंग करतीं यातायात पुलिस।

### 19 को होगा ब्राह्मण परिचय सम्मेलन

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा 19 व 20 नवंबर को 24वां विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। एक प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए मुख्य सरंक्षक जेके गौड़ व जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए 10 नवंबर तक पंजीकरण किए जाएंगे। 19 नवंबर को सम्मेलन का उद्घाटन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा, पूर्व जज जीके शर्मा, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा द्वारा किया जाएगा। परिचय के उपरांत कोई जोड़ा विवाह करना चाहेगा तो समिति द्वारा उसकी व्यवस्था की जाएगी। प्रेसवार्ता में अशोक शर्मा, सुभाष शर्मा, आदेश शर्मा, जेपी शर्मा, संदीप शर्मा, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आईएएस अजय शंकर ने साझा किए अनुभव

**गाजियाबाद।** शहर में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने के लिए आरडब्ल्यू की पहल पर आज मनन धाम स्थित शहीद स्मारक पार्क पर विभिन्न संगठनों की मंथन बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिले के समग्र विकास को लेकर विचार रखे गए। इस बैठक में जिले के पूर्व डीएम वरिष्ठ आईएएस अजय शंकर पाण्डेय ने शिरकत करते हुए अपने प्रशासनिक अनुभव साझा किए। वरिष्ठ आईएएस अजय शंकर पाण्डेय ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गाजियाबाद के ऐसे सक्रिय संगठनों की एक समन्वय समिति बनाई जाए जो शहर के विकास से लेकर सौहार्द पूर्ण माहौल को कायम रखने में सहयोग कर सके।

### दो दिवसीय दलहन उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-125 एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी कृषि प्रसार सेवा केन्द्र नोएडा द्वारा भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान आईसीएआर कानपुर के सहयोग से मानव स्वास्थ्य एवं समृद्धि हेतु प्राकृतिक खेती के अंतर्गत मूंग और उर्द फसलों पर दो दिवसीय दलहन उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम चीती और बीरमपुर ब्लाक जेवर गौतम बुद्ध नगर में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 पुरुषों और महिला किसानों ने भाग लिया। एमिटी कृषि प्रसार सेवा केन्द्र की प्रभारी डा नीतू सिंह ने किसानों को परंपरागत खेती पर विशेष बल देते हुए दलहनी फसलों के महत्व के बारे में बताया। इसके साथ ही मृदाजनित रोगों के जैव प्रबंधन हेतु ट्राइकोडर्मा बनाने एवं उपयोग करने की विधि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### लोकदल में मिलता है महिलाओं को सम्मान: जयंत

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर नेत्री रेखा चौधरी को महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय सचिव सुखबीर सिंह गठीनाए क्षेत्रीय संगठन मंत्री भोपाल सिंह गुर्जर और मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह भाटी ने डॉ. रेखा चौधरी को मनोनयन पत्र सौंपकर महानगर अध्यक्ष बनाए जाने की विधिवत घोषणा की। रालोद नेताओं ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रालोद ही ऐसी पार्टी है जहां महिलाओं को मान और सम्मान दिया जाता है सुखबीर सिंह गठीना ने कहा कि रालोद हमेशा से ही किसानों, युवाओं, महिलाओं, छोटे कारोबारियों, मजदूरों की शुभचिंतक पार्टी रही है। पार्टी ने हमेशा ही अग्रिम पंक्ति में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है।

# पार्किंग विवाद: हत्या का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद





जिले में सड़क किनारे एक भोजनालय के पास कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में टीला मोड़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि टीला मोड़ पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात सोशल मीडिया पर प्रसारित सीसीटीवी फुटेज और वीडियो क्लिपिंग के आधार पर राजपुर गांव के चिरंजीवी शर्मा उर्फ कालू पंडित को गिरफ्तार किया है। कालू पंडित को लोनी रोड के करण गेट क्षेत्र के चौराहे से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी के बाद पंडित ने पूछताछ में 25 अक्टूबर की रात को वरुण की हत्या में शामिल अपने साथियों के नाम बताए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मुनिराज जी ने पत्रकारों से कहा कि जब घटना के बाद हमलावरों द्वारा भागने के लिए इस्तेमाल की गई कार को बरामद करने के लिए पुलिस फारुख नगर में हिंडन नदी पुल के पार पहुंची तो आरोपी पंडित ने उपनिरीक्षक सुभाष की सर्विस रिवाल्वर छीन ली और पुलिस से बच निकलने के लिए गोलीबारी शुरू कर दी।

एसएसपी ने बताया कि आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे पंडित के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर 25 अक्टूबर की रात की घटना की एक वीडियो क्लिपिंग प्रसारित होने के बाद पंडित और उसके साथियों की पहचान कर ली गई है।

अधिकारियों ने बताया कि पास के अस्पताल से सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं और पुलिस की टीमों ने पंडित के साथियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पंडित के खिलाफ पहले भी आपराधिक गतिविधियों को लेकर कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। एसएसपी ने कहा कि अपराध में प्रयुक्त कार, उप निरीक्षक की सर्विस रिवाल्वर और इस्तेमाल किया हुआ एक कारतूस बरामद कर लिया गया है।

# लिफ्ट में 30 मिनट फंसे दो बच्चे सोसाइटी के लोगों में आक्रोश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रांड सोसाइटी में एक बार फिर दो लिफ्ट फंस गईं।

एक लिफ्ट 21वें फ्लोर से सीधे ग्राउंड फ्लोर पर जाकर झटके से रुकी तो दूसरी लिफ्ट नीचे से ऊपर जाते वक्त 13वें फ्लोर पर ही अटक गई। दोनों लिफ्ट में दो बच्चे करीब आधा घंटा तक फंसे रहे। मैनुअल तरीके से लिफ्ट चालू करके उन्हें निकाला गया। सोसाइटी में लिफ्ट की दिक्कतें लगातार बढ़ने से रेजिडेंट्स में आक्रोश है। एडवरटाइजिंग एजेंसी चलाने वाले ब्रजेश सक्सेना सोसाइटी के सी-16 टॉवर स्थित फ्लैट नंबर-2101 में रहते हैं। ब्रजेश की 12 वर्षीय बेटी अन्या ट्यूशन पढ़ने के लिए दूसरे टॉवर में जा रही थी। इस दौरान वो 21वें फ्लोर से स्टिल फ्लोर पर आने के लिए लिफ्ट में सवार हुई। बच्ची ने बताया, लिफ्ट का बटन काम नहीं कर रहा था। अचानक लिफ्ट चल पड़ी। उसने बटन प्रेस करने की कोशिश की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। चंद सेकेंड बाद लिफ्ट बीच में ही कहीं रुक गई।

# जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण पर शुक्रवार को जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित रनहेरा गांव के ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विस्थापन के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए उन्हें किसी अन्य जगह पर विस्थापित करने की मांग को लेकर धरना दिया।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए फेज टू का कार्य चल रहा है। जिसके तहत दूसरे फेज में गांव की जमीन को अधिकृत किया जा रहा है। रनहेरा गांव की भूमि भी अधिकृत होनी है। शुक्रवार को रनहेरा गांव के लोग इकट्ठा होकर यमुना प्राधिकरण पहुंचे और उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया।

# राष्ट्रपति के आगमन से पहले प्रशासनिक अमला सख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में इंडिया वाटर वीक का आयोजित होने जा रहा है। एक से पांच नवंबर तक कार्यक्रम चलेगा। राष्ट्रपति के तौर पर पहली बार द्रोपदी मुर्मु ग्रेटर नोएडा आएंगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री के आने की संभावना है।

इसको लेकर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे एवं जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने बैठक के साथ मुख्य सचिव ऑनलाइन जुड़े। इस मौके पर अधिकारियों ने एक्सपो मार्ट की सभागार का जाएजा लिया और संबंधित अधिकारियों को प्रोटोकॉल के तहत काम पूरा करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उनके पास निर्गत करने की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था में लगे हुए अधिकारी अपनी सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। अिधकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते सभी के द्वारा अपने अपने कार्य पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोयल एजेन्सीज लिमिटेड, अश्वनी गोयल, लोकेश गोयल, राजिन्दर परशाद, रेखा रानी गोयल, सरवन कुमार, बीना रानी, फेयरडील एजेन्सीज नेहरू गार्डन रोड, जालंधर, पंजाब, खाता नंबर- LBJAL00002372406 | फ्लैट नंबर 03, जीएफ और एफएफ (ड्यूपलेक्स), ब्लॉक 16, दि क्लोज-नॉर्थ, निर्वाणा कंट्री, गुरूग्राम, हरियाणा | 20-09-2022 रू. 54,93,370/ | 06-06-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 अक्टूबर, 2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शालोमकुमार नवलकिशोर राजवाडी/ योगिताबेन शालोमकुमार राजवाडी/ एलबीबीआरएच00005319662 - सी 3/07 गार्डन सिटी, जिताली अंकलेश्वर, गुजरात अंकलेश्वर-393001 | प्लॉट/ब्लॉक नंबर सी 3/07 (स्वीकृत योजना- डी-23) प्रथम तल, "गार्डन सिटी", बीएच जीआईडीसी 500 क्वार्टर वालिया रोड, अंकलेश्वर, वालिया रोड मोजे-जिताली, आरएस नंबर 371, न्यू ब्लॉक सर्वे नंबर 462, अंकलेश्वर-393003 | 04-10-2022 रू. 57,17,313/- | 08-06-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्ज़ा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है', 'जैसी है जो भी है' तथा जो भी है' वहां है' के आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी

| क्र. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी (कर्जदार), श्रीमती डिंपल कुशवाह (सह-कर्जदार) QZNOD00005016405 | संपत्ति संख्या सी-8ए, बिना छत के अधिकार के साथ दूसरी मंज़िल पर पीछे की ओर, ब्लॉक-सी, खसरा नंबर 333, ग्राम बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली- 110059 क्षेत्र: 360 वर्ग फीट.. | रु. 18,84,211/- (अक्टूबर 12, 2022 तक) | रु. 14,58,000/- / रु. 1,45,800/- | नवंबर 07, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | नवंबर 21, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (**URL Link - https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/सूचना प्रेषितकर्ताओं को **19 नवंबर, 2022 को शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को एक सील-बंद लिफाफा जिस पर संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव लिखा हो, में बयाना राशि (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** या हमारे मार्केटिंग एजेंट **मेसर्स नेक्सक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 203, दूसरी मंज़िल, श्री श्याम पैलेस, रेलवे रोड, सेक्टर 4 और 5 क्रॉसिंग, गुरुग्राम, हरियाणा 122006 में 19 नवंबर, 2022 तक शाम 5 बजे** से पूर्व जमा करना अनिवार्य है। नीलामी के उचित संचालन के लिए मार्केटिंग एजेंसी को भी नीलामीकर्ता के रूप में ज़िम्मेदारी दी गई है। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत / शैड्युल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम और शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संबंध में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/7304914763** पर संपर्क करें।

वे निविदाएं जिन्हें बैंक/ई-नीलामी विक्रेता अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाता है और पूरी जानकारी के साथ समय से पहले कट-ऑफ पंजीकृत किया जाता है, नीलामी के लिए वे ही मान्य होंगे।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : अक्टूबर 29, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

मूल शेयर सर्टिफिकेट सिन्धु ट्रेड लिंक्स लिमिटेड का 8000 शेयर जो कि सन्तोष दुबे के नाम पर है जिसका फोलिओ नं. 003555, सर्टिफिकेट नं. 61654, डिसटिनक्टिव नं. 46229187-46237186 कही खो गया है जिस व्यक्ति को मिले कृपया 9868203824 न. पर सुचित करें।

**PUBLIC NOTICE**

**Public Notice,** LR no 923579/2022 I Priti Rani misplace my original demand letter no 108071, my File no L/353(3400)2015/ DDA14/ RO, my flat no 22G, Block C7, Pocket 4 Rohini Sector 34, Delhi.

**खाली करने हेतु सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110055

**सूचना**

एतद्द्वारा आवेदकों/गारंटरों/बंधकदाताओं मैसर्स फ्रेन्च अरेबियन एरोमा, नीता बेदी, सुबीर बेदी, मैसर्स इटोशा पैन को सूचना दी जाती है कि प्लॉट नंबर 40, सेक्टर-53, एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट कोंडली, सोनीपत, हरियाणा में स्थित सम्पत्ति, जिसका कब्जा प्रत्याभूत क्रेडिटर द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत 30 सितम्बर, 2022 को प्राप्त किया जा चुका है, में रखी चल वस्तुएं इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन की अवधि के भीतर खाली कर दें (हटा लें)।

कृपया नोट करें कि यदि आप चल वस्तुएं खाली करने (हटाने) में असफल रहेंगे, तो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सम्पत्ति की नीलामी वहां रखी चल वस्तुओं सहित करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए आप जिम्मेदार होंगे तथा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

तिथि : 29 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# छठ पर नहीं बिकेगी शराब, यमुना में झाग पर भी उपराज्यपाल सख्त

- मुख्यमंत्री को घाटों की साफ-सफाई और व्रतियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


यमुना में रसायन का छिड़काव करते दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी।

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने शुक्रवार को अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए छठ महापर्व पर ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित कर दिया है, इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर रविवार को त्योहार से पहले यमुना में जहरीले झाग की समस्या से निपटने के लिए कहा है। एलजी ने केजरीवाल को लिखे अपने पत्र में यमुना में कई स्थानों पर जहरीले झाग को लेकर अपनी चिंता जताई है।

केजरीवाल को लिखे पत्र में सक्सेना ने यमुना में गंभीर प्रदूषण के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अगर इसे समय समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह श्रद्धालुओं के लिए चिंता का कारण बन सकता है। इसलिए इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाना जरूरी है। एलजी ने छठ महापर्व पर ड्राई डे घोषित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शहर की सभी शराब की दुकानें त्योहार के दिन बंद रहें। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली सरकार के रूप में एलजी ने अपने विशेषाधिकारों का प्रयोग करते हुए दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 2 (35) के अनुसार छठ पर्व पर शुष्क दिन घोषित किया है। इसके अलावा एलजी ने छठ घाट के खतरे वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने, दुर्घटना से बचने के लिए गहरे पानी में बाड़बंदी, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती और बचाव नौकाओं जैसे सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने जैसी आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया है।

कुछ घाटों जैसे भलस्वा झील, वजीराबाद-सोनिया विहार, बादली, बवाना औद्योगिक क्षेत्र, मैदान गढ़ी, कालिंदी कुंज और बुद्ध बाजार-उत्तम नगर में छठ पर लगभग 10,000 से 40,000 लोगों के जुटने की उम्मीद है। एलजी ने अपने पत्र में कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए उचित योजना बनाने और सभी जगहों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ पहले ही चर्चा की जा चुकी है। सक्सेना ने कहा कि छठ पूजा उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में लाखों लोगों की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से जुड़े सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। उस दिन, बड़ी संख्या में भक्त दिल्ली भर के तालाबों, नदियों, जलाशयों, झीलों और इसी तरह के जल निकायों में उगते और डूबते सूरज की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे संज्ञान में लाया गया है कि संबंधित विभागों द्वारा इस उद्देश्य के लिए 840 से अधिक साइटों की पहचान की गई है और उन्हें नामित किया गया है।

उन्होंने कहा कि बड़ी सभाओं को देखते हुए, प्रशासन यह सुनिश्चित कराए कि आवश्यक तैयारियों में किसी तरह की कोई कमी न छोड़ी जाए। उपराज्यपाल ने छठ घाटों पर सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त सफाई कर्मियों की तैनाती के साथ ही त्योहार पर सभी तरह की व्यवस्था को चाक चौबंद करने के भी निर्देश दिए।

## तीन ड्राई डे को लेकर भाजपा का हमला

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने एक बार फिर केजरीवाल सरकार को निशाने पर लिया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि नई आबकारी नीति में ड्राई डे 21 से कम कर तीन कर दी गई। हिंदुओं के त्योहार में भी शराब की बिक्री की जा रही है। इससे त्योहार की पवित्रता भंग होती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर छठ पर ड्राई डे घोषित करने की मांग की गई है, जिससे कि पूजा की पवित्रता बनी रहे। नई आबकारी नीति वापस लेने के बावजूद ड्राई डे नहीं बढ़ाए गए।

# प्रदूषित यमुना पर आप-भाजपा में घमासान तेज

- भाजपा नेताओं ने रसायन छिड़काव पर किया हंगामा
- आप ने छठ तैयारी में बाधा डालने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


आइटीओ स्थित छठ घाट का निरीक्षण करते मंत्री कैलाश गहलोत।

राजधानी में छठ महापर्व की तैयारी जहां तेजी जोरो पर है वहीं इसको लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जुबानी जंग भी चल रही है। अब ताजा मामला यमुना नदी में सफेद झागों को कम करने के लिए केमिकल छिड़काव को लेकर है। दिल्ली जल बोर्ड यमुना नदी के पानी में केमिकल छिड़काव कर रहा है जिसका वीडिया सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा कालिंदी कुंज पहुंचे और अधिकारियों को छिड़काव करने से रोका। वहीं आम आदमी पाटी ने दावा किया है कि प्रवेश सरकारी काम कर रहे अधिकारियों को धमकाकर छठ की तैयारियों में बाधा डाल रहे हैं।

दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में भी जल बोर्ड की एक टीम नदी में केमिकल का छिड़काव करते नजर आई। वीडियो में दिख रहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के कुछ कर्मचारी नाव में बैठकर मशीन से यमुना नदी की सतह पर केमिकल का छिड़काव कर रहे हैं। केमिकल और जहरीले झाग का संपर्क होते ही झाग कुछ ही सेकेंड में खत्म हो जा रहे है। सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल छठ पूजा के लिए यमुना में से झागों को मिटाने के लिए जहरीले केमिकल का अपने अधिकारियों को भेजकर छिड़काव करवा रहा है अगर हमारी पूर्वांचल समाज की माताओं बहनों के साथ इस जहरीले पानी में पूजा करने से कोई अनहोनी हो गयी तो कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब अधिकारी से कमिकल सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र मांगा तो वह दिखा नही पाया। हालांकि इस दौरान प्रवेश वर्मा पर बदजुबानी के आरोप भी लगे है। वह अधिकारी के सिर पर कमिकल डालने और यमुना में डूबकी लगाकर दिखाने की चेतावनी भी दे रहे है आप ने शुक्रवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ आपत्तिजनक आचरण के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की और आरोप लगाया कि पार्टी छठ पूजा की तैयारियों में बाधा डाल रही है।



इससे पहले एक वीडियो सामने आया जिसमें भाजपा नेता यमुना नदी में झाग समाप्त करने के लिए कुछ रसायनों का उपयोग करने पर जल बोर्ड के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दिख रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली सरकार छठ पूजा की तैयारी कर रही है और भाजपा के नेता काम रोक रहे हैं, बदतमीजी कर रहे हैं। भाजपा चाहती है कि पूर्वांचली भाइयों को परेशानी हो और त्योहार खराब हो। भारद्वाज दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। वीडियो में वर्मा अधिकारी से यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, आठ साल में याद आया कि ये एप्रूव्ड है। यहां लोगों को मार रहे हो तुम, आठ साल में तुम इसे साफ नहीं कर पाए। इसमें डुबकी लगाओ।

## गहलोत ने किया घाटों का निरीक्षण

नई दिल्ली दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को आईटीओ के पास यमुना किनारे हाथी घाट पर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। गहलोत ने बाकी बचे काम को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया और सफाई, प्रकाश, जलापूर्ति की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। गहलोत ने समीक्षा के बाद पत्रकारों से कहा, मैंने छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी व्यवस्था की जा रही है। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण से लेकर दिल्ली जलबोर्ड, लोकनिर्माण विभाग तक सभी सरकारी एजेंसियां और विभाग समन्वित होकर काम कर रहे हैं, ताकि बेहतरीन व्यवस्था की जा सके।

# नोटों पर लक्ष्मी-गणेश के चित्र के लिए मुख्यमंत्री ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

- केजरीवाल का दावा, देवी-देवताओं के चित्र लगाने से सुधरेगी अर्थव्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर करेंसी नोटों पर भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी के चित्र छापने की मांग की है। केजरीवाल की इस मांग ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत खराब होने का दावा करते हुए बुधवार को कहा था कि देश को अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हमारे देवी और देवताओं के आशीर्वाद के साथ ही काफी प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने बृहस्पतिवार को पत्र लिखकर कहा कि यह 130 करोड़ भारतीयों की इच्छा है कि करेंसी नोटों पर एक तरफ महात्मा गांधी और दूसरी तरफ भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी के चित्र प्रकाशित होने चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया, इस मुद्दे पर जबरदस्त समर्थन मिला है। लोगों के बीच भारी उत्साह है और हर कोई तुरंत इसे लागू करवाना चाहता है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने पत्र में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत बुरे दौर से गुजर रही है और आजादी के 75 साल बाद भी वह विकासशील देशों की सूची में है। केजरीवाल ने कहा कि एक ओर जहां सभी देशवासियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है तो वहीं हमें देवताओं का आशीर्वाद भी चाहिए ताकि हमारे प्रयासों का फल मिल सकें। उन्होंने कहा कि सही नीति, कड़ी मेहनत और देवताओं के आशीर्वाद से ही देश आगे बढ़ेगा।

केजरीवाल की इस मांग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उसने इसे गुजरात और हिमाचल प्रदेश में आगामी चुनावों के मद्देनजर आप का घिनौना हिंदू विरोधी चेहरा छिपाने की नाकाम कोशिश बताया है।

## दिल्ली में नहीं बनेंगे नए लैंडफिल : नगर निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा कचरे को डंप करने के लिए 16 नए स्थल विकसित किए जाने संबंधी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दावे को खारिज करते हुए निकाय ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है।

नगर निगम के निदेशक (प्रेस एवं सूचना) अमित कुमार ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा कचरा डंप करने के लिए 16 और स्थल विकसित करने संबंधी सूचना गलत है। कुमार ने कहा कि यह निराधार है। शहर में 16 नए ऐसे स्थल विकसित करने की कोई योजना नहीं है।

नगर निगम ने शहर के कचरा डालने के ऐसे तीन स्थलों से पुराने कचरे में से अब तक 77 लाख मीट्रिक टन को संसाधित किया गया है। इस कचरे ने वर्षों से छोटे पहाड़ का आकार ले लिया था।

# 33 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने मांगी सब्सिडी

- बचे 30 प्रतिशत कनेक्शनधारकों को 31 तक आखिरी मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में बिजली सब्सिडी के लिए अभी करीब 30 प्रतिशत लोगों ने आवेदन नहीं किया है।

अधिकारियों के मुताबिक राजधानी में अब तक कुल 33 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। जबकि करीब 30 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने सब्सिडी के लिए कोई आवेदन नहीं किया है। ऐसे में उन उपभोक्ताओं के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर घोषित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जो लोग सब्सिडी के लिए आवेदन नहीं करेंगे उन्हें अपने गैर-सब्सिडी वाले बिलों का भुगतान करना होगा। वह अगले महीने आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में 58 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से 47 लाख सब्सिडी का लाभ उठाते हैं। 33,14,488 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली सब्सिडी के लिए आवेदन किया है, जबकि शेष 13.85 लाख उपभोक्ताओं ने अभी तक आवेदन नहीं किया है।

## एम्स में दो दिनों में 13 एजेंट पकड़े

**नई दिल्ली।** एम्स में निजी एजेंटों और दलालों की धरपकड़ के लिए चलाए अभियान के क्रम में दो दिनों में कुल 13 निजी एजेंटों और दलालों को पकड़ा गया है।

एम्स के सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 11 ऐसे निजी एजेंटों को एम्स परिसर में अलग-अलग जगह घूमते हुए और मरीजों को निजी लैब में जांच कराने के लिए भेजने का प्रस्ताव देते हुए पकड़ा। वहीं हड्डी रोग विभाग के वार्ड से मरीजों को दवाएं देने से जड़े दो एजेंटों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। एम्स के सुरक्षा अधिकारी रावत ने बताया कि अस्पताल परिसर में ऐसे निजी एजेंटों और दलालों की धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा।

# पर्यावरण मंत्री ने साधा एलजी पर निशाना

**रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


पर्यावरण मंत्री गोपाल राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि उपराज्यपाल रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को समय रहते मंजूरी नहीं देने के लिए बहाने बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर को लेकर उनकी गंभीरता पर सवाल भी उठाए। दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान स्थगित कर रही है क्योंकि अभी इसे उपराज्यपाल की तरफ से मंजूरी नहीं मिली है। इसके साथ ही उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच नए मुद्दे पर बहस शुरू हो गई।

राय ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल प्रदूषण के स्तर से वाकिफ नहीं हैं या फिर वह रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को समय पर मंजूरी नहीं देने के लिए बहाने बना रहे हैं। मैं उनसे अभियान को जल्द से जल्द मंजूरी देने की अपील करता हूं।

## क्या सरकार ने अभियान की गलत तारीख बताई?

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान शुरू करने की तारीख को लेकर सच नहीं बोला। यह दावा उप राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने शुक्रवार को किया। उन्होंने कहा कि यह इसलिए किया गया, ताकि राज्यपाल पर फैसला लेने के लिए दबाव बनाया जा सके।

राय ने कहा कि पहले 31 अक्टूबर से अभियान शुरू करने की योजना थी। उन्होंने कहा, हालांकि बाद में जब दिवाली के पश्चात प्रदूषण बढ़ने का पूर्वामुमान लगाया गया।

## रोडरेज : अलीपुर में कार चालक ने दादी, पोते समेत तीन को कुचला

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में रोडरेज की एक घटना में कार चालक ने दादी और पोते समेत तीन को कुचल दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गली में कार को साइड नहीं मिलने पर चालक ने बाइक चालक से बहसबाजी की। इस पर गली के एक युवक द्वारा मामले में बीच बचाव करने पर कार चालक ने उसे, उसकी दादी और पड़ोसी को कुचल दिया। वारदात के बाद फरार चालक को कार समेत पुलिस ने कुछ ही घंटे में इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अलीपुर के रहने वाले नितिन मान के रूप में हुई है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार रात पौने दस बजे अलीपुर पुलिस को नेहरू एंक्लेव इलाके में रोड रेज में तीन चार लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां न तो शिकायतकर्ता और न ही कोई चश्मदीद गवाह मौजूद था। मौके पर पता चला कि घायलों को इलाज के लिए एसआरएचसी अस्पताल नरेला में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 3298/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 25/10/2022

**ई-निविदा सूचनाः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा टू-बिड सिस्टम (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | शिर्वा पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 164100.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 2 | चकराता | मोठी पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 168000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 3 | चकराता | कुनैन पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 170800.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 4 | चकराता | मलेथा पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 353000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 5 | चकराता | रायगी पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 355100.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 6 | चकराता | जेगियो पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 367500.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 7 | चकराता | कुल्हा पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 174200.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 8 | चकराता | लाखामण्डल पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 180400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 9 | चकराता | समोग पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 168500.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 10 | चकराता | मसक पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 183400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 11 | चकराता | मुगांड पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 258500.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 12 | चकराता | कोटी कनासर पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 164750.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 13 | चकराता | मैलोथ क्वानू पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 255800.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 14 | चकराता | ठारठा कुनावा पुनिंग पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 157100.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 15 | चकराता | लोहारी पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343800.00 | ₹4000 + GST | 09 माह |
| 16 | चकराता | बृनाड बास्तिल पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 424250.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 17 | चकराता | रडू पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 277000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 18 | चकराता | जगथान बुरायला पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 171400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 19 | चकराता | चिल्हाड पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 370530.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 20 | चकराता | कुन्ना पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 114600.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 21 | चकराता | धौरापुडिया पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 219400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 22 | चकराता | खबऊ पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 194700.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 09.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 10.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 16.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 19.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 25.11.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 25.11.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 26.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# वायु प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में, धुंध से आंखों में जलन

- विशेषज्ञों की सलाह, सुबह की सैर से बचें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामलों में बढ़ोतरी का असर दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण पर पड़ा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में जलाई जा रही पराली का धुआं दिल्ली पहुंचने लगा है। इस बीच हवाओं के रुख में बदलाव जारी रहा तो नवंबर के पहले सप्ताह से ही दिल्ली की हवा दमघोंटू हो जाएगी। बढ़ते प्रदूषण के बीच विशेषज्ञ सुबह की सैर से बचने की सलाह दे रहे हैं। दिवाली की रात फोड़ गए पटाखों के साथ पराली के धुएं ने दिल्ली-एनसीआर की हवा को और जहरीली बना दिया है। दिवाली के अगले दिन से ही दिल्ली और एनसीआर के सभी शहरों की हवा खराब श्रेणी में ही दर्ज की जा रही है। ज्यादातर शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के आसपास चल रहा है। बता दें कि पिछले 10 दिनों से वायु प्रदूषण की स्थिति खराब है। ठंड की शुरुआत के साथ ही दिल्ली-एनसीआर की हवा लगातार बिगड़ती जा रही है। दिवाली के दिन से ही दिल्ली-एनसीआर की हवा बहुत खराब हो गई है। शुक्रवार को सुबह से वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में पहुंच गया। दोपहर होते-होते हालात बदतर हो गए।

इसके साथ ही दिल्ली औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 345 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में माना जाता है। आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक 440 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह से आसमान स्मॉग छाया हुआ है। घर और दफ्तरों में भी वायु प्रदूषण का असर देखने को मिल रहा है। लोगों ने आंखों में जलन, खासी के साथ गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की है।

सांस रोग विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण की स्थिति में मॉर्निंग वॉक करना खतरनाक साबित हो सकता है। मार्निंग वॉक के दौरान जहरीली हवा और धूल के महीने कण सांस के जरिये फेफड़ों में प्रवेश करते हैं। दिल्ली के सरिता विहार स्थित अपोलो अस्पताल से जुड़े किडनी रोग विशेषज्ञ डा. डीके अग्रवाल का कहना है कि वायु प्रदूषण की स्थिति में दिल के रोगी भी बचकर रहें। घर से बाहर निकले तो मास्क (संभव हो तो एन-95 मास्क) इस्तेमाल करें और जब तक हवा में सुधार नहीं हो तब तक मॉर्निंग वॉक से परहेज करें।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022



# छठपूजा : नहर की सफाई कर सोशल मीडिया पर छाए नवीन गोयल

### छठ पूजा के लिए नवीन गोयल ने कार्यकर्ताओं के साथ की धनकोट नहर की सफाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव धनकोट में नहर की सफाई करते नवीन गोयल व कार्यकर्ता।

**त्योहारी** सीजन में दिवाली के बाद अब पूर्वांचल के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस पर्व पर पानी में खड़े होकर पूजा करनी होती है। इसी के मद्देनजर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने छठ घाट के रूप में धनकोट गांव के पास नहर की गंदगी को सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ साफ किया।

कार्यकर्ताओं के साथ नवीन गोयल ने खुद भी गंदगी उठाई और कहा कि स्वच्छता रखना हमारा कर्तव्य है। इसलिए सभी इस कार्य में सहयोग करें। छठ पर्व पर पानी में खड़े रहकर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की जाती है। इसलिए उन श्रद्धालुओं को साफ पानी भी चाहिए। इसलिए यहां धनकोट नहर की सफाई करने का निर्णय लिया गया। इस स्वच्छता कार्य के दौरान नवीन गोयल के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग गुरुग्राम के सह-संयोजक राजेश गुलिया, आईटी सेल की प्रधान स्नेहलता, सेवानिवृत प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, गजेंद्र गुप्ता, रजनीश राठी समेत अनेक साथी मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया पर खूब हुई तारीफ** : नवीन गोयल द्वारा अपनी टीम के साथ नहर की सफाई की तस्वीरें, वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो उनके इस कार्य की जमकर तारीफ, सराहना लोगों ने की। अपने कमेंट में लोगों ने इसे सराहनीय काम बताया।

राज सैनी ने लिखा-स्वच्छता की यह पहल करने के लिए नवीन भाई का साधुवाद। बनवारीलाल सैनी ने लिखा-सभी को मिलकर गुरुग्राम को साफ करना चाहिए। नीरू यादव ने लिखा-एक कदम गुरुग्राम के उन्नत विकास की ओर। अनीष शर्मा ने लिखा-हमें समाज में आप जैसे नेता की जरूरत है। रीनू गुप्ता ने लिखा-ग्रेट जॉब। इस तरह से सेंकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया पर नवीन गोयल के इस कार्य को सराहा।

## विकास की नई गाथा लिखेगा हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर : सुधीर सिंगला



विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने हरियाणा में आर्बिटल रेल कॉरिडोर बनाने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखेगा। केंद्र सरकार की पहले से प्रदेश में अनेक परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कइयों पर काम चल रहा है।

हरियाणा अति महत्वपूर्ण प्रदेश बन गया है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हरियाणा पर विशेष मेहरबानी सदा होती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हित में किए जा रहे कार्यों से भी केंद्रीय नेतृत्व सदा प्रसन्न रहा है। इस बार भी गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर मुहर लगाई। सुधीर सिंगला ने कहा कि सिर्फ बातों में नहीं बल्कि धरातल पर काम हुए हैं और नजर आ रहे हैं। प्रदेश की जनता ही नहीं, हरियाणा में आने वाला हर आम और खास व्यक्ति इन सुविधाओं का लाभ ले रहा है। चाहे सड़कें हो या अन्य कोई प्रोजेक्ट, तय समय से पहले ही पूरे हुए और जनता को समर्पित किए गए। अब गृह मंत्री ने हरियाणा को 6629 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का तोहफा देकर हरियाणा के विकास की गति को तेज कर दिया है। चार परियोजनाओं में सबसे बड़ी 5618 करोड़ रुपये की लागत वाली हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर (एचओआरसी) परियोजना है। दिसंबर-2025 के तय लक्ष्य यानी अब से तीन साल बाद जब यह परियोजना पूरी हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईसीए मानेसर व नालसर विवि हैदराबाद के बीच समझौता करार



समझौता फाइल दिखाते दोनों संस्थानों के अधिकारी।

**गुरुग्राम।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) मानेसर ने पाठ्यक्रम, अनुसंधान और प्रकाशन, ज्ञान की उन्नति, क्षमता निर्माण, जागरूकता और वकालत की पेशकश के लिए सहयोग करने के लिए नालासर विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) ने नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च (एनएएलएसएआर) यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर आईआईसीए के महानिदेशक प्रवीण कुमार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डीजी और सीईओ) और प्रो. (डॉ.) वी. बालाकिस्ता रेड्डी, कुलपति (आई/सी) और रजिस्ट्रार, नालसर द्वारा हस्ताक्षर किए गए। प्रोफेसर पीवी राव, नेशनल फेलो आईसीएसएसआर और विजिटिंग प्रोफेसर, सीएडीएल, नालसर, डॉ. पाइला नारायण राव, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईसीए, डॉ. टी. राघवेंद्र राव, सहायक प्रोफेसर, नालसर, डॉ. जी. मल्लिकार्जुन, सहायक प्रोफेसर, नालसर, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुधांशु कुमार नालासर और इसी विश्वविद्यालय के अन्य विशिष्ट संकाय सदस्यों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### यूपीएचसी सुखराली में शिविर में डीसी ने भी कराई जांच



गुरुग्राम के यूपीएचसी सुखराली में स्वास्थ्य की जांच कराते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** यूपीएचसी सुखराली द्वारा सेक्टर-17ए स्थित स्नातन धर्म मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने भी स्वास्थ्य जांच कराई। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक किया। उपायुक्त ने इस मौके पर शिविर में लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और अपने स्वास्थ्य की भी जांच करवाई। शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाले लोगों को स्वास्थ्य परामर्श देने के अलावा उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो और कहा भी गया है कि पहला सुख-निरोगी काया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान मजबूत इम्युनिटी पर बल दिया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उचित खान-पान के साथ साथ नियमित व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अलग-2 क्षेत्रों की पहचान कर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि लोग निःशुल्क डॉक्टरी परामर्श लेने के साथ साथ अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करवा सकें। इन शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा लोगों का गंभीर बिमारियों से बचाव को लेकर मार्ग दर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने शिविर में आए लोगों से कहा कि वे डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य संबंधी सभी संशयों को दूर करें और उन द्वारा दी जाने वाली सलाह को अवश्य ध्यान में रखें।

### महाकवि सम्मेलन आज, हजारों की संख्या आएंगे श्रोता



समाज सेवी टेकचंद को महाकवि सम्मेलन मे आने के लिए निमंत्रण देते सोहना सांस्कृतिक मंच के कार्यकर्ता अधिवक्ता सौरभ गोयल।

**सोहना।** सोहना सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में शनिवार को होने वाला देवीलाल खेल स्टेडियम में महाकवि सम्मेलन में नागरिकों को आने लिए निमंत्रण कार्ड वितरण किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंच के एक सौ के करीब कार्यकर्ता निमंत्रण कार्ड वितरण में लगे हैं। शनिवार को शहर देवीलाल खेल स्टेडियम में होने वाला पहला महा कवि सम्मेलन में 15 से 20 हजार श्रोता आने की संभावना है। जिसके लिए स्टेडियम परिसर में अब तक का सबसे बड़ा टेंट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इस महा कवि सम्मेलन में अपनी कविताओं से लोटपोट करने के लिए डा कुमार विश्वास और उनकी टीम के अन्य राष्ट्रीय कवि आ रहे है। सोहना सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष रोहतक जैन ने बताया कि सम्मेलन में राजनेताओं से लेकर शहर के व्यापारी, दुकानदार, गणमान्य लोग, समाज सेवी, प्रशासनिक अधिकारी, खिलाड़ी आदि को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के ऐसे युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने आईपीएस, आईएएस, न्यायाधीश और पायलट की परीक्षा पारित करने के बाद पद ग्रहण किया है। ऐसे युवा जिन्होंने अपने अभिभावक से लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## डाइरेक्शन साइनेज बोर्ड पर बैनर लगाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



गुरुग्राम में जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की मासिक बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की मासिक बैठक में जिला में विभिन्न मार्गों पर दिशा सूचक संकेतकों (डायरेक्शन साइनेज बोर्ड) पर अवैध रूप से लगाए जा रहे बैनर्स पर संज्ञान लेते हुए जल्द ही ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट कहा जिला में आमजन की सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर लगाए जाने वाले डायरेक्शन साइनेज बोर्ड पर विज्ञापन लगाने की एक गलत प्रथा शुरू हुई है। जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा यह जिला में सड़क सुरक्षा के तहत निर्धारित मानकों के खिलाफ है, जिसको ध्यान में रखते हुए वे जल्द इस इस विषय में धारा 144 के आर्ड जारी करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा सूचक यूनिपोल पर नीचे के हिस्से में कंटीली तार लगाने के भी निर्देश दिए, ताकि कोई व्यक्ति अथवा संस्था यूनिपोल पर चढ़कर अपना बैनर ना लगा सके। डीसी श्रीयादव ने इस दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सभी एसडीएम से स्कूलों की चेकिंग की रिपोर्ट तलब की। बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव ने बताया कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र में 14 स्कूल वैन पर कार्रवाई करते हुए 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने पिछले 1 महीने में 3 स्कूलों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुसार प्रावधान करने के लिए नोटिस जारी कर 15 दिन का समय दिया है।

### सर्विस रोड निर्माण के लिए संबधित बिल्डर को नोटिस जारी

### गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर मिलेगी जाम से मुक्ति

**बैठक** में गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर वैली व्यू कट पर लगने वाले जाम के विषय पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि वैली व्यू कट क्षेत्र में चारों हाउसिंग परियोजना नामतः पारस क्वार्टियर, क्लब क्वार्टियर, वैली व्यू एस्टेट सहित सनसिटी वत्सल वैली को मुख्य मार्ग पर प्रवेश कट बंद करने के साथ ही अपने अधिकार क्षेत्र में रोड के साथ लगती 30 मीटर की ग्रीन बेल्ट पर सर्विस लेन बनाने के नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि रोड के साथ लगते ग्रीन बेल्ट के कुछ हिस्से पर अतिक्रमण हैं, जिसको हटाने के लिए पुलिसबल की आवश्यकता होगी। डीसी ने इस विषय पर तुरंत निर्णय लेते हुए बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को आगामी 10 नवंबर से पहले संबधित विभाग को सभी आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए।

## जाख गांव के लोग कर सकते हैं मतदान का बहिष्कार

**मेवात।** ग्राम पंचायत गंगवानी में शामिल जाख गांव के लोग इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह गांव का बूथ बदल जाना है। गंगवानी ग्राम पंचायत में गंगवानी, जाख तथा पापड़ी गांव लगते हैं। जाख गांव का बूथ पहले पड़ोस के गांव गंगवानी में होता था, लेकिन इस बार के चुनाव में बूथ पापड़ी गांव में बदल दिया गया है, जो जाख गांव से तकरीबन 4 किलोमीटर दूर पड़ता है। इससे मतदाताओं को बूथ तक आने-जाने में मतदान करते समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

जिसकी वजह से जाख गांव के तकरीबन 400-500 मतदाता इन दिनों बेहद परेशान हैं। बूथ बदलवाने का आरोप गांव के ही एक सरपंच उम्मीदवार पर लग रहा है। जाख गांव के लोगों ने दो टूक कहा है कि वह इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उनके खंड में चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ सिटी मजिस्ट्रेट से वह इस मामले की शिकायत करेंगे। साथ ही मुलाकात भी करेंगे।

# गंदगी के बाद अब बिजली संकट झेलने को तैयार रहे जनता

### बिजली कर्मचारी यूनियन ने सफाई कर्मियों के आंदोलन को समर्थन दिया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**मांगों** को लेकर दस दिन से हड़ताल पर बैठे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने आंदोलन में कंधा से कंधा मिलाकर चलने का ऐलान किया। यूनियन कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मचारियों के समर्थन में बिजली सप्लाई ठप करने की घोषणा की है।

पिछले दस दिन से अपनो मांगों को लेकर धरना पर बैठे नरग परिषद के सफाई कर्मचारियों के आंदोलन बिजली कर्मचारी यूनियन के समर्थन से और ताकत मिल गई है। शुक्रवार को ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन में बैठकर पूरा साथ देने की घोषणा कर दी है। ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ता हर दिन धरना में साथ बैठने और कंधा से कंधा मिलाकर चलने का ऐलान कर दिया है।

बिजली कर्मचारियों की तरफ से बोलते हुए यूनियन के वरिष्ठ नेया बिजेन्द्र सिंह फौगाट ने कहा कि प्रदेश सरकार को सफाई कर्मचारियों की मांगों को हर हाल में पूरा करना होगा। कौशल रोजगार योजना को तुरन्त प्रभाव से भंग करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना होगा। उन्होंने ने कहा हरियाणा दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल इन मांगों को पूरा करने का ऐलान करे।

### तीन दिन में मिला दूसरा समर्थन

**धरना** पर बैठे सफाई कर्मियों को दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूरा समर्थन देने का ऐलान किया था। वह शुक्रवार को बिजली कर्मचारी यूनियन का समर्थन मिलने से सफाई कर्मियों की ताकत बढ़ी है। जिससे सफाई कर्मियों के प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि परिषद के 181 सफाई कर्मी अब पीछे हटने वाले नहीं है। यह आंदोलन अब मांग पूरी होने पर ही समाप्त होगी।

# पाश्चात्य संस्कृति के बीच हिंदू सुधार आंदोलन है आर्य समाज : नवीन गोयल

### आर्य समाज मंदिर की 75वीं वर्षगांठ पर आर्य सत्संग गुटका हवन पुस्तक का किया विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



आर्य समाज मंदिर की 75वीं वर्षगांठ पर गुटका हवन पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

**शुक्रवार** को आर्य समाज मंदिर बसई की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित आर्य सत्संग में गुटका हवन पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। इस आर्य समाज मंदिर बसई की स्थापना दादा बस्तीराम की अध्यक्षता में सन 1912 में महाशय जुगलाल बसई द्वारा की गई थी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि आर्य समाज मंदिर 110 वर्षों से लोगो में धार्मिक वेदों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। लोगों को कुरीतियों से दूर करके धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। श्री गोयल ने कहा कि आर्य समाज एक हिन्दू सुधार आन्दोलन है। यह आंदोलन तब शुरू हुआ था, जब पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ना शुरू हुआ था। उसके जवाब में और हिंदू धर्म में सुधार के लिए इसकी शुरुआत की गई। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल आर्य ने बताया कि आर्य समाज में सत्य को ग्रहण करने और असत्य को त्यागने के लिए सदा तत्पर रहने की प्रेरणा दी गई है। साथ ही उचित-अनुचित के विचार के बाद ही कार्य करना चाहिए। हर किसी के प्रति प्रति न्याय, प्रेम और उसकी योग्यता के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। ज्ञान की ज्योति फैलाकर अंधकार को दूर करना चाहिए। केवल अपनी उन्नति से संतुष्ट न होकर दूसरों की उन्नति के लिए भी यत्न करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान हरिश्चंद्र, धर्मवीर, पूर्व पार्षद अटल, सरपंच रमेश, स्वामी जीवानंद, भजन उपदेशक सहदेव सिंह, विरेंद्र शर्मा, बाली पंडित, विजय वर्मा, गगन गोयल, अनिल नंबरदार, कपूर नंबरदार, तिलक शर्मा, नरेश कटारिया, टिंकू वर्मा, बलराम, दयानंद, वेदराम, राम सिंह प्रधान, जगवीर, रामचंद्र समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## जी 5 ने मनोरंजन फेस्टिवल 2022 की घोषणा की, त्योहारों पर सभी दर्शकों के लिए 35 से ज्यादा प्रीमियम कंटेंट स्ट्रीम होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**इंडिया** और भारत का सबसे बड़ा होम-ग्रोन वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और विभिन्न भाषाओं में मनोरंजन प्रस्तुत करने वाला ज़ी5 दीवाली के अवसर पर अपने एवॉड यूज़र्स के लिए अपने वार्षिक अभियान, ज़ी5 मनोरंजन फेस्टिवल (जैडएमएफ) के साथ अनलिमिटेड मनोरंजन लेकर आया है। 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर के बीच आयोजित होने वाले जी5 मनोरंजन फेस्टिवल में प्रीमियम और सफल एसवॉड कंटेंट विभिन्न भाषाओं में निःशुल्क दिखाया जाएगा।

यह अभियान दर्शकों को गुणवत्तापूर्ण विकल्प प्रदान करने और जी5 की लाईब्रेरी से लेटेस्ट हिट देखने में समर्थ बनाने के ब्रांड के उद्देश्य के अनुरूप है। इस 7 दिवस के उत्सव में एवॉड दर्शकों को थ्रिलर, फिक्शन, रोमांस आदि की श्रेणियों में 35 से ज्यादा प्रीमियम टाईटल देखने के लिए उपलब्ध होंगे। इन टाईटल्स में हिंदी में कौन बनेगी शिखरवटी, रश्मि रॉकेट, सिंबा, ड्रीम गर्ल, 14 फेरे, केदारनाथ; मराठी में जॉम्बिवली, काले धंधे, पांडु, मुल्शी पैटर्न; तेलुगू में वारुडु कावलेनु, गीता गोविंदम; तमिल में अरनमनाई 3, ओह माई कदवुले, डिक्कीलूना; बंगाली में गुलदस्ता, कोलकातर हैरी, 8/12 बिनय बादल दिनेश; कन्नड़ में भजरंगी 2, एक लव या, हीरो; मलयालम में प्रथी पूवनकोझि, कल्की, आहा, अह्लू रामेंद्रन आदि शामिल हैं। यह अभियान लॉन्च करते हुए श्री मनीष कालरा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, जी5 इंडिया ने कहा, "टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित बाजार में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर गुणवत्तायुक्त कंटेंट, दिलचस्प कहानियों, और विविध शैलियों की मांग बढ़ रही है। हमने दर्शकों को अपना लोकप्रिय कंटेंट उपलब्ध कराने और इस मांग को पूरा करने के लिए जी5 मनोरंजन फेस्टिवल डिजाइन किया है। हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य प्रस्ताव प्रस्तुत कर हमेशा गुणवत्तायुक्त कंटेंट की उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे दर्शक त्योहारों का जश्न मनाते हुए जी5 के प्रीमियम कंटेंट का आनंद लेंगे।"

इस अभियान के बारे में अभिरूप दत्ता, हेड-एवॉड मार्केटिंग, जी5 ने कहा, "एवॉड दर्शकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके साथ एक्सक्लूसिव कंटेंट की मांग भी बढ़ी है। पिछले साल जी5 मनोरंजन फेस्टिवल की अपार सफलता ने यह अभियान फिर से प्रस्तुत करने के लिए हमें प्रोत्साहित किया। इस अभियान के साथ हम जी5 के दर्शकों को विभिन्न भाषाओं में प्रीमियम एसवॉड कंटेंट टाईटल का विस्तृत संग्रह सीमित अवधि के लिए निशुल्क प्रस्तुत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी यह प्रस्तुति लोगों को बहुत पसंद आएगी और पूरे देश के दर्शक इसका आनंद लेंगे।" उद्योग की लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ओटीटी प्लेटफॉर्म, जी5 100 से ज्यादा शैलियों में अपने विस्तृत कंटेंट के लिए मशहूर है। यह वास्तविक, प्रासंगिक और दिल को छू लेने वाली कहानियों पर केंद्रित है।

## मनोहर सरकार के 8 साल बेमिसाल: डा. संजय शर्मा

### मनोहर सरकार में 39 साल बाद पहुंचा दक्षिणी हरियाणा की माइनरों में पानी



डा. संजय शर्मा।

**गुरुग्राम।** मनोहर सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रदेश प्रवक्ता डा. संजय शर्मा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका सम्मान करने की नीति पर चलने वाली हरियाणा की मनोहर सरकार के आठ साल बेमिसाल रहे हैं। इन आठ वर्षों में सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, सड़क और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार ने बातें कम और काम अधिक करके जनता का दिलों को जीता है। आज हरियाणा के 5681 गांवों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। 39 सालों बाद दक्षिणी हरियाणा की माइनरों में पानी पहुंचाकर मनोहर सरकार ने इतिहास रचा है। खेलों की बात करें तो आज हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका पूरे भारत में बज रहा है। यह सब मनोहर नीतियों के कारण ही हो पाया है। डा. संजय शर्मा ने कहा कि पिछली सरकारों से चली आ रही पर्ची खर्ची के सिस्टम को खत्म करते हुए मनोहर सरकार ने पारदर्शिता से योग्य युवाओं को नौकरियां देने का काम किया। आज विपक्षी दलों के नेता भी भाजपा सरकार की पारदर्शिता के कायल हैं और कहते हैं कि हरियाणा की मनोहर सरकार एक ईमानदार सरकार है।

## उत्तर प्रदेश में ब्रेन स्ट्रोक के तेजी से बढ़ते मामले, प्रारंभिक चरण में उपचार व जागरूकता से इलाज संभव : डॉक्टर अमित

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़



**ब्रेन स्ट्रोक** / पैरालिसिस / लकवा / फालिश से देश में हर साल लगभग 18 लाख लोग मौत का शिकार बनते हैं। लगभग 30 फीसदी लोगों की मृत्यु इसी कारण होती है। वही उत्तर प्रदेश में इससे ग्रसित युवाओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। यूपी में ब्रेन स्ट्रोक के कुल पीड़ितों में 30 फीसदी युवा हैं, जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है। साल दर साल आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। इन युवाओं में 80 फीसद पुरुष हैं।

अधिकतर लोगों की मृत्यु जानकारी के अभाव में होती है इसलिए इसके लक्षणों को शुरुआती स्तर पर पकड़ना और जागरूक होना बहुत आवश्यक है। यदि आप शुरुआती चरणें में ही इसका इलाज कराते हैं तो इसकी चपेट में आने से बच सकते हैं। धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट-न्यूरोलॉजी डॉक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक आने के कई कारण हो सकते हैं यदि सिर के कई हिस्सों में जब खून की सप्लाई सही तरीके से नहीं होती है तब ब्रेन स्ट्रोक आता है। मस्तिष्क में किसी कारण रक्त की आपूर्ति में रुकावट या रक्त वाहिकाओं के टूटने से भी स्ट्रोक आ जाता है। कभी कभी शरीर में होने वाले ऑक्सीजन और ब्लड सर्कुलेशन में गिरावट के कारण भी दिमाग की नसें कमजोर होने लगती हैं और इस कारण स्ट्रोक आ जाता है।

ब्रेन स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण में मरीज के सिर में बहुत तेजी से दर्द होता है वह सही प्रकार से बोलने में असमर्थ रहता है और उसकी जुबान भी लड़खड़ाने लगती है। चक्कर सा आने लगता है व उसके हाथ व पैर सुन्न पड़ने लगते हैं, उसे चलने में दिक्कत होती है, आंखों के सामने अंधेरा सा छाने लगता है। विश्व स्ट्रोक दिवस 29 अक्टूबर के दिन मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना है जिससे इसके लक्षणों को समझकर प्रारंभिक स्तर पर ही उपचार किया जा सके और मरीज की जान बचाई जा सके। हर छह व्यक्ति में से एक व्यक्ति को पूरे जीवन में छोटा या बड़ा स्ट्रोक आने का खतरा बना रहता है।

अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, मधुमेह पर नियंत्रण इसके साथ ही धूम्रपान को छोड़कर आप इससे बच सकते हैं। इसके लिए दिन में कम से कम 30 मिनट (हर दिन लगभग 10,000 कदम) टहलें, रोजाना थोड़ा व्यायाम करें, उच्च रक्तचाप और मधुमेह को नियंत्रित करें, अपना वजन नियंत्रित करें, ताजे फल, सब्जियां और कम वसा वाले आहार लें, मांस और मछली का संतुलित आहार लें, तनाव को दूर करने के लिए योग या ध्यान का अभ्यास करें। ऊपर लिखी बातों को अपने जीवन में अपनाये क्योंकि एक स्वस्थ शरीर एवं बेहतर जीवन शैली द्वारा स्ट्रोक आने की संभावना को 80 फीसदी से कम किया जा सकता हैं और इसके प्रारंभिक स्तर पर ही लक्षणों को समझ कर मरीज का इलाज कराकर उसे बचा सकते हैं।

# समय बदलने से सीएम के कार्यक्रम में हुई दिक्कत

कविता। फरीदाबाद

सीएम के द्वारा एनआईटी फरीदाबाद में 130 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित डॉ. मंगल सेन बस पोर्ट का लोकार्पण सुबह 10 बजे करना था। जिसे देखते हुए मीडिया व अन्य लोग समय पर पहुंचने लगे। लेकिन इस दौरान सुबह 10 से 11 बजे तक भी गेट पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मात्र पुरूष पुलिस कर्मी ही तैनात था। जिस पर महिलाओं को वहां से निकलने में परेशानी हुई। वहीं यहां पीने के पानी तक की भी व्यवस्था नहीं थी। वहीं पुरूष शौचालय पर लॉक लगा हुआ था।

## नहीं मिला पीने का पानी, जाम के कारण लोग हुए परेशान

वहीं बस अड्डे के बाहर रास्ता छोटा होने के कारण बीके चौक से एक-दो चौक तक जगह-जगह पुलिस द्वारा बंद किए गए रास्ते से बीके चौक से सेक्टर-22 श्मशान घाट तक जाम लगा नजर आया। जिससे लोग जाम में फंसे रहे।

**दिक्कतों का सामना:** सीएम द्वारा सुबह 10 बजे बस अड्डे का उद्घाटन करना था। जिसे देखते हुए सभी सुबह समय पर पहुंचने शुरू हो गए। जिसमें महिलाएं और पुरूषों के अलावा मीडिया कर्मी भी शामिल थे। लेकिन गेट पर एंट्री के दौरान चैकिंग करने वालों में महिला पुलिस कर्मी न होने के कारण करीब दस से 15 मिनट तक पुरूष पुलिस कर्मियों ने वहां से निकल रही महिलाओं को रोक कर रखा। महिला पुलिस के आने पर उन महिलाओं की चैकिंग के बाद उन्हें निकलने दिया। वहीं सुबह 10 बजे पहुंच चुके लोगों को दस बजे के बाद संदेश मिला कि साढ़े 11 बजे सीएम आयेंगे। लेकिन दोपहर को करीब 12 बजे सीएम पहुंचे। जिससे लोगों को इंतजार करना पड़ा।


गेट पर आने वालों की जांच करते पुरूष पुलिसकर्मी।

**पानी और शौचालय नहीः** अत्याधुनिक बस अड्डे पर वैसे तो चार शौचालय बने थे। लेकिन इनमें से मात्र महिलाओं का शौचालय ही खुला था।

पुरूष और दिव्यांगजनों समेत तीन अन्य शौचालयों पर ताला लगा था। जिसके कारण पुलिस कर्मियों से लेकर अन्य लोगों को भारी परेशानियां हुई। वहीं ड्यूटी देने आए और कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ा।

**नहीं मिले सीएमः** सीएम के एनआईटी बस अड्डे के उद्घाटन के मौके पर बीजेपी महिला विंग एनआईटी समेत कुछ गणमान्य लोग भी बुलावे पर पहुंचे थे। लेकिन लोगों को सुरक्षा कर्मियों ने सीएम से मिलने ही नहीं दिया। जिस कारण गणमान्य लोगों समेत महिला विंग को बिना मिले ही लौटना पड़ा। महिला विंग की सदस्यों ने बताया कि वह स्पेशल बस लेकर बुलावे पर आई थी, लेकिन सीएम से मिलने ही नहीं दिया गया।

# 130 करोड़ रुपये से नवनिर्मित एनआइटी के डॉ. मंगल सेन बस पोर्ट का लोकार्पण

### बस स्टैंड एनआईटी फरीदाबाद अब डॉ. मंगल सेन बस पोर्ट एनआईटी फरीदाबाद के नाम से जाएगा जाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में एनआईटी फरीदाबाद में 130 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित डॉ. मंगल सेन बस पोर्ट का लोकार्पण करते हुए जिलावासियों को मनोहर सौगात दी। गौरतलब है कि एनआईटी फरीदाबाद में राज्य का पहला पीपीपी मोड़ पर बस स्टैंड (बस पोर्ट) फरीदाबाद एनआईटी क्षेत्र को शुक्रवार को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन अवसर पर बताया कि नवनिर्मित बस पोर्ट की तमाम कमर्शियल एक्टिविटी आने वाले कुछ दिनों में ही शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद एनआईटी के साथ ही अब प्रदेश में सामाजिक सहभागिता के साथ बल्लभगढ़, सोनीपत, करनाल के साथ-साथ जिला गुरूग्राम में दो नए बस पोर्ट बनाकर यात्रियों को सुखद वातावरण देने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।



एनआईटी फरीदाबाद में नये बस अड्डे के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।



एनआईटी फरीदाबाद में नये बस अड्डे के उद्घाटन करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और साथ कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा पृथला के विधायक नयन पाल रावत व अन्य।

### बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नए बस पोर्ट के उद्घाटन अवसर पर कहा कि हरियाणा की परिवहन सेवा देश की सर्वश्रेष्ठ परिवहन सेवाओं में से एक है। यात्रियों को सुरक्षित, सकुशल, किफायती और विश्वसनीय परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश भर में यात्रियों को बेहतर आवागमन सेवाएं प्रदान कर रही है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्रदेश भर के विभिन्न बस स्टैंड का नवीनीकरण किया जा रहा है और एयरपोर्ट की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हरियाणा में पीपीपी मोड़ से बनने वाले बस स्टैंड को अब बस पोर्ट के रूप में पहचान दी जा रही है ताकि यात्रियों को सुखद अनुभूति का अहसास हो।

### बदला नाम

मुख्यमंत्री ने एनआईटी फरीदाबाद क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा कि 1980 के समय में उन्होंने सामाजिक जीवन की शुरुआत फरीदाबाद से की थी। तब यहां से टीन के शेड के बस स्टैंड से बस पकड़ कर तंग होते हुए दूसरे शहरों में वे जाते थे, ऐसे में आमजन की समस्या को समझते हुए उन्होंने डॉ.मंगल सेन से एनआईटी बस स्टैंड फरीदाबाद की स्थिति के बारे में अवगत कराया था। आज उनके साथ हुई बातचीत का सपना साकार हुआ है। ऐसे में डॉ. मंगलसेन की स्मृति को समर्पित करते हुए आज से नवनिर्मित एनआईटी बस स्टैंड को डॉ. मंगलसेन बसपोर्ट एनआईटी फरीदाबाद के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने बताया कि इंटीग्रेटेड कंसोलिडेटेट कमांड सेंटर के जरिए फरीदाबाद एनआईटी का बस पोर्ट जुड़ेगा। साथ ही टिकट बुकिंग आनलाइन और बस की वर्तमान स्थिति भी पता लग सकेगी।

### इंटरस्टेट बस पोर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बेहतर ढंग से परिवहन सेवा के रूप में यह अत्याधुनिक बस स्टैंड फायदेमंद रहेगा। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट बस पोर्ट के रूप में फरीदाबाद एनआईटी बस स्टैंड को विकसित किया जा रहा है। करीब चार एकड़ भूमि पर नवनिर्मित बस स्टैंड के निर्माण पर 130 करोड़ रुपये की लागत से आई है। आस-पास के गांवों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के अतिरिक्त, यह बस स्टैंड दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के शहरों की ओर यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को भी लाभान्वित करेगा। उन्होंने बताया कि सरकार अब अत्याधुनिक सेवाओं के साथ बेहतर प्रबन्धन पर फोकस करते हुए बस स्टैंड का निर्माण कर रही है।

### रोडवेज को मुनाफा बढ़ा

मुख्यमंत्री ने उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों से हुई बातचीत में बताया कि सुरक्षित सफर के दायित्व को राज्य परिवहन प्रभावी रूप से निभा रहा है। तथ्यों के अनुरूप जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि साल पूर्व के सालों में जहां रोडवेज बसों के कारण करीब 200 से अधिक एक्सीडेंट्स होते थे वहीं पिछले साल केवल 79 सडक़ दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगने के साथ ही अब प्रति किलोमीटर रोडवेज का राजस्व भी बढ़ा है। अब राज्य परिवहन की बसों का राजस्व 2013-14 के 26.46 रूपये प्रति किलोमीटर से बढक़र 39.19 रूपये तक पहुंच गया है।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक फरीदाबाद नरेंद्र गुप्ता, विधायक तिगांव राजेश नागर, पृथला से विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, सीएम के राजनीतिक सचिव अजय गौड, सीएम के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, पूर्व मेयर सुमन बाला, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया, एडीसी अपराजिता, फरीदाबाद रोडवेज जीएम लेखराज, जीएम रेवाड़ी रवीश हुड्डा, जीएम नारनौल नवीन शर्मा, जीएम दीपक कुंडू, जीएम नूंह एकता चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जताया सीएम का आभार

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टैंड की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस बस स्टैण्ड का निर्माण पीपीपी मोड़ पर निजी भागीदारी के द्वारा किया गया है।

ब स स्टैण्ड में यात्रियों के बैठने के लिए वातानुकूलित गैलरी बनाई गई है और साथ ही आरामदायक कुर्सियों का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि अपने गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय, पीने के लिए आरओ का शीतल जल, समान रखने के लिए क्लोक रूम, जलपान आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी और तथा पूर्ण बस स्टैण्ड सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। इसके अलावा यात्रियों के वाहनों की पार्किंग के लिए बेसमेंट में करीब एक हजार गाडयि़ों को खड़ी करने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा बनने के बाद प्रदेश में पूर्व में बसों की कमी थी लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में 5300 बसों की जरूरत को पूरा करते हुए बसों की संख्या में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में हाई पावर कमेटी में 1300 नई बसों की खरीद को भी मंजूरी देते हुए बसों की संख्या यात्रियों के जरूरत अनुसार मुहैया कराने का सराहनीय निर्णय लिया है। बस पोर्ट के उद्घाटन समारोह में बडख्ल से विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि इस प्रकार के विकासात्मक प्रोजेक्ट आमजन के हितों को मद्देनजर रखते हुए लिए जा रहे हैं जिससे सर्वांगीण विकास की दिशा में सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना से कार्य हो रहे हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभांवित करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

# अवैध खनन को लेकर एडीसी ने की बैठक में समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एडीसी अपराजिता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में एडीसी अपराजिता आज शुक्रवार दोपहर बाद जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की मीटिंग में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला में अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई बारे जिला खनन अधिकारी से बारीकी से जानकारी लेकर समीक्षा की गई।

एडीसी अपराजिता ने बैठक में पुलिस, खनन विभाग, आरटीए व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें। बैठक में जिला खनन अधिकारी बलराम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यमुना क्षेत्र में एनजीटी के आदेशानुसार खनन कार्य पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद जिला में 182 स्टोन क्रैशर है जो पाली, महोबताबाद व धौज में हैं।


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करती एडीसी अपराजिता।

## बुजुर्ग महिला का वृद्धाश्रम बना सहारा

फरीदाबाद। वृद्धों की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने आज फिर एक ऐसी वृद्ध महिला को सहारा दिया है, जो मानसिक रूप से कमजोर है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज के पास आज सराय ख्वाजा पुलिस चौकी से हेड कास्टेबल मंजीत और कुशल पहुंचे। उन्होंने वृद्ध महिला जिसकी उम्र लगभग 65 वर्ष थी को आश्रम में सहारा देने का आग्रह किया। महिला दिमागी रूप से कमजोर होने के कारण कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी। किशन लाल बजाज ने बिना देरी किए वृद्धा को आश्रम में भर्ती कर लिया। पुलिस वालों से कहा कि यह आश्रम ऐसे ही वृद्धों के लिए बना है जो लावारिस हो या जिन्हें अपनों ने ही घर से निकाल दिया हो। किशन लाल बजाज ने कहा कि भविष्य में भी यदि आपकों कोई ऐसा वृद्ध मिले तो उसे तुरंत यहां लेकर आ आएं।

# बेकरी संचालक से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

25 अक्टूबर को बेकरी (नमकीन-गज्जक) दुकानदार से पत्र लिखकर फिरौती मांगने के मामले में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेश तथा डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मात्र 30 घंटे में गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कमल है। आरोपी मूल रुप से गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क नियर सेक्टर 105 का निवासी है। फिलहाल वह फरीदाबाद की दिल्ली पुलिस सोसायटी नवादा भाकरी रोड, सेक्टर 49 में रहता था। पूछताछ में सामने आया की आरोपी बेकरी दुकानदार की दुकान के सामने फास्ट फूड की का काउंटर लगाता है। आरोपी ने दीपावली के समय दुकान पर हुई बिक्री के आते पैसे को देखकर दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। फिरौती के पैसे न देने पर दुकानदार व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी ने एक धमकी भरा पत्र दुकान पर चिपका दिया। जिसमें पैसे किस समय और कहां देने हैं, ये बात 28 अक्टूबर को बताने के संबंध में लिखा था। पत्र के संबंध में दुकानदार ने थाना कोतवाली में सूचना दी। सूचना पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 ने कार्रवाई करते हुए अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर आरोपी को सेक्टर-49 से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वारदात को पैसे के लालच में आकर अंजाम दिया था। आरोपी के जीजा की दुकानदार के साथ जानकारी थी। जिसने आरोपी का काउंटर बेकरी की दुकान के सामने लगवाया था। आरोपी से वारदात में प्रयोग गाड़ी बेलिनो बरामद की है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।


फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार कमल।

# बीके अस्पताल का रास्ता बंद होने से हुई परेशानी

### रास्ता बंद होने से एम्बुलेंस चालक जाम में फंसे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नगर निगम कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले करीब 18 दिनों से हड़ताल चल रही है। शुक्रवार को सीएम के द्वारा एनआईटी बस स्टैंड का उद्घाटन किया गया। जिसे देखते हुए हड़ताली कर्मचारियों ने सीएम को काले झंडे दिखाने का निर्णय लिया। इसे देखते हुए नगर निगम मुख्यालय के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस बल ने हड़ताली कर्मचारियों को बीके चौक की ओर बिल्कुल जाने नहीं दिया। ऐसे में कर्मचारियों ने जिले के सबसे बड़े सिविल अस्पताल की तरफ चौक से जा रही सड़क को बंद कर दिया और वह दरी बिछाकर वहां बैठ गए। जिस कारण जगह-जगह बंद सड़कों से बीके पहुंच रही एम्बुलेंसों को परेशानी हुई। बीके के निकट ही दो एम्बुलेंस जाम के कारण फंसी नजर आई।


सड़क बंद कर बैठे कर्मचारी, एक तरफ से निकलते वाहन चालक। जाम लगने के बाद अस्पताल के निकट ही फंसी एम्बुलेंस।

**यह था नजाराः** सीएम द्वारा बस अड्डे के उद्घाटन किए जाने को लेकर नगर निगम के गेट पर दीवाली से पहले से हड़ताल कर रहे कर्मचारियों में गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने इस बार काली दीवाली के संग ही सारे त्यौहार बिना पैसों के फिके मनाये हैं। उनकी मांगों को अनसुना करके सीएम लौट गए। सीएम को उन्होंने काले झंडे दिखाने की तैयारी की थी। लेकिन अधिकारियों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस बल मौके पर लगाकर उन्हें रोक दिया। जिसे देखते हुए मौके पर भारी संख्या में मौजूद कर्मचारियों ने सड़कों पर भी दरी बिछा ली और नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके कारण मजबूरी में बीके अस्पताल आने वाले लोगों को एक ही सड़क का इस्तेमाल करना पड़ा। वहीं एम्बुलेंस चालकों ने दशहरा ग्राउंड का रास्ता चुना तो वह जाम में फंस गए। जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## दंपति से ठगी सोने की चूड़ियां

फरीदाबाद। सेक्टर-23 के निकट एक स्कूटी पर सवार बदमाश ने बच्चे के संग अपने घर लौट रहे दम्पति को परिचित बताते हुए रोक लिया। धोखे से महिला के हाथ से चूड़ियां उतरवा लीं। आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित दम्पति ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-55 निवासी महेश मिगलानी ने बताया कि वह एस्कॉर्ट्स कंपनी से रिटायर्ड हैं। बृहस्पतिवार की शाम को वह स्कूटी पर सवार होकर अपनी पत्नी गीता के साथ सेक्टर-23 से लौट रहे थे। सेक्टर-23 के निकट उन्हें एक स्कूटी पर सवार व्यक्ति ने रोक लिया। स्वयं को उनका जानने वाला बताया। आरोपी ने डिग्गी से डिब्बा निकालते हुए कहा कि मम्मी ने मिठाई आपके लिए भेजी है। मम्मी कुछ ही दूरी पर खड़ी हैं। आप मेरे साथ स्कूटी पर बैठ कर मम्मी से मिलने चलो। महेश उनकी बातों में आ गए और उसकी स्कूटी पर बैठ कर करीब 600 मीटर दूर चले गए। आरोप है कि वह व्यक्ति खड़े रहे और वह व्यक्ति स्कूटी लेकर गीता के पास पहुंच गया और उसने उनके हाथों से सोने की चूड़ियां निकालनी शुरू कर दी। गीता ने विरोध किया। लेकिन वह चूड़ियां और पर्स छीन कर ले गया। पर्स में 15 हजार रुपये, स्कूटी के कागजात व अन्य सामान रखा हुआ था।



## संक्षिप्त समाचार

### पटाखे जलाने को लेकर दो परिवारों में हुई मारपीट

फरीदाबाद। जीवन नगर में बीती शाम दो पक्षों में बच्चों द्वारा जलाये जा रहे पटाखों को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। जिसमें दोनों पक्षों के लोग बुरी तरह घायल हो गए। जीवन नगर निवासी रवि के पड़ोसी श्रीचंद गोला का लड़का पटाखे जला रहा था। जिससे ध्वनि के संग ही वायु प्रदुषण अधिक हो रहा था। जिसे देखते हुए रवि के बेटे ने श्रीचंद के बेटे को पटाखे जलाने से मना किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों परिवार बाहर निकले और बीच बचाव का प्रयास किया। दोनों पक्षों के करीब आठ लोग इस झगड़े में घायल हो गए। दोनो पक्षों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### पन्हैड़ा कलां में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन



बल्लभगढ़। हरियाणा योग आयोग एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट फरीदाबाद के तत्वावधान में व युवा सेवा संगठन पन्हैड़ा कलां के सहयोग से 26 से 30 अक्टूबर तक पन्हैड़ा कलां में पांच दिवसीय योग-चिकित्सा शिविर का ब्राह्मण चौपाल (नजदीक होली चौक) पर किया जा रहा है। सुप्रसिद्ध योगाचार्य जयपाल शास्त्री योग साधकों को भस्त्रिका, कपाल-भांति, अनुलोम-विलोम, प्रणायाम के साथ सूक्ष्म व्यायाम व सूर्य नमस्कार आदि सिखाए। इस अवसर पर शिविर की सुन्दर व्यवस्थाओं में रघु शास्त्री, रामकुमार, भविचन्द, मनमोहन, राहुल, योगेश, राजकुमार, दीपक, ओंकार आदि महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे है। योग शिविर का समापन रविवार 30 अक्टूबर को 11 कुण्डीय महायज्ञ के साथ किया जाएगा। आज योगशिविर में शिव दत्त, ओमप्रकाश, झाऊलाल, मोतीराम, रवि शर्मा, रमेश चंद्र, राजीव, कर्मवीर व स्कूली बच्चे शिविर में उपस्थित होकर योग सीख रहे हैं।

### सर्दी बढ़ने पर बढ़ता है ब्रेन स्ट्रोक : डॉ. तरूण

फरीदाबाद। सर्दी बढ़ने पर अक्सर ब्रेन स्ट्रोक या दिमाग की नस फटने के मामले ज्यादा बढ़ जाते हैं। बुजुर्ग लोगों, मोटापा से ग्रस्त लोगों, शुगर और उच्च रक्तचाप के मरीजों को स्ट्रोक होने का ज्यादा खतरा होता है। यह बात मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग में सप्ताह में 9-10 मरीज ब्रेन स्ट्रोक के एडमिट होते हैं जिनमें 80 फीसदी मरीज मस्तिष्क की धमनियों में खून के थक्के और 20 प्रतिशत मरीज ब्रेन हेमरिज (मस्तिष्क की धमनियों का फट जाने) से पीड़ित पाए जाते हैं। दरअसल मस्तिष्क में रक्त का संचार रुक जाने के कारण स्ट्रोक हो जाता है।

### बढ़ रहे ब्रेन स्ट्रोक के मामलेः डॉ. रोहित

फरीदाबाद। पिछले कुछ सालों में ब्रेन स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़े है। युवाओं में तेजी से बढ़ने वाली बीमारी बनकर उभरी है। विश्व में हर दूसरे सेकेंड में एक मरीज ब्रेन स्ट्रोक का सामने आ रहा है। यह बात ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने बताई। उन्होंने कहा कि भारत में ही हर साल 15 लाख से ज्यादा स्ट्रोक के नए मरीज सामने आ रहे हैं। फरीदाबाद में प्रत्येक महीने लगभग 80 मरीज स्ट्रोक के आ रहे हैं। स्ट्रोक की पहचान चेहरा टेढ़ा हो जाना, आवाज बदलना, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी के साथ ताकत कम हो जाना प्रमुख है। समय रहते यदि इलाज शुरू कर दिया जाए तो स्ट्रोक पर काबू पाया जा सकता है।

### स्ट्रोक के उपचार में देरी से दिव्यांगता का खतरा

फरीदाबाद। उपचार में देरी से स्ट्रोक शारीरिक व मानसिक दिव्यांगता का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि लक्षण दिखने पर तुंरत अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया जाए। यह बात मेट्रो हॉस्टिपल की डायरेक्टर एवं हेड न्यूरोलॉजी विभाग की डॉ सुषमा शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक की समस्या दो कारणों से होती है। पहला कारण मस्तिष्क को मिलने वाली रक्त की पर्याप्त मात्रा का बाधित होना है। इसमें आर्टरी बंद हो जाती है, जिससे मस्तिष्क के किसी भी भाग में रक्त का थक्का बन जाता है। इसे इस्किमिक स्ट्रोक कहते हैं। दूसरा कारण आर्टिलरी के फटने से अधिक रक्त स्राव का होना है। इसमें रक्त मस्तिष्क के किसी भाग में जमा हो जाता है। इससे मस्तिष्क की कार्य प्रणाली बाधित हो जाती है।

### कैबिनेट मंत्री ने किया मंडी का औचक निरीक्षण



बल्लबगढ़। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार को बल्लभगढ़ अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने मंडी का औचक निरीक्षण करके अधिकारियों और किसानों से खरीद को लेकर बात की। वहीं मंडी में धान और बाजरा सहित अन्य फसलों की खरीद सुचारू रूप से चल रही है। मण्डी में प्राइवेट एजेंसियों और सरकारी एजेंसी खरीद कर रही है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा किसानों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल कोई परेशानी नहीं आने देंगे। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आगामी छठ पर्व को लेकर शहर में बनाए जा रहे छठ घाटों का भी निरीक्षण किया। आपको बता दें कि बल्लभगढ़ विधानसभा में करीब 14 छठ घाट बनवाए गए हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने छठ पर्व पर आम जनता को ना हो कोई परेशानी उसके लिए पुलिस को भी उचित दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

### एयर क्वालिटी इंडेक्स : दो दिनों में हुई 100 अंकों की वृद्धि

फरीदाबाद। दीवाली पर पटाखे जलाने पर पाबंदी के बावजूद भी जिले में प्रदूषण के बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले दो दिनों के दौरान ही एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगभग 100 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। दो दिन से लगातार एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलिटेन के अनुसार शुक्रवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 दर्ज किया गया। इस बारे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल ऑफिसर स्मिता ने बताया कि हवा की गति धीमी है। ऐसे में एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ रहा है। हमारी टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 246 दर्ज किया गया था, लेकिन हवा की गति थमने से पिछले दो दिनों के दौरान एयर क्वालिटी इंडेक्स में 100 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 तक पहुंच गया है। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में नमी बन रही है, जिसके चलते प्रदूषित कण भारी होकर जमीन के करीब आ रहे हैं। इसके अलावा हवा की गति भी थमी हुई है। ऐसे में प्रदूषित कणों में मूवमेंट नहीं हो पा रही है और एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार बढ़ता जा रहा है। अलग - अलग क्षेत्र की बात करें तो शुक्रवार को सेक्टर 11 क्षेत्र में 405, सेक्टर 16 क्षेत्र में 375 व सेक्टर 30 क्षेत्र में 259 एयर क्वालिटी इंडेक्स दर्ज किया गया।

### पैशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्यः संजय सिंह

फरीदाबाद। जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छोकर ने हरियाणा सरकार से सेवानिवृत सभी पैशनर्स को जानकारी दी है कि वे खजाना कार्यालय फरीदाबाद व उप-खजाना कार्यालय बल्लभगढ़ से पेंशन ले रहे पैशनरों को नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य होगा। खजाना अधिकारी संजय सिंह छौकर ने आगे बताया कि सभी पेंशनर अपने नाम के पहले अक्षर के अनुसार निधारित तिथि को खजाना कार्यालय में आकर अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। उन्होने बताया कि पैशनर अपने साथ पीपीओ बुक, मोबाईल फोन, आधार कार्ड की फोटोप्रति लेकर आएं। उन्होने बताया किए से जी तक के अक्षर से शुरू होने वाले नाम के पैशनर आगामी 2 से 9 नवंबर को अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते है। इसी प्रकार से एच से पी तक अक्षरा वाले 10 से 16 नवम्बर तक क्यू से एस अक्षर तक के पैंशनर 17 से 22 नवम्बर तक तथा टी से जेड अक्षर तक के नाम वाले पैंशनर 23 से 25 नवंबर तक अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते है।

# जीएम सरसों
## वैज्ञानिकों को स्वीकार

**वैज्ञानिकों** ने वाणिज्यिक खेती के लिए जीएम सरसों को स्वीकार कर लिया है, अब सरकार को भी इसकी अनुमति दे देनी चाहिए। जेनेटिक इंजीनियरिंग संस्तुति समिति-जीईएसी द्वारा जेनेटिकली परिवर्तित-जीएम सरसों को वाणिज्यिक खेती के लिए स्वीकार करना सही दिशा में एक कदम है। जीएम सरसों पर जीईएसी की विशेषज्ञ समिति ने वैज्ञानिक डाजियर स्वीकार कर लिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व उप-कुलपति दीपक पेंटल ने यह डाजियर तैयार किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर ने पहले ही मधुमक्खियों जैसे परागणकर्ताओं पर पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययन की अनुमति दी थी। संक्षेप में कहा जाए तो वैज्ञानिकों ने जीएम सरसों को अनुमति दे दी है और अब फैसले की जिम्मेदारी राजनेताओं पर है। समस्या यह है कि कई बार राजनेता समस्या की गंभीरता नहीं समझते हैं। 2009 में जयराम रमेश के पर्यावरण मंत्रालय संभालने के दौरान भारत के पहले जीएम-फूड बीटी बैंगन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, हालांकि इसे नियामक द्वारा अनुमति मिल गई थी। इस मामले में वैज्ञानिकों के प्रस्ताव को राजनेताओं ने अस्वीकार कर दिया था। इसका कारण यह था कि तत्कालीन कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर वामपंथियों का काफी प्रभाव था। वास्तव में, कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने स्वयं को राष्ट्रीय सलाहकार परिषद-एनएसी नामक गठजोड़ से घेर लिया था जिसमें अनेक पेशेवर क्रांतिकारी, बहुत गूढ़ व न समझ में आने वाली बातें करने वाले टिप्पणीकार तथा विकास-विरोधी एक्टिविस्ट भरे थे। लोगों का यह समूह सभी तार्किक व समझ में आने वाली चीजों का विरोधी था। यही कारण था कि जयराम रमेश



को खोज को किनारे हटा कर उनकी मांगों के समक्ष झुकना पड़ा था। सवाल है कि क्या अब जीएम सरसों के मामले में भी 2009 वाली स्थिति पैदा होगी? निश्चित रूप से अब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री नहीं हैं जिन पर एक 'सुपर-प्राइममिनिस्टर' हावी था। इसके साथ ही कोई एनएसी भी नहीं है जो लगातार राजस्व को समाप्त करने वाली अधिकार योजनायें पेश करती थी। लेकिन मोदी का विरोध करने वाले अब भी हैं जिनमें वामपंथी व दक्षिणपंथी, दोनों हैं। अच्छी बात है कि मोदी के पास मार्क्स और माओ के लावारिस बच्चों यानी 'झोलावालों' के लिए न समय है और न उनका कोई सम्मान है। लेकिन एक दक्षिणपंथी संगठन से जुड़े कुछ ऐसे लोग भी हैं जो देश के लिए लाभदायक हर चीज का विरोध करते हैं।

शायद मोदी के लिए आदिमकालीन सोच वाले ऐसे एक्टिविस्टों को खारिज करना बहुत सरल न हो। एक संगठन के सह-समन्वयक ने मीडिया को बताया कि 'जीएम सरसों न स्वदेशी है और न सुरक्षित। यह स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।' उन्होंने कहा कि यह सरसों खरपतवार नाशक-प्रतिरोधी है, इसलिए इन कैंसरकारक रसायनों का ज्यादा प्रयोग करना पड़ सकता है। उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया कि जीईएसी ने इसकी अनुमति दी है, जबकि ग्लाईफास्फेट के कैंसरकारक होने की पुष्टि हो चुकी है। पिछले काफी समय से यह संगठन जीएम सरसों का विरोध कर रहा था। उसने प्रधानमंत्री मोदी को 2017 में पत्र लिख कर जीएम सरसों को अवैज्ञानिक, जहरीली तथा जैवविविधता-विरोधी कहा था। सरकार को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि कुछ लोग सोच व सिद्धान्त के स्तर पर नई चीज आसानी से स्वीकार नहीं करते हैं। ऐसे कुछ लोगों ने हरित क्रांति का विरोध किया था। अच्छा होगा कि प्रधानमंत्री जीएम सरसों के विरोधियों का दृष्टिकोण अस्वीकार कर दें।

# प्रकृति से बहुलतावादी व समावेशी हिंदू

**सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विश्व बंधुत्व तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना हिंदूवाद में समाहित है जो मूलत: बहुलतावादी है। इसी कारण देश की बहुसंख्य हिंदू जनता सहिष्णु तथा उदारवादी है।**



**राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक, बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं।)



हिंदूवाद व हिंदुत्व की छवि खराब करने का षडयंत्र सालों से जारी है। लगभग एक हजार साल पहले मुगलों और अंग्रेजों ने सनातन संस्कृति पर हमला बोला था और स्वतंत्रता के बाद भारत पर 60 साल शासन करने वाली कांग्रेस के नेहरू परिवार व वामपंथियों ने यही विचार आगे बढ़ाया। पिछले आठ साल से राष्ट्रवादी सरकार इन तत्वों के खिलाफ आक्रामक दृष्टिकोण अपना रही है जिन्होंने भारत की सनातन संस्कृति पर हमला बोला था। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली कुछ पार्टियों ने एक प्रचार अभियान चलाया है जो भारत की बहुसंख्यक जनता के खिलाफ है। विपक्षी पार्टियों ने यह कहना तक शुरू कर दिया है कि भारत का लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता खतरे में है, लेकिन वास्तव में मुसलमानों समेत सभी अल्पसंख्यक भारत में सुरक्षित महसूस करते हैं। इसका कारण यह है कि देश की बहुसंख्य हिंदू जनता सहिष्णु तथा उदारवादी प्रकृति की है। जब तक देश में हिंदू बहुसंख्यक हैं तब तक भारत का लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता मजबूत बनी रहेगी। सभी जानते हैं कि अनेक इस्लामी देशों में अल्पसंख्यकों व खासकर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार और दुर्व्यवहार की घटनायें होती रहती हैं। दुनिया में 57 मुस्लिम बहुल देश हैं, पर उनमें से कोई पंथनिरपेक्ष नहीं है। पाकिस्तान, तुर्की, बांग्लादेश, मलेशिया व इंडोनेशिया जैसे कुछ इस्लामी देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था है, पर यहां भी इस्लामी रूढ़िवादिता के कारण लोकतंत्र पर खतरा मंडराता रहता है।

इतिहास ने भी एक जीवन्त उदाहरण के रूप में हमें बताया है कि जहां भी हिंदुत्व व सनातन संस्कृति पर हमला हुआ, वहां लोकतंत्र समाप्त हो गया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश इसके कुछ उदाहरण हैं। आंकड़ों से भी यह पूरी तरह स्पष्ट है। 1951 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या में 13 प्रतिशत हिंदू थे, लेकिन 2017 तक इनकी संख्या घट कर केवल 2 प्रतिशत रह गई। इतिहास में देखें तो असंख्य सभ्यतायें रही हैं जिनमें चीन, मेसोपोटामिया, बेबीलोन, रोमन व यूनानी तथा दक्षिण अमेरिका की इन्का व मायन सभ्यतायें शामिल हैं। इन सबको ऐतिहासिक रिकार्डों में दर्ज किया गया है। लेकिन भारत की सभ्यता ऐसी रही है जो शुरुआती दिनों से आज तक एक जैसी बनी हुई है। दुनिया की जनसंख्या में इस्लाम मानने वालों की संख्या 25 प्रतिशत है, जबकि ईसाई मतावलंबी 31 प्रतिशत हैं। हिंदू जनसंख्या लगभग 15 प्रतिशत, बौद्ध लगभग 7 प्रतिशत तथा अन्य धर्म जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत हैं। बाकी 15 प्रतिशत किसी धर्म का व्यवहार नहीं करते हैं। सभी धर्मों में हिंदूवाद ऐसा अकेला धर्म है जहां धार्मिक विषयों पर खुले दिमाग से बहस की स्वतंत्रता है। अन्य धर्मों में हम धर्म पर सवाल नहीं उठा सकते हैं क्योंकि उनको उस पर अनिवार्य रूप से विश्वास करना होगा जो उनसे कहा गया है।

भारत अनादि काल से हिंदू राष्ट्र है और पंथनिरपेक्षता उसके केन्द्र में है। भारतीय सभ्यता ऐसी है जिसकी संस्कृति राष्ट्रवाद है। भारत और नेपाल के अलावा दुनिया में कोई अन्य देश नहीं है जहां हिंदू बहुसंख्यक हों। यह भारत की विशिष्टता है कि उसने कभी दूसरों पर शासन करने की इच्छा नहीं जताई है। उसने हमेशा कहा है कि वह दूसरों को अपनी आध्यात्मिकता से जीतना चाहता है। इसका उदाहरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लिखी एक कविता है। 1995 में सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिंदूवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा था, 'हिंदूवाद और हिंदुत्व एक जीवनशैली है और इसकी तुलना किसी कट्टरपंथ से करना गलत और विकृत होगा।'

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी कहा था, 'हिंदू और भारत को अलग नहीं किया जा सकता है क्योंकि बिना हिंदुओं के कोई भारत नहीं होगा और भारत के बिना कोई हिंदू नहीं होगा। हिंदू आध्यात्मिकता के आधार पर एकान्त का अभ्यास करता है, वह दुनिया के प्रति उदार है, शक्ति के आधार पर कहीं भी सुरक्षित है, किसी को हानि नहीं पहुंचाता है, सबकी प्रगति का प्रयास करता है तथा अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर जीवित रहता है।' यही कारण है कि आज तक भारत में कभी ऐसी घटना नहीं हुई है जहां बहुसंख्यक समुदाय द्वारा किसी की धार्मिक व सांस्कृतिक भावनायें आहत करने का प्रयास हुआ हो।

यहां कभी भी किसी मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च को नष्ट नहीं किया गया है। वास्तव में भारत में बहुसंख्य हिंदुओं द्वारा अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाती है। केवल इतना ही नहीं, जब इस्लामी हमलावरों और उनके धर्मगुरुओं ने सनातन संस्कृति नष्ट करने के प्रयास हुए तो उनकी रक्षा हिंदुओं ने सालों तक संवैधानिक व न्यायिक संघर्षों के माध्यम से की।

लेकिन दुर्भाग्य से बाकी दुनिया को रास्ता दिखाने वाले हिंदू धर्म को राजनीतिक कारणों से भारत में लगातार नीचा दिखाया गया। यहां तक कि आज भी कांग्रेस और वामपंथी लगातार उन हमलावरों का महिमामंडन कर रहे हैं जिन्होंने भारत को नष्ट किया। कांग्रेस ने हमेशा हिंदू धर्म के खिलाफ तुष्टीकरण को बढ़ावा दिया। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद तथा एक पूर्व रक्षा मंत्री ने हिंदुत्व की तुलना इस्लामी आतंकी समूहों बोको हराम व आईएसआईएस से की है। अपनी पुस्तक 'सनराइज़ ओवर अयोध्या' में पी. चिदम्बरम ने 'भगवा आतंकवाद' शब्द का आपत्तिजनक व आक्रामक तरीके से प्रयोग किया है, जबकि वे उस समय गृह मंत्री थे। भारत अभी भी ऐसी संकुचित सोच का सामना कर रहा है। महर्षि कश्यप के देश में जब समाज के एक हिस्से की जनसंख्या बढ़ी तब हिंदुओं के खिलाफ हमले हुए तथा कश्मीरी पंडितों को वहां से पलायन करना पड़ा। हाल ही में खबरें आईं कि झारखंड व बिहार समेत देश के अनेक राज्यों के मुस्लिम-बहुल हिस्सों में स्कूलों की छुट्टी रविवार के बजाय शुक्रवार को होती थी। 2016 में कैराना में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ने के साथ ही उन्होंने उपद्रव करना शुरू कर दिया जिसके परिणामस्वरूप हिंदू परिवारों को वहां से पलायन करना पड़ा। बंगाल के कुछ मुस्लिम-बहुल क्षेत्रों में आज भी दुर्गा पूजा पर प्रतिबंध है। राजस्थान के टोंक जिले के मालपुरा से सैकड़ों हिंदू परिवारों को पलायन करना पड़ा है। इन कारणों से हरियाणा के मेवाती क्षेत्र को 'मिनी पाकिस्तान' के रूप में जाना जाता है। जुलाई में पीएफआई द्वारा भारत को इस्लामी देश बनाने का षडयंत्र सामने आया जिसका खुलासा बिहार के फुलवारीशरीफ में हुआ। वहां बरामद दस्तावेजों से स्पष्ट हुआ कि स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 में भारत को इस्लामी देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

आज देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में अगले 25 वर्ष को 'अमृत काल' कहा है। उन्होंने सभी लोगों से इस दिशा में काम करने को कहा है। लेकिन इसके साथ ही देश में कुछ संगठन इसी समय अमृत काल में जहर फैलाने के लिए काम कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विचारणीय है कि यदि देश में अगले 25 वर्ष में कोई राष्ट्रवादी संगठन और राष्ट्रवादी सरकार न रही तो भारत 2047 में कैसा होगा? यदि विभाजनकारी व अलगाववादी संगठनों के षडयंत्र जारी रहे तो तुष्टीकरण की राजनीति को प्रोत्साहन मिलता रहेगा। ऐसे में कल्पना करें कि कश्मीर घाटी का क्या होगा? ऐसे में उत्तर पूर्वी राज्यों तथा बंगाल व बिहार के बांग्लादेश से सटे क्षेत्रों का क्या होगा? ऐसे में केरल में स्थिति कितनी खतरनाक हो जाएगी? हिंदुत्व के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज यदि भारत में लोकतंत्र जीवित है तथा पंथनिरपेक्षता अक्षुण्ण बनी हुई है तो इसका मूल कारण भारत की सनातन संस्कृति व परंपरायें हैं। जनता में सहिष्णुता की भावना है। भारत पंथनिरपेक्ष राष्ट्र है, इसलिए हमें एक दूसरे की संस्कृति और धर्म का सम्मान करना चाहिए, लेकिन हमें अपनी सभ्यता भी नहीं भूलनी चाहिए जिसके केन्द्र में हिंदुत्व है। यदि भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विश्व बंधुत्व तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना जीवित रखनी है तो हम सबको अवश्य ही हिंदूवाद व हिंदुत्व को लगातार मजबूत करने के लिए तैयार रहना होगा।

# भारत-अमेरिका संबंधों पर एफ-16 की छाया

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व सैन्य अधिकारी हैं)



अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 की बिक्री पर भारत की बेचैनी समझ में आती है लेकिन परमाणु हथियारों वाला एक असफल पाकिस्तानी राज्य हर किसी के लिए दु:स्वप्न है। 1981 में, भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को 3.2 बिलियन डॉलर के पैकेज के तहत 40 एफ-16 लड़ाकू विमान बेचने के अमेरिकी प्रस्ताव पर स्पष्ट रूप से आपत्ति जताई थी। उसे न तो इस्लामाबाद पर भरोसा था और न ही वाशिंगटन डीसी पर। पाकिस्तान और अमेरिका दोनों जानबूझकर इसके स्पष्ट उपयोग पर भारत को शांत करने के लिए दोमुंही बातें करने का प्रयास कर रहे थे, यहां तक कि यह सौदा जनरल जिया-उल-हक द्वारा सैन्य तख्तापलट में लोकतांत्रिक सरकार के असंवैधानिक अधिग्रहण के बाद हुआ था। जिया-उल-हक को लेकर इंदिरा का संदेह, खालिस्तान आंदोलन, अफगानिस्तान में गुप्त अभियानों (सीआईए के साथ ऑपरेशन साइक्लोन), इस्लामी चरमपंथ को बढ़ावा देने और परमाणु बम कार्यक्रम को तेज करने के उनके कुटिल दुस्साहस के साथ- सही साबित हुआ। उस दौरान,, अमेरिका या तो जिया-उल-हक के नापाक मंसूबों को वित्तपोषित करने या उसकी अनदेखी करने में उलझा रहा। लगभग उसी समय, इंदिरा गांधी को जवाब में मिराज-2000 लड़ाकू बमवर्षकों के लिए 3.3 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करना पड़ा। जिया-काल में भारत की केन्द्रियता को पाकिस्तान की साजिशों के सर्वप्रमुख निशाने के रूप में संस्थागत किया गया और आगे बढ़ाया गया।

40 से अधिक वर्षों के बाद, वही एफ-16 विमान विवाद के पुराने मसले के रूप में वापस आ गए हैं क्योंकि अमेरिका ने फिर से उन्हीं पाकिस्तानी एफ-16 विमानों के रख-रखाव के लिए 450 मिलियन डॉलर के समर्थन कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है, जिन्होंने 1981 में भारत सरकार को परेशान किया था। पाकिस्तान की प्रादेशिक सुरक्षा के औचित्य को उसी की आपूर्ति के प्रत्यक्ष कारण के रूप में लपेटा गया था, आज के 'वर्तमान और भविष्य के आतंकवाद विरोधी खतरों' के कथित तर्क का नियंत्रण रेखा (एलओसी) के किसी भी पक्ष के लिए कोई मतलब नहीं है।

भारत के विदेश मंत्री ने यह कहते हुए सही कदम उठाया कि आप ये बातें कहकर किसी को बेवकूफ नहीं बना रहे हैं। सबसे ऊपर अमेरिका अपने बयान की शुद्धता को पड़ोसी अफगानिस्तान और मध्य पूर्वी मंच पर आतंकवाद से जुड़े अपने अनुभव के साथ जानता होगा। शब्दार्थ में अर्थहीन अभ्यास द्वारा अमेरिकी रुख और बढ़-चढ़ गया है, जो इस बात पर जोर देता है कि अमेरिकी कार्रवाई एक 'बिक्री' है 'सहायता नहीं' - क्योंकि यह कदम पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 2018 में उठाए गए 'सुरक्षा बिक्री या सहायता में इंकार' के स्पष्ट रुख पर निर्भर करता है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के पेटेंट वाले 'झूठ और छल' और इस्लामाबाद को 'अराजकता, हिंसा और आतंक के एजेंटों को सुरक्षित पनाहगाह' देने के बारे में कुछ स्पष्ट बात कही थी। विडंबना यह है कि अमेरिकी नीतियों में हालिया यू-टर्न, बमुश्किल एक साल पहले ,अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की अपमानजनक वापसी के बाद आया है। क्या अमेरिकी सरकार भोलेपन से भूल कर रही है या जानबूझकर भारत के खिलाफ कदम बढ़ा रही है, जैसा कि भारतीय राजनेताओं ने संकेत दिया है? अधिकांशतया बात यही है, मगर पूर्णतया नहीं, गोलमोल भाषा के बावजूद अमेरिका निश्चित रूप से आतंकवाद के खिलाफ एफ-16 लड़ाकू विमानों की अक्षमता को जानता होगा, साथ ही उसमें पाकिस्तान के विरोध के रूप में एक क्षेत्रीय और रणनीतिक 'धुरी' के रूप में भारत के उच्च महत्व पर भी स्पष्टता होगी।

ऐसे में, अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आकांक्षाओं के विपरीत धारणा की क्या व्याख्या है? इसका उत्तर उन संस्थाओं की जटिल अंतर्क्रिया में निहित है जो पाकिस्तानी कथा को बनाते और चलाते हैं, अर्थात, सेना, राजनेता, धर्मगुरू, आदि। राजनीतिक विमर्श से जुड़ी 'विदेशी साजिश' (पढ़ें, अमेरिकी हस्तक्षेप) के दाग के साथ, अमेरिका को आरोप प्रमुख विपक्षी दल यानी अमेरिका विरोधी इमरान खान पर डालना चाहिए। दूसरे, मौजूदा गठबंधन सरकार गंभीर शासकीय दबावों से जूझ रही है और वह कोई कूटनीतिक 'जीत' दिखाने के लिए बेहद बेचैन है, भले ही वह दिखावटी मात्र ही क्यों न हो। तीसरा, मौजूदा गठबंधन सरकार के अलावा, अमेरिका पाकिस्तानी नागरिकों की चौकस निगाहों में प्रासंगिकता और वैधता की एक झलक बनाए रखने के लिए पाकिस्तानी सेना पर भी कटाक्ष करेगा - क्योंकि पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान से निरंतर उभरते खतरों का सामना करने , और जवाबी हमला करने में एक आवश्यक सहयोगी बनी हुई है, ठीक उसी तरह जैसे उसने हाल ही में काबुल में आतंकवादी अयमान अल-जवाहिरी को 'बाहर' करके किया था। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था जब उन्होंने यूएस-पाकिस्तान समीकरण पर अपनी राय दे रहे थे, ''यह एक ऐसा रिश्ता है जिसने न तो पाकिस्तान की अच्छी तरह से सेवा की और न ही अमेरिकी हितों की अच्छी तरह से सेवा की' - जो कुछ भी अनकहा बचा था वो था पाकिस्तान के पूर्ण परित्याग की कीमत, जो संभावित रूप से संघर्षरत राष्ट्र को अफगानिस्तान, यमन या सोमालिया की स्थिति में ले जाएगा और इस क्षेत्र को पूरी तरह से अस्थिर कर देगा। परमाणु हथियारों वाले राज्य में अराजकता के अकल्पनीय परिणाम होंगे, इसलिए उस हद तक, अमेरिका पाकिस्तानी राष्ट्र को पूर्णतया 'विफल' नहीं होने दे सकता है। इसलिए, अमेरिका की यह दलील, कि मौजूदा 'बिक्री' में पाकिस्तानी तैयारियों के लिए कोई नई क्षमता, हथियार या युद्ध सामग्री शामिल नहीं है, स्पष्टतया सच है, हालांकि, यह एक बड़े उद्देश्य के साथ की गयी है जिसे अघोषित रहना चाहिए।

जहां तक भारत को अमेरिका से अत्याधुनिक हथियार और तकनीकी पहुंच हासिल करने के लिए काट्सा प्रतिबंधों (भारत द्वारा रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के बाद लगाए गए) के तहत अभूतपूर्व छूट का आनंद मिल रहा है। चीन के अमेरिका के प्राथमिक दुश्मन के रूप में उभरने से, अमेरिकी गणना में भारत की भूमिका और प्रासंगिकता को कभी भी अधिक महत्व नहीं दिया जा सकता है। भारत ने अमेरिका के साथ अपने रणनीतिक व सुधरते संबंधों को खतरे में डाले बिना, अपनी कूटनीतिक ताकत का प्रदर्शन करने के लिए इसे व्यवस्थित ढंग से अमेरिकी भाषा का शब्दजाल बताया है ।

## आप की बात

### इस्लामी देशों में अशांति

**14 अक्टूबर 2022** को तुर्की की संसद ने आलोचनात्मक विघटनकारी कानून को अपनाया है जो सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं और पत्रकारों को दुष्प्रचार फैलाने के लिए तीन साल तक की जेल की सजा देता है, लेकिन तथाकथित 'विघटन' की परिभाषा सरकार की जांच के अधीन है। अब आलोचकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने, वेनिस आयोग सहित कुछ महत्वपूर्ण शब्दावली की अस्पष्ट व्याख्या की ओर इशारा किया है। टर्की का पहले से ही प्रेस की स्वतंत्रता का अप्रभावी रिकॉर्ड है। टर्की 2022 के प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 180 में से 149 वें स्थान पर रहा है। ईरानी पुलिस द्वारा महसा अमिनी की निर्मम हत्या के बाद गंभीर उथल-पुथल है। सीरिया गृह युद्ध की चपेट में है। क्या यह एक और 'अरब स्प्रिंग' जैसे खतरे की घंटी नहीं है। अरब स्प्रिंग, सरकार विरोधी प्रदर्शनों, विद्रोहों और सशस्त्र विद्रोहों की एक श्रृंखला थी जो 2010 के दशक की शुरुआत में अरब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में फैल गई थी। यह भ्रष्टाचार और आर्थिक ठहराव के जवाब में ट्यूनीशिया में शुरू हुआ। इस्लामी देशों में अशांति की आशंका इन घटनाओं के बाद लगातार बढ़ती जा रही है।

**परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

### इसरो की उपलब्धि

**हाल ही में** दीपावली पर अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने अपना नवीनतम रॉकेट दाग़ा जो कई मायनों में विशेष है। यह न केवल अब तक का सबसे भारी रॉकेट है बल्कि इसके द्वारा एक साथ 36 उपग्रहों को सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में स्थापित किया गया। इसरो दिन प्रतिदिन नई ऊंचाईयों को छू रहा है। शुरुआत में बैलगाड़ी और साइकल पर प्रक्षेपण स्थल जाते रॉकेट की तस्वीरें हमने देखी है व प्रक्षेपण के लिए विदेशी तकनीक पर निर्भरता भी काफ़ी समय तक देश को निराश करती रही । लेकिन आज इसरो की छवि बदल चुकी है। यह संगठन अब दुनिया के शीर्ष अंतरिक्ष संगठनों में से एक है। अब तक भारत छत्तीस विभिन्न देशों के 380 से ज़्यादा उपग्रह प्रक्षेपित कर चुका है। आज के समय में जब रूस यूक्रेन युद्ध में फंसा है, चीन की प्रतिबद्धता संदिग्ध व अमेरिका आदि देश बहुत महंगे हैं तो दुनिया के ज़्यादातर देश अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए भारत के अंतरिक्ष संगठन की तरफ़ ही देख रहे हैं। इसरो की प्रगति से वैश्विक संपर्क बढ़ाने के साथ ही व्यावसायीकरण से देश को आर्थिक लाभ भी होगा।

**पुनीत अरोड़ा**, मेरठ


### आज़म को सजा

**भड़काऊ** भाषण देने पर रामपुर 'यूपी' से सपा विधायक आजमखान को एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट ने सजा का ऐलान किया है। पिछले काफी समय से देश में नेताओं की जुबान का फिसलना, भड़काऊ भाषण देना, अनर्गल बात करना और किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना और पुिर उसपर सफाई देकर अपनी कही हुई बात से पल्ला झाड़ लेने जैसी घटनाएं टीवी चैनल और प्रिंट मीडिया के जरिये सुनने, देखने और पढ़ने में आ रही हैं। सोशल मीडिया पर भी ऐसी ही बातें और ख़बरें बढ़ती ही जा रही हैं। भड़काऊ भाषण देने पर कोर्ट ने रामपुर के विधायक आजम खान को सजा देने का ऐलान किया है। ठीक इसी तरह व्यक्ति हो या नेता अथवा सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले, इन पर भी उचित कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए ताकि अनर्गल व अनुचित बातों से आमजन की भावनाओं को ठेस न पहुंच सके और अनुचित दुरुपयोग करने वालों पर लगाम लग सके। साथ ही सद्भाव व भाईचारा बना रह सके। देखना होगा कि अब अन्य किन नेताओं को सजा मिलती है।

**महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मेरी** केन्द्र सरकार से अपील है कि करेंसी नोटों पर गणेश जी व लक्ष्मी जी के चित्र छापे जांए।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**गणेश जी** व लक्ष्मी जी की भारत पर पहले से कृपा है। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

- **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**अंतिम** समय तक राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के प्रयास हुए क्योंकि वे ही मोदी सरकार को चुनौती दे सकते हैं।

- **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# अब जर्जर स्कूलों में नहीं चलेंगी परिषदीय विद्यालयों की कक्षाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के विभिन्न जिलों से जर्जर भवनों में बच्चों की कक्षाएं लगने की आ रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने रोक लगा दी है। साथ ही स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से इस आशय का प्रमाणपत्र मांगा जा रहा है कि उनके यहां कक्षाएं जर्जर भवन में नहीं चल रही हैं।

जर्जर भवनों चल रहे स्कूलों के की आ रही शिकायतों को गंभरीता से लेते हुए प्रदेश सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इस मामले में प्रदेश सरकार ने उन स्कूलों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का मन बना लिया है जो जर्जर अवस्था में आ चुके हैं। इस मामले में सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को पत्र भेजकर उनसे उनके स्कूलों के दुरुस्तीकरण कर प्रमाण पत्र तक मांग लिया गया है। इस मामले में प्रधानाध्यपकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे शीघ्र ही इस सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे जर्जर हो चुके स्कूलों से बच्चों को सुरक्षित किया जा सके। इस सम्बन्ध में डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिया गया है। डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने अपने निर्देश में कहा है कि वे प्रधानाध्यापकों से यह प्रमाण पत्र दें कि उनके स्कूल के भवनों की वास्तविक स्थिति मौजूदा समय में क्या है साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि स्कूल की कक्षाएं जर्जर भवन में नहीं लगाई जा रहीं। प्रधानाध्यापकों से प्रमाणपत्र लेने के बाद सभी बीएसए व जिला समन्वयक निर्माण को संयुक्त रूप से जिले में सभी परिषदीय स्कूलों के जर्जर भवनों में कक्षाएं न संचालित किए जाने का प्रमाणपत्र राज्य परियोजना कार्यालय को 10 नवंबर तक भेजना होगा। अगर कहीं जर्जर भवन में कक्षाएं लग रही हैं तो उसे आसपास वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सुरक्षित भवन या स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इस मामले को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने काफी सतर्कता से काम शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों की माने तो इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाहर क्षम्य नही होगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों का अब नगरीय क्षेत्र में हो सकेगा स्थानान्तरण, आदेश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षकों के स्थानान्तरण अब नगरीय क्षेत्र में हो सकेंगे। इसको लेकर डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से जारी आदेश के अनुसार जल्द ही अंतर जनपदीय तबादले के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख की भी घोषणा भी की जाएगी। प्रदेश में तय मानक के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में छात्र तथा शिक्षक अनुपात 77 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र तथा शिक्षक अनुपात 40 प्रतिशत ही है।

वही ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात अच्छा है, ऐसे में जरूरत के अनुसार शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ा रहे सहायक अध्यापकों का स्थानांतरण किया जाएगा। महिलाओं, दिव्यांगों और गंभीर रोगियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## गृहमंत्री सहित 15 मुख्यमंत्रियों को योगी ने भेंट किए ओडीओपी के उत्पाद

● कन्नौज का इत्र, लखनऊ की चिकनकारी और वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी से बने उत्पादों को किया भेंट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार की ओर से अपने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को हर मंच से प्रोत्साहित किया जाता है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी उत्पादों के तोहफे गृहमंत्री सहित 15 प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भेंट किए हैं। योगी आदित्यनाथ गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए फरीदाबाद पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज का इत्र, लखनऊ की चिकनकारी के अलावा ब्रास की प्रतिमा और वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी से बने उपहार यहां भेंट किए हैं। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को ब्रास की प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और ओडीओपी की गुलाबी मीनाकारी भेंट की जबकि 15 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए सीएम योगी की ओर से बनारस की गुलाबी मीनाकारी से बने उपहार प्रदान किए गए। वहीं चिंतन शिविर में सहभागिता करने वाले अन्य डेलीगेट्स को भी 250 ओडीओपी बॉक्स उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इसमें 150 बॉक्स इत्र, 25 बॉक्स चिकन स्टाल, 25 बॉक्स सिल्क स्टाल, 25 बाक्स ब्रास बाउल्स और 25 बॉक्स लैकर वीयर तोहफे के रूप में मुख्यमंत्री ने भेंट किए हैं।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अभियान चलाएगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी आगामी निकाय चुनाव में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से छूट गए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए विशेष अभियान चलायेगी। पार्टी मतदाता सूची में छूटे मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए घर-घर सम्पर्क अभियान भी चलायेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह जी ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व निकाय चुनाव से जुड़े पार्टी पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर आगामी निकाय चुनावों को लेकर की गई तैयारियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। पार्टी 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इसके पूर्व 30 अक्टूबर को पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने निकाय चुनावों को लेकर पार्टी की योजना रचना पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ आगामी नगर निकाय के चुनावों में पार्टी की जीत के संकल्प के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जायें। उन्होंने कहाकि हमारा संगठनात्मक ढांचा और पार्टी कार्यकर्ताओं का परिश्रम निकाय चुनाव में भी हमें निश्चित रूप से सफलता दिलायेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने लोक कल्याण के संकल्प के साथ जनहित में अभूतपूर्व कार्य किये है। अब हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि जनता के बीच जाकर संपर्क व संवाद के माध्यम से निकाय चुनाव में पार्टी को विजय के लिए जनता से समर्थन व आशीर्वाद की अपील करें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने निकाय चुनावों को लेकर की जा रही तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से छूटे मतदाताओं का नाम जुड़वाने का कार्य अंतिम चरण में है।

# बसपा सांसद अफजाल अंसारी की 12.50 करोड़ रुपए से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वांचल** के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और उनके परिजनों द्वारा अवैध रूप से धन अर्जित कर तैयार किए गए आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने की योगी सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को लखनऊ पहुंची गाजीपुर जिले की पुलिस ने मुख्तार के बड़े भाई और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद अफजाल अंसारी की लखनऊ स्थित 12 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की अचल संपत्ति को कुर्क किया है। गाजीपुर के जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियुक्त अफजाल अंसारी द्वारा अपने संगठित अपराध से अर्जित किए गए धन से पत्नी फरहत अंसारी के नाम पर लखनऊ के डालीबाग में नियर बटलरगंज, एक्सटेंसन बंधा प्लाट नंबर 14 बी में 6700 वर्गफीट मे बने भवन और चहारदीवारी को कुर्क किया। गाजीपुर पुलिस ने कोठी के बाहर डुगडुगी पिटवाकर कुर्की की कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने डालीबाग पहुंचकर मकान में मौजूद नौकर को अतिरिक्त सामान बाहर निकालने के निर्देश दिए और की जाने वाले कार्रवाई से अवगत कराया। इसके बाद आरोपित के परिवारजन वहां पहुंचे। घर के भीतर एक पालतू कुत्ता मौजूद था। इसके अलावा परिसर में एक कार, एक बाइक भी खड़ी थी। परिवारजन ने दोनों गाड़ियों को बाहर निकाला और कुत्ते को भी साथ लेकर चले गए। वहीं घर के नौकरों ने खाने पीने की सामग्री बाहर निकाली। इसके बाद गेट पर कुर्की की कार्रवाई की नोटिस चस्पा कर दी गई। कुर्की के दौरान गाजीपुर पुलिस के अलावा हजरतगंज पुलिस भी मौजूद रही।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों व बच्चों से की चर्चा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जनपद मऊ के पहाड़ीपुर में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापकों तथा विद्यार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से वार्तालाप किया। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी जनवरी माह में मऊ के पहाड़ीपुर में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करूंगा। विद्यालय के बच्चों ने अब तक क्या सीखा है, क्या नया किया है और क्या नई सोच है, इन सभी विषयों पर विशेष रूप से चर्चा करूंगा। वार्तालाप के दौरान मुख्य सचिव ने बच्चों एवं सहायक अध्यापकों से शिक्षा के गुणवत्ता के स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। सही उत्तर प्राप्त होने पर बच्चों का उत्सावर्धन भी किया। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज के अनुभव के बारे में बच्चों से पूछा और बेहतर शिक्षा के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत के तहत त्रैमासिक परीक्षा आयोजित होनी है, इसके लिए सभी बच्चों को पूरी मेहनत व लगन से तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकास की तमाम योजनाएं प्रदेश में चलाई जा रही है। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान से पहाड़ीपुर के अमृत सरोवर तथा हर घर जल योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी को दीपावली और छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, महानिदेशक बेसिक शिक्षा विजय किरन आनंद उपस्थित थे।

# प्रयोग के तौर पर कराया गया इटावा बस अड्डे का सौन्दर्यीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की पहल पर परिवहन निगम बस स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण के लिए कायाकल्प योजना संचालित कर रहा है। प्रथम चरण में 18 बस स्टेशनों को सौन्दर्यीकरण किये जाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत इटावा क्षेत्र में इटावा बस स्टेशन पर प्रयोगिक रूप से विशेष सौन्दर्यीकरण कार्य कराया गया। यह जानकारी प्रबंध निदेशक परिवहन निगम संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इटावा बस स्टेशन पर 48 पिलर्स बनाये गये हैं। आकर्षक दिखने के लिए इन पिलर्स को एक समान कलर्स से पेंट किया गया है। इसके अतिरिक्त बस स्टेशन की इन्क्वायरी को मॉडल इन्क्वायरी के रूप में विकसित कराया गया हैए जिसके अंतर्गत बोर्ड लगवाना, इटावा शहर के दर्शनीय स्थलों की फ ोटो लगवानाए, इटावा जिले का एक रूटमैप लगवाना, यात्रियों-स्टाफ से स्वच्छता बनाये रखने के लिए आग्रह संबंधित फ्लैक्सी लगाना, जिलाध्विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नम्बर, सड़क सुरक्षा संबंधित उद्घोषणा, एलईडी के माध्यम से प्रसारण एवं लाइटिंग की उत्तम व्यवस्था सहित परिवहन निगम का हेल्पलाइन नम्बर इत्यादि अंकित किया गया है। एमडी परिवहन निगम ने बताया कि इटावा बस स्टेशन के कायाकल्प को और जनपदों के क्षेत्रीय प्रबंधकों को उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे कि वे अपने कायाकल्प के तहत अपने यहां भी बस अड्डों का सौन्दर्यीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री की मंशा प्रदेश के लोगों को उत्तम परिवहन सुविधा के साथ ही सावऊ सुथरा एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस अड्डे उपलब्ध कराना है।

# बढ़ते अपराधों व बेहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर कांग्रेस ने सरकार को किया कटघरे में खड़ा

● यूपी की पार्ट-2 योगी सरकार को जनता ने मान लिया है फेल: नकुल दुबे



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा है कि योगी और मोदी सरकार का महिमामंडन हो रहा है लेकिन हालात उसके विपरीत चल रहे हैं। अपराध के मामलों में चाहे हत्या या फि र बलात्कार हो, उसमें बेतहाशा वृद्धि हुई है।

नकुल दुबे शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई हर तरफ जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। अस्पतालों में लम्बी-लम्बी लाइन लगी हैं। डेंगू के मामले में सरकारी अस्पताल इलाज दे पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराने में अस्पताल अक्षम हैं। सरकारी अमला असहाय महसूस कर रहा है। ईमानदार कर्मचारियों का अभाव है। फागिंग अगर डेंगू ग्रस्त क्षेत्र आलमबाग व फैजुल्लागंज में कराना है तो सरकार नदी के किनारे फागिंग कराने की बात कर रही है। जनता के साथ एक गजब मजाक चल रहा है पर जनता सब समझ रही है। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश की पार्ट-2 योगी सरकार को जनता ने फेल मान लिया है और आने वाले हर चुनाव में चाहे व निकाय चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव, उत्तर प्रदेश में काबिज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को हटाने का मन बना लिया है। दुबे ने कहा कि आज देश में सच बनाम झूठ की लड़ाई चल रही है। सच अगर सुनना हो, देखना हो तो राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में देखा एवं सुना जा सकता है। जहां देश की पीडित जनता, किसानों, मछुआरों, बेरोजगारों, आदिवासियों की पीड़ा को सुना जा रहा है और भविष्य में उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया जा रहा है। अगर झूठ, फ रेब, चार सौ बीसी देखना है तो भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्यक्रम में देखा जा सकता है, जहां पर हजारों करोड़ों की बाते होती है मगर धरातल पर सिर्फ पांच किलो राशन के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से आज मिलेगा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**थाना** गुरसहायगंज के अन्तर्गत एक युवती के साथ हुई दुष्कर्म सम्बन्धी घटना के संज्ञान के आने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देश पर सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 29 अक्टूबर को जनपद कन्नौज जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, प्रदेश महासचिव शरद मिश्रा, प्रदेश सचिव नीतम सचान, विजय मिश्रा, पूर्व सचिव उषा दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल एवं मीर हारून अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कन्नौज शामिल रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल घटना की वस्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए घटनास्थल पर जाएगा तथा पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात कर स्थानीय प्रशासन से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा परिवार को न्याय दिलाने की मांग करेंगे।

## प्रदेश में अब तक 16745 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति कुन्तल कॉमन धान तथा 2060 रुपए प्रति कुंतल ग्रेड ए धान की निर्धारित दर से सीधे खरीद की जा रही है। अब तक 16745.30 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक 2733 किसान लाभान्वित हुए हैं। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 या संबंधित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारीए तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

# एटीएस ने बरामद किया हथियारों का जखीरा, दो तस्कर गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**यूपी** एटीएस एवं आजमगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही में अवैध असलहों के दो अंतर्राज्यीय तस्करों आफताब आलम व मैनुद्दीन शेख को भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित अवैध असलहों, कारतूस, खोखा, अर्द्धनिर्मित पेन-गन व शस्त्र बनाने के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। मैनुद्दीन शेख के नेपाल, पाकिस्तान व दुबई कनेक्शनों के बारे में भी जानकारी मिली है।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि आफ ताब आलम पूर्व में दो बार जेल जा चुका है और पिछले कई वर्षों से अवैध शस्त्रों के निर्माण तथा तस्करी में संलिप्त है और यह अवैध शस्त्र व कारतूस आदि को मैनुद्दीन शेख से खरीदकर तस्करी करता था। यूपी एटीएस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि जनपद आजमगढ़ के दो व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ अवैध शस्त्रों के निर्माण व तस्करी में संलिप्त हैं। विस्तृत छानबीन के बाद पता चला कि आफ ताब आलम निवासी फलाहनगर, थाना बिलरियागंज, आजमगढ़ तथा मैनुद्दीन शेख निवासी ग्राम व पोस्ट पतिला गौसपुर, थाना बिलरियागंज, आजमगढ़ अवैध शस्त्रों के निर्माण व गन हाउस से कारतूस प्राप्त कर उनकी गैर कानूनी ढंग से बिक्री व तस्करी करने में संलिप्त हैं। गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में साफ हुआ कि मैनुद्दीन शेख काफी दिनों से जनपद आजमगढ़ में गन हाउस के गठजोड़ से अवैध असलहों व कारतूस की तस्करी करता था और जनपद आजमगढ़ के देवारा क्षेत्र के कुढही ढाला के पास इब्राहिमपुर गांव में अपनी खेती की जमीन पर असलहा बनाने के लिए एक कारीगर को रखते हुए फैक्ट्री लगायी थी। बाढ़ आने के कारण वर्तमान में उक्त फैक्ट्री का संचालन अपने घर से कर रहा था। साथ ही पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि फैक्ट्री में निर्मित असलहों को आफ ताब आलम तथा काजी गन हाउस आसिफगंज पाण्डेय बाजार रोड आजमगढ़ के संचालक सैयद काजी अरशद के माध्यम से पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों में तस्करी करता था एवं कारतूस को अवैध रूप से गन हाउस से प्राप्त कर डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

## निर्वाचन आयोग के सबूत मांगने पर सपा मुखिया ने किया सवाल

# विधानसभा चुनाव में तमाम शिकायतों व ज्ञापनों का क्यों नहीं लिया गया संज्ञान

● कहा, आयोग ने स्वयं मतदाता सूची संबंधी नियमों का पालन किया होता तो मतदान से वंचित न रह जाते हजारों मतदाता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निर्वाचन** आयोग द्वारा बीते विधानसभा चुनाव में धांधली के लगाए गए आरोपों पर सबूत मांगने के दूसरे दिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग पर कड़ा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने यदि स्वयं विधानसभा चुनाव-2022 में मतदाता सूची सम्बंधी नियमों का पालन किया होता तो हजारों मतदाता मतदान से वंचित नहीं रह जाते। भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश की जाती है। चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हों यह संवैधानिक दायित्व निर्वाचन आयोग का है। बिना किसी भय या प्रलोभन के प्रशासकीय तंत्र के दबाव से परे मतदान की प्रक्रिया सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। 2022 के विधानसभा चुनाव से सम्बन्धित तमाम शिकायतों और ज्ञापनों का संज्ञान चुनाव आयोग द्वारा क्यों नहीं लिया गया?

उल्लेखनीय है कि बीते बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर उनसे उस आरोप पर सबूत देने को कहा है जिसमें उन्होंने निर्वाचन प्राधिकरण पर आरोप लगाया था कि इस साल उत्तर प्रदेश चुनाव के दौरान हर विधानसभा सीट की मतदाता सूची से यादव और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम सामूहिक रूप से हटा दिए गए थे। यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 में तमाम धांधलियां हुई जिनके प्रति समाजवादी पार्टी ने लगातार आपत्तियां की थी। चुनाव के दौरान लखनऊ में आईजी लक्ष्मी सिंह का लगातार शिकायतें करने के बावजूद स्थानांतरण नहीं किया गया जबकि सरोजनी नगर क्षेत्र में उनके पति भाजपा प्रत्याशी थे। ऐसे कई अधिकारियों, जो वर्षों से एक ही जगह जमे थे उनको भी हटाया नहीं गया। कई जगह पति-पत्नी दोनों अधिकारी चार्ज सम्भाल रहे थे पर उनको भी वहां रहने दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हजारों मतदेय स्थल भी क्यों बदल दिए गए। इससे कई मतदाता भटकते रहे। तमाम मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो गए। शासन-प्रशासन, मशीनरी द्वारा मतदान में देरी की गई और मनमाने तरीके से मतदान कराया गया। यादव ने कहा कि कई जगह पीठासीन अधिकारी के पास की सूची और अन्तिम सूची में भी अन्तर क्यों पाया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी अन्तिम मतदाता सूची बनी नहींख मतदान की प्रक्रिया की घोषणा भी नहीं हुई लेकिन भाजपा नेता नगर निगम के सभी 17 स्थानों पर काबिज हो जाने का दावा कैसे कर सकते हैं। निर्वाचन अधिकारी को इसका संज्ञान लेना चाहिए कि कहीं यह विधानसभा चुनाव-2022 की तरह निकाय चुनाव में भी धांधली का भाजपाई एजेंडा तो नहीं है।

### निकाय चुनाव के परिणामों से तय होगी पार्टी व राजनीति की दिशा-दशा

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को कई प्रमुख समाजवादी नेताओं ने मुलाकात की। यादव ने उनके साथ आगामी निकाय चुनावों पर चर्चा की। अखिलेश यादव ने निकाय चुनावों को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए इनमें पार्टी के मजबूत प्रदर्शन पर जोर दिया और कहा कि इनकी तैयारी में किसी प्रकार की भी शिथिलता नहीं हो क्योंकि इनके चुनाव परिणामों से पार्टी और राजनीति की आगामी दशा-दिशा भी तय होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की साजिशों के चलते देश में लोकतंत्र का क्या होगा? भाजपा को केवल सत्ता चाहिए उसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकती है। अत: समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को सतत सजग व सतर्क रहना है।

## दुनिया के दो फीसद शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में बीबीएयू के नौ शिक्षक शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों के दुनिया के दो फीसद शीर्ष वैज्ञानिकों की तैयार की गयी सूची में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय 9 शिक्षकों के नाम शामिल है। इन सभी 9 शिक्षकों को उनके सभी शोध प्रकाशनों और उद्धरणों के आधार पर यह स्थान प्राप्त हुआ है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी हर साल दुनिया भर के शीर्ष 2 फीसद शोधकर्ताओं के लिए उनके शोध प्रकाशनों के आधार पर डेटा जारी करती है। यह प्रतिष्ठित एल्सेवियर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस वर्ष इस सूची में जिन शिक्षकों ने जगह बनाई है उनमें प्रो राम चंद्रा, प्रो बीसी यादव, प्रो बीएस भदौरिया, प्रो नवीन कुमार अरोरा, डॉ पंकज कुमार अरोरा, डॉ राम नरेश भार्गव, डॉ विमल चंद्र पांडेय, डॉ आदित्य खम्पारिया एवं डॉ देवेश कुमार शामिल हैं। इनमें विवि के डॉ विमल चंद्र पांडेय को इनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, प्रो राम चंद्रा को इनवायरनमेंटल साइंसेज के क्षेत्र में, डॉ देवेश कुमार को जनरल केमिस्ट्री के क्षेत्र में तथा प्रो बीएस भदौरिया को मैकेनिकल इंजीनियरिंग और ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में लगातार दूसरी बार इस सूची में जगह मिली है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला ने जिला अस्पताल पहुंच घायल का जाना हाल...

# समुचित इलाज किए बिना डिस्चार्ज करने पर चिकित्सक को फटकार

● दबंग के हमले में मां-बेटे के घायल होने के मामले में मिश्रिख पुलिस की कार्यशैली से भी नाराज दिखीं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य

● बेटा संजय बचाने आया तो उसके भी हाथ पर मारा था दबंग ने बांका, पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर बढ़वाई दबंग पर धारा



संवाददाता। सीतापुर

**22 अक्टूबर** की रात सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली इलाके रामबाग के रहने वाले दलित राजरानी और उसके पुत्र संजय की गांव के ही दबंग सलमान ने घर में घुसकर पिटाई कर दी थी। इस जानलेवा हमले में मां बेटे को चोटे आयी थी। लेकिन मिश्रिख पुलिस ने समुचित कार्रवाई नहीं की थी, इस मामले का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया। शुक्रवार को आयोग की सदस्य अंजू बाला, मिश्रिख से विधायक रामकृष्ण भार्गव के साथ पीड़ित का हाल जानने सीतापुर जिला अस्पताल पहुंची, जैसे ही पीड़ित राजरानी ने बताया कि गंभीर चोट होने के बावजूद उसे डाक्टर ने डिस्चार्ज कर दिया है, इसपर आयोग की सदस्य अंजू बाला ने डाक्टर पर नाराज हो गई और डाक्टर के विरूद्ध जांच कराने के निर्देश भी दे दिए। यहीं नहीं इमरजेन्सी का रजिस्टर भी अपनी गाड़ी में रख लिया, हालांकि बाद में फोटो कांपी कर वापस दे दिया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला ने पीड़िता की दोबारा डाक्टरी परीक्षण कराने और समुचित इलाज करने के निर्देश सीएमएस डाक्टर आर.के. सिंह को दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. मधू गैरोला भी मौजूद रही। इस बीच कई अन्य शिकायतें भी राष्ट्रीय आयोग की सदस्य से जिला अस्पताल के मरीजों ने की। हरदोई से एक्सरे कराने आने वालों के साथ समय पर एक्सरा न होने की शिकायत पर आयोग की सदस्य अंजू बाला ने सीएमएस से नाराजगी जताई। इसी दौरान उनके संज्ञान में जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज की चोटी को पकड़कर नर्स द्वारा बेड पर लेटाया जाने का मामला भी रखा गया तो उन्होंने कहा कि उनसे अगर शिकायत होगी तो इस मामले में भी कार्रवाई करेगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अंजू बाला के जिला अस्पताल से निकलने के बाद वहां पर तीमारदार ने चिकित्सकों की कमी भी बताई जिसपर उन्होंने आश्वस्त किया कि वह शासन को इस समस्या से अवगत कराएगी। आयोग की सदस्य अंजू बाला क्षेत्राधिकारी मिश्रिख की कार्यशैली से नाराज दिखीं, लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस पहुंचकर एसपी घुले सुशील चन्द्रभान से वार्ता की। दलित मां-बेटे के मामले में धारा 452 बढ़ाए जाने का आश्वासन मिलने के बाद वह संतुष्ट दिखाई दी।

मंदिरों पर से अवैध कब्जा हटाए जाने की रखी मांग...

## जिलाधिकारी कार्यालय में जमीन पर बैठे विहिप कार्यकर्ता

● मंदिरों पर अतिक्रमण व अवैध कब्जे को लेकर सौंपा डीएम को ज्ञापन

● पदयात्रा निकालकर किया जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** मंदिरों पर हो रहे अतिक्रमण तथा कब्जा हटाने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद विभाग एवं मंदिर बचाओं संघर्ष समिति ने कुछ दिन पहले प्रशासन को ज्ञापन देकर मांग की थी कि इन मंदिरों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए लेकिन कोई कार्रवाई न होने से कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है, इसी को लेकर कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकालकर विरोध जताया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन फिर अधिकारियों को दिया है। ज्ञापन में यह कहा गया कि यदि इन लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो अबकी बार आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विहिप विभागाध्यक्ष विपुल सिंह, प्रांत सह संयोजक उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा, जिला संयोजक अनुज भदौरिया, नगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह, नगर संयोजक सूरज, नगर सह मंत्री नेतराम, संदीप सक्सेना, सोनी, महंत ध्रुव भाई, प्रियांशू एवं अन्य समिति के सदस्य तथा आम जनता भी उपस्थित रही।

नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बसपा ने की बैठक...

## सीतापुर में बसपा भी नगर निकाय चुनाव में उतारेगी प्रत्याशी

● पूर्व सांसद लखनऊ मंडल के प्रभारी घनश्याम चन्द्र खरवार ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

● खैराबाद के बुनियाद महाविद्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक



संवाददाता। सीतापुर

**नगर निकाय** के होने वाले चुनाव में भाजपा सपा के बाद अब बसपा ने भी तैयारियां तेज कर दी है, इस बार निकाय चुनाव में बसपा का हाथी भी दमखम के साथ लड़ता हुआ नजर आएगा। बसपा ने चुनाव पूर्व तैयारियों को लेकर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय एक बैठक बुनियाद महाविद्यालय खैराबाद में की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद और लखनऊ मंडल के प्रभारी घनश्याम चद्र खरवार पधारे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने की। पूर्व सांसद खरवार ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों को पार्टी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया और सभी से आहवान किया कि होने वाले निकाय चुनाव में वह लग जाएं, सभी नगर पालिका, नगर पंचायत और वार्डों जो भी बसपा से चुनाव लड़ना चाहते है उनके नामों को चिन्हित करके जिनकी लोकप्रियता अच्छी है, उन्हें जिला स्तर पर बताने को कहा। बसपा के लखनऊ मंडल के प्रभारी घनश्याम चन्द्र खरवार ने पार्टी में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। साथ में लखनऊ मंडल के प्रभारी रामनाथ रावत, सुशील कुमार मुन्ना व डॉ.राम कुमार कुरील भी रहे। बैठक में मंडल ज़ोन इंचार्ज डॉ.राममूर्ति मधुकर, बी.के. जाटव, इरफ़ान राईनी, जिले के उपाध्यक्ष समीम खान शानू, राजेश कुमार रावत, विकास राजवंशी, विनोद राजवंशी, राजेश सिद्धार्थ, जसकरन लाल चौधरी, ब्रज किशोर गौतम, राहुल गौतम व ज़ाहिद अंसारी, छत्रपाल राजवंशी, अजय पाल भारती, देशराज गौतम, मेड़ी लाल गौतम, सुरेश चन्द्र भारती, राम मिलन भार्गव, विजय कुमार गौतम, पंकज कुमार गौतम, विनोद भारती आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने की मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रगति की समीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा की संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज शासन की शीर्ष प्राथमिकता में है। उन्होंने जिला अस्पताल के ध्यस्तीकरण की फेजवार प्रगति जानी। प्रगति धीमी होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था डिमोलिशन के कार्य में मैनपावर बढ़ाते हुए ना केवल प्रगति लाए बल्कि इसकी नियमित समीक्षा हो। मेडिकल कालेज के निर्माण में अनावश्यक विलंब वह बर्दाश्त नहीं करेंगे, संबंधित का उत्तरदायित्व तय करेंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित ईसीएचएस (एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम) के तहत संचालित पॉलीक्लीनिक की शिफ्टिंग यथाशीघ्र कराते हुए उन्हें सूचित करें।



सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कार्यदायी संस्था एवं सीएमएस आपसी समन्वय से यथाशीघ्र मेडिकल कालेज के निर्माण की कार्यवाही को शुरू कराएं। निर्माण कार्य में आ रहे किसी भी अवरोध पर प्रशासन का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए उसे दूर कराते हुए तेजी लाएं। यह शासन की महत्वकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी प्रकार की हीला हवाली एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डा. अरुणेंद्र त्रिपाठी, सीएमएस डा. हर्षवर्धन, विंग कमांडर धनंजय सिंह, ईसीएचएस के प्रभारी अधिकारी कर्नल भंडारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल जाटव, एक्सईएन (भवन खंड) लखनऊ अशोक कुमार, सहायक अभियंता संयम सक्सेना, कंसलटेंट टीम लीडर डीडीएफ नई दिल्ली सुमित रैना, एनकेजी इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मैनेजर डीके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीएम ने की वर्चुअल समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

● डीएम बोले-किसानों से करें संवाद

● बताएं पराली जलाने के दुष्प्रभाव व फसल अवशेष प्रबंधन के गुर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शुक्रवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी उप जिलाधिकारियों से उनके तहसील क्षेत्र में घटित पराली जलाने की घटनाओं में हुई कार्यवाहियों, पराली न जलाने के लिए संचालित जागरूकता कार्यक्रमो/ चौपालों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की, जरूरी निर्देश दिए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी उप जिला अधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में पराली न जलाने के संबंध में जागरूकता अभियान में तेजी लाए।

पूरा प्रयास करें कि कहीं भी कोई भी किसान फसल अवशेष/पराली ना जलाएं। सभी ग्रामीण इलाकों में लेखपालों को रूट लेवल पर एक्टिवेट करे, जो किसानों एवं समाज के संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद करें। कहीं भी कोई पराली जलाने की घटना प्रकाश में आई तो संबंधित लेखपाल का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

चौपालों में किसानों से संवाद करके फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दें। डीएम ने अफसरों से जाना कि अबतक कितने किसानों के खेत से फसल अवशेष निकटवर्ती आश्रय स्थलों में भिजवाया गया। गांव-गांव मुनादी कराकर लोगों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक करें।

डीएम ने एसडीएम से तहसीलवार पराली जलाने की घटनाओ में अबतक हुई कार्यवाही की प्रगति जानी। सभी अधिकारी स्वयं एवं अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के जरिए पराली न जलाने हेतु हर संभव प्रयास करें। पराली/फसल अवशेष खेतों में जलाने के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति के निरंतर क्षति के दृष्टिगत शासन तथा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पराली/फसल अवशेष खेत में जलाने पर कड़े प्रतिबंध लगाए है तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम/ग्राम चौपाल में मौजूद सभी किसान भाइयों से अपील की जाए कि फसलों की कटाई कंबाइन हार्वेस्टर में सुपर एसएमएस तथा अन्य फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों का प्रयोग अवश्य करें तथा पराली/फसल अवशेष को खेतों में ना जलाएं, धान से निकलने वाला पुआल बीडीओ/सेक्रेटरी तथा एडीओ (कृषि) के जरिए निकटवर्ती समीप की गौशाला पर भी दिया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### श्री चित्रगुप्त चौक पर दीपदान, 501 दीयों से रोशन हुआ चौक

**बरेली।** भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोसव दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली द्वारा कलम दवात, हवन पूजन एवं दीपदान किया गया। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार जी,विशिष्ट अतिथि नगर निगम चुनाव संयोजक अधीर सक्सेना, हिन्दू जागरण मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री गुलशन आनंद जी, महानगर अध्यक्ष के एम अरोरा, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश कातिव ने भगवान श्री चित्रगुप्त की मूर्ति पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित किया। श्री चित्रगुप्त धाम के संस्थापक सचिव डॉ शिव कुमार जी ने भगवान श्री चित्रगुप्त के 108 मंत्र ? श्री चित्रगुप्ताये नमः से हवन पूजन संपन्न कराया।वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार जी ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी ब्रह्मपुत्र हैं और हम उन्हीं के वंशज हैं वो सभी प्राणियों के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखते हैं उनकी पूजा सभी को करनी चाहिए, बरेली में कायस्थ महासभा सभी संगठनों को साथ लेकर चलती है । इस अवसर पर वेद प्रकाश कातिव, आलोक प्रधान एड, शालिनी जौहरी पार्षद, अनुजकांत सक्सेना एड, ईशान ईशु ने भाजपा महानगर महामंत्री एवं नगर निगम चुनाव संयोजक श्री अधीर सक्सेना को भगवान श्री चित्रगुप्त की शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए सम्मान पत्र देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अश्विनी कमठान, रवि सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, शालिनी जौहरी पार्षद, रश्मि प्रधान, रचना सक्सेना, संजय राय, सौरभ सक्सेना, सतीश कातिव, कपिल कांत, उदित सक्सेना, सुरेंद्र बीनू सिन्हा, निर्भय सक्सेना, सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हाथ में दीप प्रज्ज्वलित करके भगवान की आरती की और भगवान श्री चित्रगुप्त का आशीर्वाद और प्रसाद प्राप्त किया।।कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा मुख्य रूप से कार्यक्रम में कायस्थ चेतना मंच से पवन सक्सेना, अमित बिंदु, चित्रांश महासभा से राकेश सक्सेना,प्रदीप सक्सेना, हम कायस्थ से शिव कुमार बरतरिया, अंकुर सक्सेना अपुल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संजीव सक्सेना जी, पंकज सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, राजेश सक्सेना, अनिल सक्सेना, जया श्रीवास्तव, शालू सक्सेना, मनोज सक्सेना, अरव सक्सेना अंशु, सुधीर मोहन, मीरा मोहन, अनुपमा सक्सेना, पंकज जौहरी, प्रवेश वर्मा, आदि सैकड़ों की संख्या में चित्रांश बंधुओं के अलावा अन्य जातियों के लोग भी शामिल रहे। सभी ने भगवान श्री चित्रगुप्त का आशीर्वाद और प्रसाद प्राप्त किया।

### अपर निदेशक पशुपालन और नगर आयुक्त को कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर सड़कों पर घूमने वाले आवारा गोवंश पशुओं की देखभाल और रखरखाव के लिए बरेली मंडल में बड़ी गौशालाओं का निर्माण कराया जाएगा।वृहद गौशालाओं की क्षमता 25 सौ से 3000 गोवंश पशुओं की होगी। इसके लिए चारों जिलों में 25 से 50 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेज दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर कमिश्नर बरेली मंडल संयुक्ता समद्दार ने शुक्रवार को गौशालाओं का निरीक्षण किया। बरेली की नदौसी कान्हा गौशाला में पिछले 2 माह में हुई 31 गोवंश पशुओं की मौत का कारण रजिस्टर में अंकित ना होने पर कमिश्नर बिफर गई। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में लापरवाही, गौवंश के पालन और पोषण, देखभाल में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने निगम के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को नदौसी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने बताया कि गौशाला में डॉक्टर सुनैना सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी ओपीडी करती हैं। लेकिन 7 माह पहले 22 मार्च को उन्होंने अंतिम बार ओपीडी की थी। हर माह लगभग 10 से 12 गाय गौशाला में आती हैं। उन्होंने डॉक्टर सुनैना सिंह को निर्देशित किया कि वह नियमित ओपीडी कर गायों की टैगिंग करें। गोवंश पशुओं को मिलने वाले पशु आहार के रजिस्टर में नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी, बीडब्ल्यू व अन्य अधिकारियों के स्टॉक वेरिफिकेशन की रिपोर्ट नहीं थी। अटेंडेंट के हस्ताक्षर नजर नहीं आए। जिस पर कमिश्नर ने खासी नाराजगी व्यक्त की।

### दो मोटर साइकिलें टकराईं, ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** दो मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हुए ग्रामीण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव भैरपुर कला निवासी 45 वर्षीय गिरीश चंद्र पुत्र जगदीश चंद्र कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घरवालों ने बताया कि गिरीश चंद्र कल दिन में अपने किसी काम से मोटरसाइकिल से दातागंज की बाजार गए थे जहां से वापस लौटते समय दातागंज पुलिया के पास तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े लेकिन गिरीशचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के घरवालों को सूचना दी जो उसे इलाज के लिए बरेली लाए दूसरा बाइक सवार वाहन छोड़कर फरार हो गया देर रात बरेली के निजी अस्पताल में गिरीश चंद्र ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### बस की टक्कर से दो साल के बच्चे व युवक की मौत

**मोहम्मदी-खीरी।** हजरतपुर के निवासी रामू 25 वर्ष मोटरसाइकिल से गांव की महिला लूसी को उसके 2 वर्ष के नाती के साथ मोहम्मदी खरीदारी के लिए आया था मोहम्मदी खरीदारी करने के बाद वह अपने गांव हजरतपुर जा रहा था तभी पीछे से आ रही प्राइवेट बस यूपी 30 एटी 1113 बरबर रोड पर कचनार के समीप तेजी से आ रही बस की चपेट में आ गया। जिसमें युवक रामू और 2 साल का बच्चा तथा बच्चे की नानी लूसी गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में गांव वालों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर रामू और बच्चा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला लूसी की हालत गंभीर देख कर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर दोनों शवों को पंचनामा भरकर लखीमपुर भेजने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं जब दोनों परिवारों में इसकी सूचना मिली तब गांव वाले व परिवार वाले अस्पताल में जमा हो गए जिन का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं बच्चे की मां रोती बिलखती देखी गई। गौतलब है प्राइवेट बसें बड़ी तेजी के साथ सड़कों पर दौड़ती नजर आती हैं जिस पर किसी विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है।

### आधार अपडेट के लिए खीरी में विशेष अभियान

**लखीमपुर खीरी।** जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लखीमपुर खीरी में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि निवासी अपना आधार अपडेट आसानी से करा सके। इसके लिए विशेष आधार कैंपो का आयोजन किया जा रहा है। जैसा की हम जानते है की आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक है। अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार में एक ख़ास फीचर है की आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है।

## पेज एक का शेष

### देशभर में...

हुए। यह दो दिवसीय चिंतन शिविर प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित पंच प्राण के अनुसार आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मामलों पर नीति निर्माण को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करने का एक प्रयास है। इसका उद्देश्य सहकारी संघवाद की भावना से केंद्र और राज्य स्तर पर विभिन्न हितधारकों के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक तालमेल बिठाना है।

### राष्ट्र को...

राजस्थान में 14 परियोजनाएं हैं। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सुदूर इलाकों की प्रगति सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सिंह ने इस बात का जिक्र किया कि सशस्त्र बलों की जरूरतों के अनुरूप बुनियादी ढांचे का विकास मुख्य कारण था जिसने उत्तरी सेक्टर में हालिया स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में भारत की मदद की। उन्होंने चीनी सेना के पूर्वी लद्दाख में आक्रामक व्यवहार के भारतीय सैन्य बलों के जवाब का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि ये सेतु, सड़कें और हेलीपैड देश के पश्चिमी, उत्तरी और उत्तर-पूर्व हिस्सों के सुदूर इलाकों में सैन्य एवं असैन्य परिवहन परिवहन को सुगम बनाएंगे तथा विकास की कड़ी का एक हिस्सा बनाएंगे। उन्होंने कहा, दूर-दराज के इलाकों को जल्द ही शेष देश से जोड़ दिया जाएगा और साथ मिलकर हम राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### मुंबई हमले...

हो रहे सीमा पार से आतंकवाद ने इससे (आतंकवाद से) लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को ना तो कमजोर किया है ना कर पाएगा। हमें इस समस्या से निपटने के लिए राजनीतिक मतभेदों को दूर रखना होगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को सभी मोर्चों पर, सभी परिस्थितियों में और सभी स्थानों पर दृढ़ता से लड़ना होगा। विदेश मंत्री आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का मुकाबला विषय पर यहां आयोजित एक विशेष बैठक में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम के पहले चरण का आयोजन दक्षिण मुंबई में ताज महल पैलेस होटल में आयोजित किया जा रहा है। आतंकवादियों ने 26 नवंबर 2008 को किए गए हमलों के दौरान इस होटल को भी निशाना बनाया था। विदेश मंत्री ने कहा, 26।11 (26 नवंबर 2008) आतंकी हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारी अब भी सुरक्षित हैं तथा उन्हें सजा नहीं मिली है। जयशंकर ने कहा कि यह स्थिति सामूहिक विश्वसनीयता और सामूहिक हित को कमतर करती है।

### सोशल मीडिया...

घंटों के भीतर करना होगा। संशोधित नियम के मुताबिक अश्लील कंटेंटए बच्चों के लिए नुकसानदायकए धर्मए जाति के रूप से आपत्तिजनकए जुए को प्रोत्साहित करने वालेए हिंसा भड़काने के उद्देश्य से पोस्ट किए जाने वाले कंटेंटए पेटेंटए व्यापार चिह्नए व अन्य अधिकारों का अति उल्लंघन करने व कंटेंटए देश की एकताए अखंडताए रक्षा व संप्रभुता जैसे कंटेंट को प्लेटफार्म से तुरंत या अधिकतम 72 घंटों के भीतर हटाना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे कंटेंट उनके प्लेटफार्म पर नहीं आए।

### जी-20 शिखर...

संबंधों का साक्षात प्रतिनिधित्व करते हैं और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। साझा वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ऋषि ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और दोनों नेताओं ने सुरक्षा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए ब्रिटेन और भारत बातचीत को आगे बढ़ा सकते हैं। दोनों नेताओं ने दुनिया की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए दो महान लोकतंत्रों के रूप में एक साथ मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई और इंडोनेशिया में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान व्यक्तिगत रूप से मिलने की उम्मीद की।

### ट्विटर के...

गड्डे के अलावा मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल और जनरल काउंसिल सियान एजेट शामिल हैं। अग्रवाल को पिछले साल नवंबर में कंपनी के सह-संस्थापक जैक डोर्सी के इस्तीफे के बाद ट्विटर का सीईओ नियुक्त किया गया था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे और स्टैनफॉर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुके अग्रवाल ने एक दशक से अधिक समय पहले ट्विटर में नौकरी शुरू की थी। उस समय कंपनी में 1,000 से भी कम कर्मचारी हुआ करते थे।

### राजधानी में...

को पहले किलोमीटर के बाद 16 के बजाय अब 20 रुपये प्रति किमी शुल्क देना होगा। इसमें चार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, नॉन एसी और एसी दोनों टैक्सियों के लिए 15 मिनट के बाद वेटिंग चार्ज बढ़ाया गया है। अतिरिक्त सामान शुल्क भी 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये कर दिया गया है। टैक्सी के लिए रात्रि शुल्क अभी भी दिन के शुल्क से 25 प्रतिशत अधिक है। ऑटो-रिक्शा के किराए में अंतिम संशोधन 2020 में हुआ था, जबकि टैक्सी के लिए किराये में बढ़ोतरी नौ साल पहले 2013 में हुई थी। राजधानी में चलने वाली टैक्सी में काली और पीली टैक्सी, इकोनॉमी टैक्सी और प्रीमियम टैक्सी शामिल हैं। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि ऑटो-रिक्शा और टैक्सी संघ-यूनियनें काफी समय से किराए में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे।

### जीएम सरसों...

था, अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कोई समीक्षा नहीं की। उन्होंने पत्र में लिखा है, नियामकों ने जीएम फसल का विकास करने वालों से हाथ मिला लिया है और वे बार-बार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो एक गंभीर मुद्दा है। महाजन ने कहा, हमें भरोसा है कि जीएम फसलों के प्रतिकूल असर का सतर्कतापूर्ण अध्ययन करने वाले और पूर्व में समय-समय पर अपने विचारों को प्रकट करने वाले एक व्यक्ति के रूप में आप इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि जीएम सरसों के बीज कभी न बोए जाएं। महाजन ने उस दावे को पूरी तरह गलत बताया कि जीएम सरसों स्वदेशी है और इसे भारत में विकसित किया गया है। महाजन ने पर्यावरण मंत्री को दिए पत्र में लिखा, हम आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि वर्ष 2002 में प्रोएग्रो सीड कंपनी(बेयर की आनुषंगी कंपनी) ने इस तरह के बीज को लेकर वाणिज्यिक मंजूरी के लिए आवेदन किया था जिसे प्रोफेसर पेंटल और उनकी टीम अब एचटी सरसों डीएमएच 11 के रूप में प्रचारित कर रही है। महाजन ने वैज्ञानिक दीपक पेंटल के संदर्भ में यह बात कही जिनकी जीएम तकनीक को जीईएसी से मंजूरी मिली है। महाजन ने रेखांकित किया कि बेयर के आवेदन को तब स्वीकार नहीं किया गया था क्योंकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने कहा था कि खेत में परीक्षण के दौरान अधिक उपज होने का प्रमाण नहीं मिला।

### आजम खां...

तरफ से रामपुर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब इस सीट पर उपचुनाव कराए जाएंगे। सपा नेता खां ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रामपुर सदर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 10 वीं बार जीत हासिल की थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने रामपुर से लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जुलाई 2013 में जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो (संसद और विधानसभा से) उनकी सदस्यता अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दिन से समाप्त हो जाती है। हालांकि अगर खां उच्च अदालत में इस फैसले के खिलाफ अपील करते हैं और अदालत उनकी दोषसिद्धि को निलंबित कर देती है तो ऐसी स्थिति में उनकी विधानसभा सदस्यता फिर मिल सकती है।

### स्वतंत्रत विदेश...

गया। वह वास्तव में देशभक्त हैं। उनकी मेक इन इंडिया प्रमुख कोशिश है। भारत ने इससे वास्तव में प्रगति की है। महान भविष्य सामने है। पुतिन ने कहा, भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन उसे अपने विकास दर पर गर्व करना चाहिए जो उसकी प्रगति और विकास पर आधारित है। रूसी नेता ने कहा कि दिल्ली और मॉस्को के बीच आर्थिक सहयोग भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे उर्वरक की आपूर्ति बढ़ाने को कहा, जो भारतीय कृषि के लिए महत्वपूर्ण है और हमने यह किया। पुतिन ने बताया विस्तृत जानकारी दिए हुए बताया कि आपूर्ति 7.6 गुना बढ़ी है। पुतिन ने कहा कि वह मानते हैं कि भारत जैसे देशों का न केवल महान भविष्य आगे है बल्कि उनका वैश्विक नीति में भी भूमिका बढ़ रही है। रूसी राष्ट्रपति की टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर की आठ नंबर को होने वाली मॉस्को यात्रा से पहले आई है।

# भाजपा ने तेलंगाना में विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को तेलंगाना राष्ट्र समिति नेताओं के उन आरोपों की सीबीआई से जांच कराने की मांग की, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने उसके कुछ विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश की। भाजपा ने दावा किया कि मुनुगोड़े विस सीट पर हो रहे चुनाव को प्रभावित करने के लिए टीआरएस की ओर से यह सब गढ़ा गया है। भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस सिलसिले में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी मांग रखी।भाजपा नेताओं ने इस दौरान ओडिशा की सत्ताधारी बीजद पर एक फर्जी व छेड़छाड कर निर्मित किए गए ऑडियो क्लिप के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की निजी छवि धूमिल करने के लिए भ्रामक प्रयास करने का भी आरोप लगाया। यह सब धामनगर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है।

भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा महासचिव अरुण सिंह, पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और वरिष्ठ नेता ओम पाठक शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग ने शाह के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्वाही की मांग की और कहा कि इसमें शामिल बीजद नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। मुनुगोडे और धामनगर में हो रहे उपचुनाव के तहत तीन नवंबर को मतदान होना है। प्रतिनिधमंडल ने कहा, बीजद के पदाधिकारियों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और धामनगर से चुनाव लड़ रहे एक निर्दलीय उम्मीदवार की कथित मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया पर एक फर्जी और निर्मित ऑडियो क्लिप जारी किया गया है। सच्चाई यह है कि ऐसी कोई मुलाकात हुई ही नहीं है।

चंद्रशेखर ने कहा कि तेलंगाना और ओडिशा में उपचुनावों को बाधित करने के गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से दोनों राज्यों की सरकारें परेशान हैं और वे चुनावी परिणामों को प्रभावित करने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपना रही हैं। भाजपा ने कहा कि निर्वाचन आयोग को तेलंगाना मामले की सीबीआई से जांच करानी चाहिए। भाजपा ने दावा किया कि तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी इस उपचुनाव में हारने जा रही है इसलिए वह घबराई हुई है। तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस के चार विधायकों को पाला बदलने के लिए लालच देने के आरोप में तीन लोगों को हैदराबाद में गिरफ्तार किया गया है। विधायक पायलट रोहित रेड्डी की शिकायत पर आपराधिक साज़िश, रिश्वत देने और भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंदा कुमार और सिंहयाजी स्वामी के खिलाफ 26 अक्टूबर की रात को मामला दर्ज किया गया था।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें 100 करोड़ रुपए की पेशकश की और बदले में विधायक को टीआरएस छोड़ अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने को कहा। प्राथमिकी के अनुसार आरोपियों ने यह भी धमकी दी कि अगर विधायक ने उनकी पेशकश पर ध्यान नहीं दिया तो रेड्डी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई में मामले दर्ज कराए जाएंगे।

## नाथद्वारा में 369 फुट ऊंची शिव प्रतिमा का लोकार्पण शनिवार को

**जयपुर।** राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा कस्बे में निर्मित 369 फुट उंची शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम का लोकार्पण शनिवार को होगा। दावा है कि भगवान शिव की अल्हड़ व ध्यान मुद्रा वाली यह प्रतिमा दुनिया की सबसे उंची शिव प्रतिमा है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कथावाचक मुरारी बापू, योग गुरु बाबा रामदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी.पी. जोशी भी मौजूद रहेंगे। प्रतिमा का निर्माण तत पदम संस्थान द्वारा किया गया है। संस्थान के ट्रस्टी और मिराज समूह के अध्यक्ष मदन पालीवाल ने कहा कि प्रतिमा के उद्घाटन के बाद 29 अक्टूबर से छह नवंबर तक नौ दिनों तक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मुरारी बापू राम कथा का पाठ भी करेंगे। कार्यक्रम के प्रवक्ता जयप्रकाश माली ने कहा कि नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर 51 बीघा की पहाड़ी पर बनी इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में हैं। माली ने दावा किया, विश्व की सबसे उंची शिव प्रतिमा की अपनी एक अलग ही विशेषता है। 369 फुट उंची यह प्रतिमा विश्व की अकेली ऐसी प्रतिमा होगी, जिसमें लिफ्ट, सीढ़ियां, श्रद्धालुओं के लिए हॉल बनाया गया है। उन्होंने कहा, प्रतिमा के अंदर सबसे ऊपरी हिस्से में जाने के लिए चार लिफ्ट और तीन सीढ़ियां बनी हैं। प्रतिमा के निर्माण में 10 वर्षों का समय और 3000 टन स्टील और लोहा, 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट और रेत का इस्तेमाल हुआ है।



पटना में छठ पर्व के पहले दिन पूजा करती हुई व्रती महिलाएं।

# विस्फोट मामले के आरोपी ने स्वीकारा कि वह आईएसआईएस से जुड़े लोगों से मिला था: पुलिस

**भाषा।** कोयंबटूर (तमिलनाडु)

**कोयंबटूर विस्फोट मामले** के छह आरोपियों में से एक ने पूछताछ के दौरान कबूल किया है कि वह केरल की जेल में दो ऐसे लोगों से मिला था जिनका श्रीलंका के ईस्टर बम विस्फोट में शामिल आईएसआईएस समूह से संबंध था। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार फिरोज इस्माइल ने स्वीकार किया कि उसने केरल की एक जेल में बंद मोहम्मद अजहरुद्दीन और राशिद अली से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि उनकी मुलाकात के मकसद का पता लगाने के लिए आगे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने कहा कि पांच आरोपियों को उनके घर ले जाया गया और तलाशी ली गई। इस बीच, पुलिस ने कोयंबटूर जिले में वाहनों की जांच जारी रखी और सड़क किनारे खड़ी लावारिस मोटरसाइकिल और कार को अपनी हिरासत में ले लिया। इसके अलावा अधिकारियों ने तमिलनाडु की केरल के साथ लगती सीमा पर पुलिस और वन चौकियों पर भी वाहनों की जांच तेज कर दी है। पुलिस राज्य के अन्य हिस्सों में भी संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ले रही है।

दिवाली के एक दिन पहले यहां कार में लगे सिलेंडर में विस्फोट होने से उसमें सवार जेमिशा मुबीन की मौत हो गई थी। बाद में मुबीन के घर से पोटाशियम नाइट्रेट समेत 75 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया था। वहीं तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन रवि ने कार विस्फोट को एक बड़ा आतंकी हमला करने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि बाद में मिले विस्फोटक और रसायन यह बताने के लिए पर्याप्त है कि उन लोगों ने हमलों की एक श्रृंखला की योजना बनाई थी।

वह यहां के पास जेएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस एंड हॉस्पिटल्स में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रवि ने कहा, जिले में कुछ दिन पहले हुई घटना एक बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने का प्रयास था। सवाल यह है कि जब तमिलनाडु पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर संदिग्धों को पकड़ लिया तो एनआईए को बुलाने में चार दिन से अधिक समय क्यों लगा। उन्होंने कहा, आतंकवादी सभी के दुश्मन हैं और वे किसी के दोस्त नहीं हैं। हम जानते हैं कि आतंकवादी अलग-अलग काम नहीं करते हैं। वे एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हैं। वे लोग जो कर रहे थे, वह एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। कोयंबटूर साजिश रचने वाले आतंकवादियों के लिए जानामाना जगह है। रवि ने कहा, कार विस्फोट मामले में शामिल लोग विगत में हमारे रडार पर थे। हमसे कहां चूक हुई? क्या हमारी निगरानी प्रणाली ने काम नहीं किया।

# गोवा में विवादित ढांचे को गिराया जाएगा: टीएमसी सांसद मोइत्रा

**भाषा।** पणजी

**तृणमूल कांग्रेस** की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पुराने गोवा में एक विवादित ढांचे को गिराने का आदेश दिया है। तटीय राज्य में लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता दावा कर रहे हैं कि यूनेस्को द्वारा संरक्षित धरोहरों के समीप बनाया जा रहा एक बंगला गैरकानूनी है।

मोइत्रा ने शुक्रवार को ट्वीट किया, बहुत खुशी है कि हमारी कोशिशें रंग लाई और पुराने गोवा में विरासत स्थल पर बंगले के गैरकानूनी निर्माण को रोक दिया गया है। किशन रेड्डी और सेव ओल्ड गोवा एक्शन कमिटी (एसओजीसीए) को शुक्रिया। मोइत्रा ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री रेड्डी का एक पत्र भी ट्वीट किया जिसमें कहा गया है कि एएसआई ने प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल एवं अवशेष कानून, 1958 के प्रावधानों के तहत 16 अगस्त 2022 को अवैध निर्माण को गिराए जाने का आदेश जारी किया।

पत्र में कहा गया है कि मोइत्रा ने शून्य काल के दौरान लोकसभा में गत वर्ष एक दिसंबर को गोवा के चैपल ऑफ सेंट कैजेटन के संरक्षित क्षेत्र में अवैध निर्माण के मुद्दे को उठाया था। गोवा से तृणमूल कांग्रेस की नेता राखी प्रभुदेसाई नाइक ने ट्वीट कर मोइत्रा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनकी पार्टी एएसआई के आदेश के क्रियान्वयन पर नजर रखेगी। भाजपा की गोवा इकाई के प्रवक्ता सेवियो रोड्रिगेज ने इसकी पुष्टि की कि इस ढांचे को गिराया जाएगा क्योंकि एएसआई ने इसे गैरकानूनी बताया है।

# चिराग राजग के सहयोगी हैं, बिहार उपचुनाव में भाजपा के लिए प्रचार करेंगे: संजय जायसवाल

**भाषा।** पटना

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)** की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि चिराग पासवान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी हैं और राज्य के मोकामा एवं गोपालगंज विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। जायसवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मोकामा एवं गोपालगंज के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि चिराग 31 अक्टूबर को मोकामा जबकि एक नवंबर को गोपालगंज में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे।

भाजपा नेता ने कहा, हम उन सभी दलों को राजग का सहयोगी मानते हैं, जिन्होंने हमारे साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा है और राष्ट्रपति चुनाव में हमारा समर्थन किया है। दलित समुदाय से आने वाले कद्दावर नेता रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान ने अपने पिता द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी का नेतृत्व किया, जो पिछले साल चाचा पशुपति कुमार पारस की बगावत के कारण टूट गई थी। चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव में उस समय खलबली मचा दी थी जब उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बगावत कर दी थी। उस समय कुमार राजग का हिस्सा थे।

जायसवाल ने यह भी घोषणा की कि भाजपा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर गोपालगंज से राजद उम्मीदवार मोहन प्रकाश गुप्ता का नामांकन रद्द करने की मांग करेगी। उन्होंने दावा किया, हमने हाल ही में निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा गया है कि गुप्ता ने झारखंड में अपने खिलाफ दर्ज शराब तस्करी के एक मामले से संबंधित जानकारी छुपाई है। अब तक चुनाव अधिकारी द्वारा इस पर कोई कार्वाई नहीं की गई है। इसलिए हम एक नवंबर को अदालत का रुख करेंगे।

जायसवाल ने आरोप लगाया कि मोकामा में बाहुबली से नेता बने अनंत कुमार सिंह द्वारा मतदाताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। अनंत सिंह की पत्नी राजद उम्मीदवार के तौर पर अपने पति को अयोग्य ठहराए जाने के कारण खाली हुई इस सीट को बरकरार रखना चाहती हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, कल मोकामा के मुख्य बाजार में डकैती हुई थी। डकैत अनंत सिंह के गुर्गे थे जिनका मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने नेता का समर्थन नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देना था।

# गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के पुत्र महेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल

**अहमदाबाद (गुजरात)।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला के पुत्र महेंद्र सिंह वाघेला राज्य विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस की गुजरात इकाई के अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने यहां पार्टी मुख्यालय में 58 वर्षीय पूर्व विधायक का स्वागत किया। महेंद्र सिंह वाघेला ऐसे समय में कांग्रेस में शामिल हुए हैं जब गुजरात में दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह बिना किसी अपेक्षा के कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं और अगर पार्टी चाहेगी तो वह चुनाव लड़ेंगे। उत्तर गुजरात में बायद से 2012 से 2017 तक कांग्रेस विधायक रहे महेंद्र सिंह ने विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले अगस्त 2017 में पार्टी छोड़ दी थी और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। पार्टी नेतृत्व यह तय करेगा कि मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं। मैं बिना किसी अपेक्षा के कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। मैंने भाजपा में शामिल होने के तुरंत बाद उसे छोड़ दिया था क्योंकि मैं सहज नहीं था और यही वजह है कि मैं उनके किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ था। महेंद्र सिंह अपने पिता शंकर सिंह समेत कांग्रेस के उन आठ विधायकों में से एक हैं जिन्होंने अगस्त 2017 में भाजपा के एक उम्मीदवार के पक्ष में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी और बाद में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार दिवंगत अहमद पटेल ने भाजपा के बलवंत सिंह राजपूत को हरा दिया था। महेंद्र सिंह ने 2017 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था।



जम्मू में रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैक पर पुलिसकर्मियों के साथ खोजबीन करता हुआ कुत्ता।

## वित्त संबंधी संसदीय समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने ईडी, एसएफआईओ के कामकाज पर चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** वित्त संबंधी संसद की स्थाई समिति में शामिल कुछ विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को मांग की कि इसकी बैठक में ईडी और गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) के कामकाज के बारे में चर्चा की जाए। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली यह समिति भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग संशोधन विधेयक पर विचार-विमर्श कर रही थी। समिति ने एक साल के अपने एजेंडे के बारे में भी चर्चा की। आप के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि समिति को ईडी और एसएफआईओ के कामकाज की भी समीक्षा करनी चाहिए। विपक्ष के कुछ अन्य सांसदों ने भी चड्ढा की बात का समर्थन किया। विपक्षी दल केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ईडी ने विपक्ष के कई नेताओं को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है।

# विधि आयोग के अध्यक्ष, अन्य सदस्यों की नियुक्ति संबंधी याचिका पर 31 अक्टूबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय विधि आयोग को वैधानिक निकाय घोषित करने और इसके अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की नियुक्ति का केंद्र को निर्देश देने संबंधी एक जनहित याचिका पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 31 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, याचिका की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ करने वाली है। दिसंबर 2021 में दायर जनहित याचिका के जवाब में विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा कहा गया कि विधि आयोग को वैधानिक निकाय बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने अपने हलफनामे में कहा था, यह कहा गया है कि 22वें विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को किया गया था और अध्यक्ष एवं इसके सदस्यों की नियुक्ति संबंधित अधिकारियों के पास विचाराधीन है। विधि आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

मंत्रालय की दलील थी कि अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका निरर्थक है और इसमें दम नहीं होने के कारण इसे सुनवाई के लिए बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है। जनहित याचिका में गृह मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय के साथ-साथ भारत के विधि आयोग को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि वाद-हेतुक 31 अगस्त, 2018 को उस वक्त सामने आया, जब 21वें विधि आयोग का कार्यकाल समाप्त हो गया, लेकिन केंद्र ने न तो आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाया है और न ही 22वें विधि आयोग के लिए अधिसूचना जारी की है। उपाध्याय ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में कहा है। हालांकि 19 फरवरी, 2020 को केंद्र ने 22वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी दी थी, लेकिन उसने आज तक न तो अध्यक्ष की, न ही अन्य सदस्यों की नियुक्ति की है। याचिका में शीर्ष अदालत से खुद भी जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया गया है।

# टाटा-एयरबस परियोजना गुजरात में स्थापित करने का समझौता एमवीए शासन के दौरान हुआ : सामंत

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात में टाटा-एअरबस सी-295 परिवहन विमान परियोजना स्थापित करने के सौदे पर केंद्र ने पिछले साल सितंबर में हस्ताक्षर किए थे जब राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। राज्य के उद्योग मंत्री ने इस परियोजना पर भ्रम पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। सामंत ने कहा कि गुजरात में विमान विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर केंद्र ने सितंबर 2021 में हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, चाहे वेदांता-फॉक्सकॉन परियोजना हो या टाटा-एअरबस परियोजना हो, इन परियोजना को कहां स्थापित किया जाए, इसका फैसला जून में राज्य में इस (एकनाथ शिंदे नीत) सरकार के सत्ता में आने से पहले लिया गया था। विपक्ष लोगों के बीच भ्रम फैलाने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि यूरोपीय कंपनी एअरबस और भारतीय समूह टाटा का एक कंसोर्टियम (संघ) गुजरात के वडोदरा में भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 परिवहन विमान का निर्माण करेगा। इस परियोजना के तहत पहली बार निजी कंपनी द्वारा सैन्य विमान का निर्माण भारत में किया जाना है। परियोजना की कुल लागत 21,935 करोड़ रुपए है। विमान का इस्तेमाल नागरिक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है। इस घोषणा के बाद शिवसेना के उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले धड़े और कांग्रेस ने राज्य में शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना करते हुए सवाल किया कि यह परियोजना महाराष्ट्र के हाथ से कैसे निकल गई।

सामंत ने कहा कि उन्होंने पहले साक्षात्कार में भी कहा था कि राज्य सरकार महाराष्ट्र में परियोजनाएं लाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के बाद परियोजना के संबंध में एमवीए सरकार द्वारा लिखा कोई पत्र नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अरबों रुपए की वेदांता-फॉक्सकॉन परियोजना गुजरात चले जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में बड़ी परियोजना स्थापित करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि राज्य में पांच-छह महीने में एक बड़ी परियोजना लाई जाएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने वेदांता और ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन की संयुक्त सेमीकंडक्टर परियोजना गुजरात में स्थापित करने की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया था। पहले यह परियोजना पुणे शहर के समीप स्थापित की जानी थी।

# राजस्थान में अराजकता का माहौल बर्दाश्त से बाहर: राज्यवर्धन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कानून व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अराजकता का आलम है जो बर्दाश्त से बाहर है। राठौड़ ने यहां संवाददाताओं से कहा, जिसके पास राजस्थान की पुलिस हो वह लाचार क्यों हो रहा है.. हमारी बहन बेटियां क्यों नीलाम हो रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में पूरे देश में राजस्थान सबसे ऊपर है। राजस्थान में एक महीने में करीब 400 बेटियां गायब हो रही हैं। राजस्थान की कांग्रेस सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। गहलोत के पास गृह विभाग भी है। राठौड़ ने कहा, राजस्थान में जारी अराजकता और जंगलराज बर्दाश्त से बाहर है। भाजपा, राजस्थान की कांग्रेस सरकार और जिम्मेदार उन सभी लोगों को आगाह करती है कि हम इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा नेता ने कटाक्ष किया कि मुख्यमंत्री को राज्य के अस्पतालों में गंदगी और सड़कों



की हालात पर शर्म आती है... मुख्यमंत्री की यह लाचारी क्यों है... जब राजनीतिक तोड मरोड़ की बात आती है तो शातिरता दिखाई देती है.. लेकिन जब जनता के हित की बात होती है तो लाचारी दिखाई देती है.. जनता के लिए लाचार और सत्ता हासिल करने के लिए षडयंत्र, शातिरता, यह दिखावा है और कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेज के प्राचार्यो के साथ संवाद के दौरान कहा था कि निजी अस्पतालों को बहुत छूट दे रखी है.. सरकारी बदहाल, सवाई मानसिंह अस्पताल में जब वह उपचार के लिए भर्ती हुए तो गंदगी देखकर बड़ी शर्म आई।

# द्रमुक नेता कनिमोझी ने पार्टी पदाधिकारी की टिप्पणी के लिए खुशबू से माफी मांगी

**भाषा।** चेन्नई

**द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)** की महिला शाखा की सचिव और पार्टी की सांसद कनिमोझी ने तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला नेताओं को निशाना बनाने वाले एक द्रमुक पदाधिकारी की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर अभिनेत्री-नेता खुशबू सुंदर से माफी मांगी है। थूथुकुडी की सांसद कनिमोझी ने कहा कि न तो पार्टी और न ही इसके प्रमुख एम के स्टालिन इस तरह की टिप्पणी को बर्दाश्त करेंगे। कनिमोझी द्रमुक की उप महासचिव भी हैं।

कनिमोझी ने एक ट्वीट में कहा, जो कुछ कहा गया उसके लिए मैं एक महिला और इंसान के रूप में माफी मांगती हूं। इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, चाहे किसी ने भी ऐसा किया हो, जिस स्थान पर यह कहा गया हो या जिस पार्टी का वे पालन करते हैं। और मैं इसके लिए खुले तौर पर माफी मांगती हूं क्योंकि मेरे नेता एम के स्टालिन और मेरी पार्टी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

कनिमोझी ने अभिनेत्री को टैग किए गए एक पोस्ट के जवाब में यह ट्वीट किया जिसमें कहा गया था कि क्या महिलाओं का अपमान करना नया द्रविड़ मॉडल है। द्रमुक पदाधिकारी सैदई सिद्दीक की महिलाओं पर टिप्पणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खुशबू ने बृहस्पतिवार को कनिमोझी को टैग किया और ट्वीट किया, जब पुरुष महिलाओं को गाली देते हैं, तो यह दर्शाता है कि उन्हें किस तरह की परवरिश मिली है और किस जहरीले वातावरण में उनका पालन-पोषण हुआ है। ऐसे लोग महिला की कोख का अपमान करते हैं। ऐसे लोग खुद को कलैगनार का अनुयाई कहते हैं। क्या यह मुख्यमंत्री स्टालिन के शासन के तहत नया द्रविड़ मॉडल है?

हाल में चेन्नई में एक जनसभा में भाजपा पदाधिकारियों खुशबू सुंदर, गौतमी, नमिता और गायत्री रघुराम पर की गई टिप्पणियों की निंदा करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने सिद्दीक पर कड़ी कार्वाई की मांग की। नारायणन ने कहा कि क्या केवल माफी और टिप्पणी से दूरी बनाने से गलत सही हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी करने वाले को महिला उत्पीड़न रोकथाम कानून के तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा उपाध्यक्ष ने कनिमोझी से सिद्दीक को पार्टी से निकालने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया।

# पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में जैविक हथियार होने से किया इनकार, रूस ने जताई असहमति

एपी। संयुक्त राष्ट्र



**अमेरिका** और उसके साथी पश्चिमी देशों ने बृहस्पतिवार को रूस के इस दावे को खारिज कर दिया कि यूक्रेन में अमेरिका के सहयोग से प्रतिबंधित जैविक हथियारों से संबंधित गतिविधियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ए आरोप झूठे और मनगढंत हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने कहा कि रूस अपने इन आरोपों की संयुक्त राष्ट्र जांच कराने को तैयार है कि दोनों देश जैविक हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले समझौते का उल्लंघन कर रहे हैं।यूक्रेन से संबंधित मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तीसरी बैठक के दौरान इस मामले पर चर्चा हुई। रूस ने मंगलवार को, यह बैठक बुलाई थी। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक को समय की भारी बर्बादी करार देते हुए रूस के आरोपों को पूरी तरह मनगढ़ंत बताया। उन्होंने कहा कि ए दावे रूस के दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं, जो यूक्रेन में रूसी बलों द्वारा किए जा रहे अत्याचार से ध्यान भटकाने और नाजायज युद्ध को जायज ठहराने की कोशिश कर रहा है। ब्रिटिश राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने परिषद से कहा कि 24 फरवरी के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस ने लगातार दुष्प्रचार किया है, जिसमें डर्टी बमों, रासायनिक हथियारों और जैविक अनुसंधानों के बारे में खोखले दावे शामिल हैं। उन्होंने पूछा, हमें इस बकवास को कब तक झेलना होगा। फ्रांसीसी राजदूत निकोलस डि रिवेरे ने कहा कि रूस कोशिश कर रहा है कि हम यह भूल जाएं कि वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने अमेरिका पर यूक्रेन में प्लेग, एंथ्रेक्स और इन्फ्लूएंजा जैसे घातक रोग फैलाने का आरोप लगाया। नेबेंजिया ने बैठक के दूसरे सत्र के अंत में कहा कि पश्चिमी देशों के राजदूत बार-बार रूस पर अफवाहें फैलाने, गलत जानकारियां देने और महत्वपूर्ण मुद्दों से सुरक्षा परिषद का ध्यान भटकाने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन उनके पास रूसी दावों के बारे में कहने के लिए कुछ नहीं है।

## डर्टी बम से संबंधित रूसी दावे की जांच करेगी संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह यूक्रेन के उन दो स्थानों पर निरीक्षक भेज रहे हैं, जहां रूस ने डर्टी बम तैयार करने से संबंधित गतिविधियां चलने के आरोप लगाए हैं।अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन सरकार की ओर से लिखित अनुरोध मिलने के बाद एजेंसी के निरीक्षक इस सप्ताह उन दोनों स्थान पर जाएंगे। ए स्थान आईएईए की निगरानी वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। बयान में कहा गया है, इस सप्ताह होने वाले इस दौरे का उद्देश्य किसी भी संभावित अघोषित परमाणु गतिविधि और डर्टी बम तैयार किए जाने के बारे में पता लगाना है। आईएईए ने एक महीने पहले इन दो स्थानों में से एक का निरीक्षण किया था और वहां कोई अघोषित परमाणु गतिविधियां होने के संकेत या इससे संबंधित सामग्री नहीं मिली थी। बयान में दोनों जगहों के नामों की जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने इस सप्ताह सुरक्षा परिषद के सदस्यों को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि कीव स्थित इंस्टीट्यूट फॉर न्यूक्लियर रिसर्च ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज और वोस्तोचनी माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट को इस तरह के डर्टी बम तैयार करने के लिए (राष्ट्रपति वोलोडिमिर) जेलेंस्की की सरकार से प्रत्यक्ष आदेश मिले हैं। उन्होंने कहा था कि यह जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय से हासिल हुई है।

## यूक्रेन की सेना ने रूसी कब्जे वाले खेरसॉन में हमले किए तेज

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने बृहस्पतिवार को रूसी कब्जे वाले दक्षिणी शहर खेरसॉन पर हमले तेज कर दिए। ऐसी खबरें है कि रूस द्वारा नियुक्त अधिकारियो ने शहर छोड़ दिया है। यूक्रेनी सेना पश्चिम से खेरसॉन को घेर रही है और नीपर नदी के पश्चिमी तट पर रूस की तलहटी पर हमला कर रही है जो इस क्षेत्र व देश को विभाजित करती है। यहां लड़ाई शुरू होते ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस का यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने का कोई इरादा नही है। हालांकि पहले रूस कई बार आगाह कर चुका है कि वह अपने परमाणु शस्त्रागार सहित रूस की रक्षा के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने को तैयार है। मॉस्को के बाहर अंतरराष्ट्रीय विदेश नीति के विशेषज्ञों के एक सम्मेलन में पुतिन ने कहा, हमें उसकी जरूरत महसूस नही होती। इसका कोई मतलब नही है, न राजनीतिक और न ही सैन्य रूप से....। उन्होंने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर वर्चस्व के खतरनाक व खूनी खेल मे अन्य देशो को अपनी शर्तो पर चलाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने अमेरिका पर बिना सोच-समझे तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होने कहा, अमेरिका जितना युद्ध के मैदान मे कीव शासन का समर्थन करेगा, परमाणु शक्तियों के बीच सीधे सैन्य टकराव का जोखिम उतना बढ़ेगा। वही यूक्रेन ने खेरसॉन क्षेत्र और उसकी राजधानी को पुनः प्राप्त करने के लिए अपने आक्रामक अभियान को आगे बढ़ाया है। रूसी सेना ने युद्ध के शुरुआती दिनो मे उसे अपने कब्जे मे ले लिया था। क्षेत्र मे क्रेमलिन द्वारा नियुक्त गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बृहस्पतिवार को बताया कि खेरसॉन शहर क्षेत्र के 70,000 से अधिक निवासियों ने हाल के दिनो मे शहर छोड़ा है।

## इजरायली सेना की गोलीबारी में दो फलस्तीनियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में शुक्रवार तड़के इजराइली सेना की गोलीबारी में दो फलस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि दक्षिणी नाबलस में एक गुजरती कार से सेना की चौकी पर गोलीबारी की गई, जिसके जवाब में सैनिकों ने गोली चलाई। इजराइली सेना ने कहा कि सैनिकों ने दो संदिग्ध वाहनों की पहचान कर उनपर गोलीबारी की। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि कार में सवार लोग मारे गए, या घायल हुए हैं। अल अकसा शहीद ब्रिगेड नामक सशस्त्र समूह ने इस घटना को हमला करार देते हुए कहा है कि इसमें उसके लड़ाके शामिल थे। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोग नाबलस के निकट असकर शरणार्थी शिविर से थे। उनमें से एक व्यक्ति की आयु 47 वर्ष, जबकि दूसरे की 35 वर्ष थी।



इजरायल की गोलीबार में तीन फिलिस्तीनियों की मौत के बाद शव ले जातके लोग

## उत्तर कोरिया का परमाणु परीक्षण करना चिंताजनक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के परमाणु प्रमुख राफेल ग्रोसी ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा किया जाने वाला नया परमाणु परीक्षण चिंताजनक होगा और यह इस बात की पुष्टि करेगा कि उसका परमाणु कार्यक्रम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ग्रोसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को सातवें परीक्षण की तैयारियों के संकेत मिले हैं, लेकिन उसे ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि परमाणु विस्फोट का खतरा करीब है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में पत्रकारों से कहा, हर कोई अपनी सांस थामे बैठा है। और परीक्षणों का मतलब जाहिर है कि वे तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं और शस्त्रागार का निर्माण कर रहे हैं, इसलिए हम बहुत, बहुत करीब से इस पर नजर रख रहे हैं। ग्रोसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि ऐसा न हो, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से संकेत कुछ और ही दिखा रहे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी एशियाई देशों-जापान व दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने संदेह जताया है।

# ईरान का प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय प्रदर्शनों के केंद्र के रूप में उभरा

एपी। तेहरान

**ईरान** का प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देश में जारी प्रदर्शनों के केंद्र के तौर पर उभरा है। इस विश्वविद्यालय से पढ़े विद्यार्थी ईरान के परमाणु कार्यक्रम और एयरोस्पेस समेत विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं।

ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के दशकों से करीबी सलाहकारों में शामिल एक शख्स भी इसी विश्वविद्यालय से पढ़े हैं। ईरान में सितंबर में कथित रूप से हिजाब सही तरह से नहीं पहनने की वजह से 22 वर्षीय युवती महसा अमीनी को हिरासत में लिया गया था। इसके बाद पुलिस हिरासत में उनकी मौत के बाद देश भर में प्रदर्शन भड़क गए थे। ईरान का एमआईटी कहा जाने वाला शरीफ विश्वविद्यालय अप्रत्याशित तौर पर प्रदर्शन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है और यह ईरान का दशकों में सबसे बड़ा सरकार विरोधी प्रदर्शन बन गया है। विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हम इसलिए राजनीतिक रूप से सक्रिय हुए क्योंकि हमारे पास खोने को कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, ईरान में अब चीजें जिस तरह से हैं, उसे देखते हुए आपको अपने परिवार और दोस्तों को छोड़ना होगा और अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। समूचे देश में सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनों को कुचलने की कोशिशों के बावजूद ईरानी सड़कों पर हैं और वे सोशल मीडिया पर अपने गुस्से का इज़हार कर रहे हैं।

वर्षों की शांति के बाद बीते कुछ हफ्ते से विश्वविद्यालय परिसर विरोध की आवाज़ का केंद्र बन गए हैं। बोस्टन कॉलेज में ईरानी छात्र मोहम्मद अली कदीवर ने कहा, छात्रों को इस बात का अहसास हो गया है कि वे इस ढांचे में अपने अधिकार नहीं हासिल कर पाएंगे। वे इस्लामी गणतंत्र के अंत की मांग कर रहे हैं। शरीफ विश्वविद्यालय में बीते एक महीने से करीब करीब हर दिन प्रदर्शन हो रहा है। इससे पहले दो अक्टूबर को सुरक्षा बलों ने हिंसक तरीके से प्रदर्शन को कुचलने की कोशिश की थी। इस वजह से घंटों तक पुलिस और छात्रों में गतिरोध रहा और इसकी गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनी गई।

शरीफ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मुईन ने कहा, यह सच है या नहीं, लोगों की यह भावना है कि परिसर में विरोध करना सुरक्षित है। पहले भी विश्वविद्यालय परिसर ईरान के विपक्षी आंदोलनों के लिए अहम रहे हैं। साल 1953 में अमेरिका के समर्थन वाले तख्तापलट के बाद तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने तत्कालीन अमेरिकी उपराष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के ईरान दौरे को लेकर प्रदर्शन किए थे। शाह के सुरक्षा बलों ने परिसरों में घुसकर तीन विद्यार्थियों को गोली मार दी थी। इसके दो दशक बाद शरीफ और अन्य विश्वविद्यालयों के मार्क्सवादी और इस्लामी छात्र समूहों ने 1979 की इस्लामी क्रांति की शुरूआत की।

# मस्क के ट्विटर खरीदने से भारत की अपेक्षाओं में कोई बदलाव नहीं: मंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**मशहूर** उद्योगपति एलन मस्क के नियंत्रण में ट्विटर के जाने के बाद भी सोशल मीडिया मंचों के लिए नियमों का पालन करने की भारत की अपेक्षाएं पूर्ववत रहेंगी। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने शुक्रवार को यह उम्मीद जताई। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सोशल मीडिया मंच ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं। जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होंने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) नेड सहगल और कानूनी मामलों एवं नीति प्रमुख विजया गड्डे को हटा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्विटर के स्वामित्व में हुए परिवर्तन को लेकर कहा, सरकार के लिए यह मायने नहीं रखता कि कंपनी का मालिक कौन है। हमारे कानून और नियम सभी सोशल मीडिया मंचों पर लागू होते हैं, फिर चाहे कंपनी का मालिक कोई भी हो। ट्विटर पर बोलने की आजादी देने के मस्क के दावे ने कई लोगों को इस नेतृत्व परिवर्तन से उत्साहित किया है। वे लोग ज्यादा खुश हैं जिन्हें नियमों के उल्लंघन का हवाला देकर ट्विटर से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी मस्क के ट्विटर को खरीदने के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम का सहारा लिया। कंगना को पिछले साल ट्विटर ने गलत आचरण और अपमानजनक व्यवहार के नियमों का हवाला देते हुए मंच से प्रतिबंधित कर दिया गया था। भारत सोशल मीडिया कंपनियों के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है और ट्विटर पर भी यह बात बखूबी लागू होती है। हालांकि ट्विटर का सरकार के साथ टकराव रहा है। हाल में नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों की अनुपालन को लेकर भी सरकार और मंच आमने-सामने खड़े हो गए थे। वहीं, मस्क का खुद आयात शुल्क को लेकर सरकार के साथ गतिरोध का रिकॉर्ड रहा है। टेस्ला दरअसल उच्च आयात शुल्क को करना चाहती है। जबकि स्थानीय कंपनियों ने इसका विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि ट्विटर का कई सरकारी विभाग, राजनेताओं और कारोबारियों द्वारा अपने विचारों और सूचनाओं को साझा करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

## यूरोपीय संघ ने 2035 तक पेट्रोल-डीजल कारों पर प्रतिबंध लगाने को मंजूरी दी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद और यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने वर्ष 2035 तक नई पेट्रोल और डीजल से चलने वाली कारों एवं वैन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक समझौता किया है। ईयू के वार्ताकारों के बीच इस समझौते पर बृहस्पतिवार रात को सहमति बनी। इस दशक में वैश्विक तापवृद्धि का कारण बनने वाली गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए यूरोपीय आयोग द्वारा गठित फिट फॉर 55 पैकेज का यह पहला समझौता है। यूरोपीय संसद ने कहा कि यह समझौता संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले एक स्पष्ट संकेत है कि यूरोपीय संघ अपने जलवायु कानून में निर्धारित अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए ठोस कानून अपनाने को लेकर गंभीर है। यूरोपीय संघ के आंकड़ों के अनुसार, परिवहन ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां पिछले तीन दशकों में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ा है।

# एनएचएआई इनविट में खुदरा हिस्से को बढ़ाया जाएगा: गडकरी

भाषा। मुंबई



**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) को निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने से उत्साहित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले वक्त में वित्त जुटाने के इस तरह के नए कदमों में खुदरा हिस्सेदारी बढ़ेगी।

इस इनविट में 1,430 करोड़ रुपए के गैर-परिवर्तनीय ऋण-पत्र (एनसीडी) जारी किए गए थे। इस निर्गम को सात गुना अधिक अभिदान मिला था। एनएचएआई के इनविट और एनसीडी की दूसरी किस्त को सूचीबद्ध करने के बाद गडकरी ने बीएसई में एक सभी को संबोधित किया। इस निर्गम का 25 फीसदी हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित था जिसके बारे में एनएचएआई ने यह नहीं बताया कि इसे कितना अभिदान मिला। इस बारे में प्राधिकरण ने बस इतना ही कहा कि इसे बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

इनविट भी म्यूचुअल फंड की तरह निवेश माध्यम है। इनके जरिए निवेशकों से धन जुटाया जाता है और ऐसी संपत्तियों में लगाया जाता है जो एक समय बाद आय उपलब्ध कराती हैं। गडकरी ने कहा, हम चाहते हैं कि इन इनविट में अधिक से अधिक लोग निवेश करें, मतलब हमारी सड़कों में। मैं भरोसा दिलाता हूं कि एनएचएआई की सड़कें निवेशकों को 100 फीसदी सुरक्षा और रिटर्न की सर्वश्रेष्ठ आंतरिक दर की पेशकश करती है। आगे जाकर खुदरा के लिए अधिक हिस्से को हम आरक्षित रखेंगे।

एनएचएआई की चेयरपर्सन अल्का उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण के आगामी इनविट में खुदरा के लिए और इकाइयों को आरक्षित रखा जाएगा। गडकरी ने बताया कि इनविट ने विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों से अब तक 8,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

# बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा, सेंसेक्स 203 अंक और मजबूत

भाषा। मुंबई



**विदेशी** संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी बाजार में फिर से सक्रिय होने और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली होने से शुक्रवार को कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद तेजी का रुख कायम रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त लेने में सफल रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 203.01 अंक यानी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 59,959.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 60,133.17 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 49.85 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त लेकर 17,786.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टाइटन और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। मारुति सुजुकी के वित्तीय नतीजों की घोषणा के बाद कंपनी के शेयरों में करीब पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में चार गुना से अधिक बढ़कर 2,112.5 करोड़ रुपए हो गया। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प्रमुख सूचकांकों में बढ़त ने वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू बाजार को लाभ में रहने में मदद की। निराशाजनक तिमाही नतीजों और पूर्वानुमान के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में प्रौद्योगिकी के शेयरों में खासी बिकवाली हुई। उन्होंने कहा, हालांकि रुपए में मजबूती के साथ बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के मजबूत वित्तीय नतीजे निकट भविष्य में घरेलू बाजार को समर्थन दे रहे हैं। व्यापक बाजार में बीएसई का स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.41 प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को 15 पैसे गिरकर 82.48 प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.15 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 2,818.40 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर ख़रीदे।

## 10 साल में कच्चे इस्पात का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य: मोदी

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अगले 9-10 वर्षों में कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को मौजूदा 15.4 करोड़ टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 30 करोड़ टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को दोगुना किया जाएगा। प्रधानमंत्री गुजरात स्थित आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के प्रमुख संयंत्र के विस्तार के भूमि पूजन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए। यह संयंत्र सूरत जिले के हजीरा में स्थित है। उन्होंने कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पहले भारत को रक्षा क्षेत्र के लिए उच्च श्रेणी का इस्पात आयात करना पड़ता था लेकिन अब हालात बदल गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आईएनएस विक्रांत (पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत) बनाने में इस्तेमाल हुआ इस्पात भारत में ही बनाया गया था।

# अभी तक 54,000 हेक्टेयर में गेहूं, 18.99 लाख हेक्टेयर में सरसों की बुवाई हुई : सरकारी आंकड़े

भाषा। नई दिल्ली

**फसल** वर्ष 2022-23 के चालू रबी सत्र में अब तक 54,000 हेक्टेयर रकबे में गेहूं बोया गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 34,000 हेक्टेयर के रकबे से 59 प्रतिशत अधिक है। रबी सत्र की मुख्य फसल गेहूं की बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है और मार्च-अप्रैल में इसकी कटाई होती है। इसके अलावा चना और सरसों रबी मौसम (जुलाई-जून) के दौरान उगाई जाने वाली अन्य प्रमुख फसलें हैं। बुवाई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में गेहूं की बुवाई का काम तेजी से चल रहा है।आंकड़ों से पता चलता है कि 28 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश में लगभग 39,000 हेक्टेयर, उत्तराखंड में 9,000 हेक्टेयर, राजस्थान में 2,000 हेक्टेयर और जम्मू-कश्मीर में 1,000 हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की जा चुकी है।

दलहन की बुवाई का रकबा इस रबी सत्र में अब तक 8.82 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5.91 लाख हेक्टेयर था। दलहन में चने की बुवाई एक साल पहले के 5.91 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 6.96 लाख हेक्टेयर में की गई है। तिलहन के मामले में लगभग 19.69 लाख हेक्टेयर में छह प्रकार के तिलहन बोए गए हैं जो रकबा एक साल पहले की अवधि के 15.13 लाख हेक्टेयर से अधिक है। इसमें से अधिकांश रकबे में रेपसीड और सरसों की 18.99 लाख हेक्टेयर में बुवाई की गई है जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह रकबा 14.21 लाख हेक्टेयर ही था। आंकड़ों से पता चलता है कि पहले के 2.31 लाख हेक्टेयर के मुकाबले इस बार रबी सत्र के दौरान 4.68 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाजों की बुवाई हुई है जो एक साल पहले 2.31 लाख हेक्टेयर में बोया गया था। धान की बुवाई 4.02 लाख हेक्टेयर में की गई है जो रकबा पहले 3.54 लाख हेक्टेयर था।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Manoj Kumar Savita** S/o Mr. Siya Saran Savita who is purchasing the **Eastern Southern Portion of Flat No. 5-D/78, on Second Floor without roof rights, land area measuring 92 Sq. Yards, situated at New Township, NIT Faridabad, Tehsil & Distt. Faridabad, Haryana 121013 from Mrs. Varsha Rani** S/o Mr. Ashok Kumar Arora who had owner through Regd. **General Power of Attorney dated 06.06.2017** along with ATS & Will from Mrs. Deepa Gupta W/o Mr. Amit Gupta and Mrs. Jyoti Sehgal W/o Mr. Sanjeev Sehgal and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

# भाजपा विधायक और ब्लॉक कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## ● परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ करने का आरोप

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले में अदालत के आदेश पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक समेत ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन सभी पर परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि थाना निगोही अंतर्गत समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की पुत्रवधू रुचि वर्मा की शिकायत पर अदालत के आदेश पर तिलहर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा, सरिता यादव तथा ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत लिपिक दानिश व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ बृहस्पतिवार की देर रात प्राथमिकी दर्ज की गई है।

रुचि वर्मा की शिकायत पर एमपी-एमएलए अदालत की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आसमा सुल्ताना ने सलोना कुशवाहा तथा अन्य पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। पुलिस ने आरोपी विधायक, ब्लॉक कर्मचारियों समेत अन्य लोगों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 218 (लोक सेवक द्वारा अशुद्ध अभिलेख की संरचना) व 120 बी (साजिश) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुमार ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि अदालत में की गई शिकायत में रुचि वर्मा ने कहा है कि उनके ससुर रोशन लाल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की टिकट पर तिलहर विधानसभा से चुनाव लड़ा था और भाजपा की सलोना कुशवाहा से चुनाव हार गए थे। आरोप है कि इसके बाद से सलोना कुशवाहा लगातार उनके परिवार का आर्थिक तथा सामाजिक रूप से उत्पीड़न कर प्रताड़ित कर रही हैं। शिकायत में पूर्व विधायक की पुत्रवधू ने आरोप लगाया कि निगोही ब्लॉक कार्यालय में मौजूद परिवार रजिस्टर का निरीक्षण करने के बाद भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने लिपिक दानिश से परिवार रजिस्टर ले लिया और उसे लेकर चली गईं। शिकायत के मुताबिक, बाद में जब रजिस्टर वापस किया तो उसमें रोशन लाल वर्मा के परिवार में उनकी पुत्रवधू के रूप में सरिता यादव का नाम जोड़ा हुआ था।

गौरतलब है कि सरिता यादव का दावा है कि वह पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा के बेटे दिवंगत विनोद वर्मा की दूसरी पत्नी हैं जबकि रोशन लाल वर्मा का कहना है कि सरिता उनके बेटे की पत्नी नहीं हैं। विनोद वर्मा की मौत के बाद से ही जायदाद को लेकर पारिवारिक विवाद जारी है। वहीं, विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि परिवार रजिस्टर के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और राजनीतिक द्वेष भावना के चलते उन पर ए आरोप लगाए जा रहे हैं।

## शराब खरीदने के लिए रुपए न देने पर बेटे ने मां की हत्या की, मामला दर्ज

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र में शराब खरीदने के लिए रुपए न देने पर एक बेटे ने अपनी मां के सिर पर कथित तौर पर डंडे से प्रहार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिजनौर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी), ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि शुक्रवार सुबह चांदपुर थाना क्षेत्र के लेनपुरी गांव से देवेंद्र सैनी (25) द्वारा अपनी मां समुंद्रा देवी (65) की कथित तौर पर डंडे से मारकर हत्या कर देने की सूचना मिली। एएसपी के मुताबिक, पुलिस ने मौके पर छानबीन की, जिससे पता चला कि देवेंद्र बृहस्पतिवार रात शराब पीने के लिए अपनी मां से रुपए मांग रहा था, मगर मां ने रुपए नहीं दिए। उन्होंने कहा कि मां के इनकार से गुस्साए देवेंद्र ने उसके सिर पर कथित तौर पर डंडा मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, देवेंद्र अविवाहित है। उसके भाई जयराम की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर देवेंद्र को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

# कन्नौज में हिंसक बवाल के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में दीपावली के दूसरे दिन हुए हिंसक बवाल के मुख्य आरोपी एवं 25 हजार रुपए के इनामी को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। अधिकारी के मुताबिक, दीपावली के दूसरे दिन सदर कोतवाली के चिरैयागंज मोहल्ले की काशीराम कॉलोनी में फैजी नाम के एक युवक ने 10-15 लोगों के साथ मोहल्ला नखाशा निवासी निखिल मिश्रा और मोहल्ला कानून गोयान निवासी चित्रांशु शर्मा पर जानलेवा हमला कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस हमले में निखिल मिश्रा और चित्रांशु शर्मा बुरी तरह घायल हो गए थे। अधिकारी के अनुसार, घटना के बाद शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, लेकिन भारी पुलिस बल तैनात कर हालात को संभाल लिया गया था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पैंदाबाद तिराहे के पास अवैध हथियारों के साथ कुछ अपराधी वारदात करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही निगरानी टीम और पुलिस बल ने वहां पहुंचकर तिराहे को चारों तरफ से घेर लिया। सिंह के मुताबिक, पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और उसे घेरकर पकड़ लिया गया। सिंह के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश की पहचान चिरैयागंज हिंसा के मुख्य आरोपी और 25 हजार रुपए के इनामी फैजी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि फैजी की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। सिंह के मुताबिक, फैजी के साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। उन्होंने कहा कि घायल फैजी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## मण्डलायुक्त ने 50 लाख से ऊपर की लागत की अपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माणाधीन अपूर्ण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी, सोनभद्र, भदोही सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियन्ता ओबरा बांध प्रखण्ड सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता यूपीपीसीएल तथा अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई सोनभद्र का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही विभागीय कार्यवाही का निर्देश संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र को दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि ऐसे परियोजना जो पूर्ण है परन्तु विद्युत संयोजन व अन्य छोटी.छोटी कमियो के कारण अपूर्ण दिखाये जा रहे हैं सम्बन्धित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुये कमियों को दूर कर हैण्डओवर सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि जिन परियोजओं में शत प्रतिशत धन अवमुक्त कर दिया गया है ऐसे परियोजनाओं में को युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये पूर्ण कराया जाय अन्यथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध एफ्आईआर दर्ज कराते हुये कार्यवाही की जायेगी। शत प्रतिशत धनराशि अवमुक्त वाले परियोजनों की समीक्षा करते हुये राजकीय माडल स्कूल बैरमपुर महामलपुर की समीक्षा करते हुये मण्डलायुक्त ने कहा कि पूर्व में आश्वासन दिये जाने के बावजूद भी कार्यदायी संस्था द्वारा कोई कार्य नही किया गया जबकि उक्त परियोजना को 10 अगस्त 2022 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। उन्होने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर पत्रावली की समीक्षा कर उत्तरदायित्व निर्धारित कराते हुये सम्बन्धित के विरूद्ध एफ्आईआर दर्ज कार्यवाही की जाय। इसी प्रकार 50 व्यक्तियो की क्षमता का आश्रय स्थल विन्ध्याचल में शत प्रतिशत धन उपलब्ध होने के बावजूद कार्य पूर्ण नही किया गया हैं जबकि भौतिक प्रगति 96 प्रतिशत हैं। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस के द्वारा बताया गया कि आश्रय स्थल मुख्य भवन पूर्ण है विद्युत संयोजन होते ही भवन हस्तांतरित करा दिया जायेगा। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल यूनिट 16 के द्वारा जनपद मीरजापुर के विन्ध्याचल में फाइडिंग एण्ड ट्रैफ्कि साल्यूशन स्थापना का कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुड़पेली एवं रजौली के निर्माण हेतु शत प्रतिश धनराशि व्यय करते हुये कार्य पूर्ण करा लिया गया है विद्युत संयाजन नही हुआ है मण्डलायुक्त द्वारा विद्युत संयोजन तत्काल कराने का निर्देश दिया गया। पैक फेड कार्यदायी संस्था के द्वारा कराये जा रहे कार्य आईटीआई जमालपुर कालेज को हस्तांतरित बताया गया, भिस्पुरी पहाड़ी पर स्टेडियम पूर्ण बताया गया जिसे मण्डलायुक्त द्वारा एक सप्ताह के अन्दर हस्तांतरण कराने का निर्देश दिया गया।

# छठ पूजा की तैयारी में जुटीं महिलाएं

## ● पूजा सामग्रियों की खरीद शुरू

संवाददाता। संतकबीरनगर



**सूर्योपासना का** महापर्व छठ नहाय खाय के साथ ही शुरू हो चुका है। व्रती महिलाएं 29/30 अक्टूबर की भोर में ही सरगही में सात्विक पदार्थ लेकर 31 अक्टूबर की प्रात: सूर्योदय होने तक निर्जल व्रत रहेंगी और उदित होते भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रत का परायण करेंगी। व्रत तथा पूजा की सामग्री की आज से भारी खरीद व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा शुरू कर दी गई है। साथ ही विभिन्न नदियों, सरोवरों व पोखरों के तट पर परंपरागत रूप से स्थापित छठ पूजा स्थलों पर वेदी बनाने का काम संपन्न हो गया है। खलीलाबाद शहर के पुलिस कालोनी के पक्का पोखरे, मिल चौराहा, हनुमान गढ़ी सहित अन्य छठ स्थलों की साफ-सफाई का इंतजाम करने के साथ गोताखोरों की भी व्यवस्था की है तथा घाटों को ढंग से सजाया भी जा रहा है। छठ पर्व के दृष्टिगत गन्ना, सेब, अनार, संतरा, केला, नीबू सहित अन्य फ्लों के साथ ही डलिया व अन्य सामग्रियों से पूरा बाजार पट चुका है। छठ पूजा के लिए केले का घवद, विभिन्न प्रकार के फ्ल व अन्य सामग्रियों की खरीददारी के लिए व्रतियों तथा श्रद्धालुओं का रेला बाजारों में उमड़ने लगा है। व्यापारियों ने छठ पर्व सकुशल सम्पन्न को बैठक की खलीलाबाद शहर के गोला बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें छठ पर्व सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की। बैठक में पूर्वांचल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार एवं जनसेवा संस्थान सहित अन्य संगठन के व्यापारी व सदस्यगण शामिल रहे।

# बरेका महाप्रबंधक ने चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**विशेष अभियान** 2.0 की अवधारणा के अनुपालन में शुक्रवार को बनारस रेल इंजन कारखाना की महाप्रबंधक अंजली गोयल के कुशल नेतृत्व में कामकाज के क्षेत्र में ऊंचे मानक तय किये गए, जिसमें बरेका के सभी विभाग को शामिल किया गया है। बरेका ने स्वच्छता अभियान में अपने सभी कार्य स्थलों, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनी, कर्मशाला जैसे लोको असेंबली शॉप लोको फ्रेम शॉप, लोको टेस्ट शॉप, ट्रक मशीन शॉप, इंजन शॉप,पाइप शॉप, मशीन शॉप, न्यू ब्लॉक शॉप तथा संपूर्ण परिसर को रखा है, जो वास्तव में भगीरथी कार्य है। कर्मशाला एवं कार्यस्थल की सफाई करने पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही साथ बरेका सहित आसपास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्लास्टिक और अन्य कचड़े को जमा करने और उनके सुरक्षित निस्तारण की भी व्यवस्था की गई। दो अक्टूबर से बरेका में लगातार सफाई अभियान का आयोजन जारी है जिनमें कार्यालय व वर्कशॉप एवं अन्य महकमों को भी शामिल किया गया है । महाप्रबंधक ने सभी विभाग की समीक्षा कर शीर्ष से लेकर नीचे तक के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें । महाप्रबंधक द्वारा स्वच्छता अभियान की लगातार कड़ी निगरानी भी की जा रही हैं। इस प्रकार बनारस रेल इंजन कारखाना अपने परिसर को स्वच्छ रख कर विशेष अभियान 2.0 में महती योगदान कर रहा है ।

# एडीएम व एएसपी ने कुरदहवा छठ घाट का किया निरीक्षण

संवाददाता। डाला/सोनभद्र



**नगर पंचायत** अन्तर्गत के कुरदहवा छठ घाट पर शुक्रवार की दोपहर ब्रती महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था व घाट की साफ सफाई का जायजा लेने अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह घाट पर पहुच गए और मौके पर मौजूद नगर पंचायत कर्मीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विगत कई वर्षो से कुरदहवा छठ घाट पर हजारों लोग एकत्र होकर आस्था के साथ एकत्रित होकर इस पर्व को मनाते है। जिसमे कठोर ब्रत रखने वाली महिलाओ व उनके सहयोगियो एवं वच्चो को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पडे जिसके लिए घाट व आस पास साफ सफाई कर स्थान को सुन्दर व सुगम बनाया जा रहा है। ब्रती महिलाओं को आने जानें के लिए रास्ते का सुगमता लाइट रहने वाले भक्तों की टेन्ट की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। मौजूद लोगों नें छठ के पथरिले रास्ते की सुगमता भस्सी डाल कर सही करनें की मागं की इस दौरान चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत डाला नगर पंचायत ईओ महेन्द्र कुमार अरुण मिश्रा विशाल कुमार संदीप सिंह मोनू राहुल बैगा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



## ● लोकपर्व की तैयारी में पूरा परिवार जुटा, बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी तो घरों में भोग-प्रसाद बनाने की चलती रहीं तैयारियां

**सूर्यषष्ठी** यानि डाला छठ का चार दिनी महापर्व शुक्रवार को व्रती महिलाओं ने पवित्र गंगा में स्नान का सिन्दूर आदि से घाटों पर पूजन की तथा 'नहाय-खाय के साथ डाला छठ का महाव्रत प्रारंभ हुआ। इस दौरान परिवार के लोगों ने बाजारों में पहुँचकर सुप, दौरी, फ्ल-फूल आदि खरीदा। इसके साथ ही जहाँ पर डाला छठ का पूजन एवं अर्घ्य देना है वहाँ जाकर वेदी बनायी एवं सिन्दूर चढ़ाया। छठी मईया के इस कठिन व्रत में लाखों श्रद्धालुओं की श्रद्धा अपार होती है। शुक्रवार को व्रती महिलाओं ने पहले दिन सेधा नमक, घी से बना अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद ग्रहण किया। अगले दिन यानि कल से उपवास आरंभ होगा। व्रती दिनभर अन्न-जल त्याग कर शाम खीर बनाकर, पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण करेगीं। तीसरे दिन यानि 30 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। अंतिम दिन 31 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण होता है।

# बहरवानी गांव से एक साथ तीन युवकों की शव यात्रा निकलने पर मचा कोहराम

**सकलडीहा/चन्दौली।** चतुर्भुजपुर कस्बा से थोड़ी दूर बिजली पोल से टकराकर बाईक सवार तीन युवक की देर रात मौत होगयी। शुक्रवार को दोहपर में पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। एक साथ तीन युवकों की लाश गांव से निकलने पर चीख पुकार सुनकर लोग मर्माहत होगये। युवकों की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसरा रहा। लोगों के घरों में चुल्हा तक नही जला। युवकों की मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया। बहरवानी गांव के स्वर्गीय भोला चौहान के 20 वर्षीय पुत्र राजकुमार चौहान अपनी बाइक लेकर गांव के अपने मित्र 25 वर्षीय आकाश चौहान और 19 वर्षीय अमित चौहान के साथ चतुर्भुज पुर कस्बा से देर रात वापस घर जा रहे थे । बरठी गोइजर गांव के समीप अचानक बाइक असंतुलित होकर के बिजली पोल से टकरा गई। जिसमें राजकुमार चौहान और अमित चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल आकाश चौहान को परिजनों ने निजी साधन द्वारा सीएचसी से ट्रामा सेंटर ले गये। जहां इलाज के दौरान आकाश की भी मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद तीनों युवकों का शव गांव पहुंचने पर चीख पुकार ने सबको झकझोर कर रख दिया। बलुआ घाट पर परिजनों ने एक साथ तीनों युवकों का अंतिम दाह संस्कार किया। घटना को लेकर पूरे गांव में मातम पसरा रहा। एक साथ तीन युवकों की मौत पर गांव में कोहराम मचा हुआ है। स्वण् भोला चौहान का पुत्र राजकुमार की मौत पर माता चिंता देवी भाई संजय और राजाबाबू का रोते रोते बुरा हाल था। राजकुमार घर का एकलौता कमाऊ पुत्र था। वही अमित चौहान की मौत पर माता किस्मत देवी पिता रविन्द्र चौहान भाई अजीत सिंह चौहान सहित बहनों का रोते रोते बुरा हाल था।

# ढ़ाई साल बाद महाराजा एक्सप्रेस से सैलानियों का दल पहुंचा काशी, आइआरसीटीसी की टीम ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**विदेशी सैलानियों** को लेकर आने वाली विशेष महाराजा एक,सप्रेस ट्रेन कोरोना संक्रमण काल के बाद अब दोबारा पटरियों पर फर्राटा भरते हुए सैलानियों को भारत भ्रमण लक्जरी सुविधाओं के साथ करा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महाराजा एक्सप्रेस पर सवार विदेशी सैलानियों का एक दल वाराणसी स्थित बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचा तो आइआरसीटीसी की टीम ने उनका स्वागत किया। ट्रेन पहुंचने के साथ ही यात्रियों के दल का भव्य स्वागत सत्कार करने के बाद उनको यहां से होटल रवाना किया गया। आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) की ओर से संचालित महाराजा एक्सप्रेस का इस बार काशी में खास अंदाज में स्वागत सत,कार किया गया। यह ट्रेन शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे बनारस स्टेशन (मंडुआडीह स्टेशन) पहुंची थी। ट्रेन से उतरे विदेशी सैलानियों का भारतीय रीति रिवाज और परंपरागत तरीके से अभिनंदन किया गया था। अवसर को खास बनाने के लिए स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर रेड कार्पेट बिछाया गया था। ढोल और नगाड़ों की थाप और शहनाई के धुन के साथ पारंपरिक तरीके से सैलानियों का स,वागत किया गया तो सभी सैलानी उत्साहित नजर आए। नई दिल्ली से विदेशी सैलानियों को लेकर चली यह ट्रेन खजुराहो और ओरछा होकर तीसरे दिन वाराणसी पहुंची थी। यहां शहनाई वादन की धुन से विदेशी मेहमानों को 'अतिथि देवो भव' की अनुभूति हुई। इसके पश्चात् वेद पाठियों मंत्रोचारण से उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। सैलानियों का दल बनारस स्टेशन उतरने के बाद सड़क मार्ग से नदेसर स्थित होटल ताज गंगेज के लिए प्रस्थान कर गया। यहां विश्राम के बाद यह दल सारनाथ जाएगा। यहां पुरातात्विक धरोहर में भ्रमण कार्यक्रम के बाद सैलानी प्रख्यात गंगा आरती में शामिल होंगे। रात्रि भोजन के उपरांत 9.35 बजे पुन: महाराजा एक्सप्रेस से सभी सैलानी दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### गंगा नदी में डूबने से किशोर समेत दो लोगों की मौत

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को गंगा नदी मे नहाते समय एक किशोर समेत दो लोगो की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, करंडा थाना क्षेत्र निवासी सुजीत गिरि (28) अपने भतीजे ओम गिरि (15) के साथ छठ पूजा की तैयारी के लिए पास ही गंगा नदी के तट पर गया था। पुलिस ने बताया कि बाद मे दोनो नदी मे नहाने गए और इसी बीच ओम नदी मे डूबने लगा तो उसके चाचा ने आगे बढ़कर बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी तेज बहाव मे डूब गया। पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगो की मदद से शव बरामद किए। थाना प्रभारी (एसएचओ) संपूर्णानंद राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एक आश्रम के समीप दो महिलाओं के शव मिले

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश मे मथुरा जनपद के वृन्दावन मे एक आश्रम के समीप शुक्रवार सुबह दो महिलाओ के शव मिले। पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो सकेगा कि दोनों की मौत का कारण क्या था। थाना कोतवाली प्रभारी सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया कि संत कॉलोनी में एक आश्रम से करीब 100 मीटर की दूरी पर दो महिलाओ के शव मिले है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की पहचान चम्पा (61) निवासी लखनऊ एवं सुशीला देवी (68) निवासी बिहार के रूप मे हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शर्मा ने बताया कि मृतकों के परिवार वालो को सूचना दे दी गई है और उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह एक अधेड़ महिला का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि अभी मृतक महिला की शिनाख्त नही हो पाई है। महिला का शव पेड़ से लटका होने की सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) धनंजय कुशवाह पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस के मुताबिक, शिनाख्त न होने पर मृतका के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एएसपी ने बताया कि शुक्रवार सुबह मिरहची थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव के पास एक अधेड़ महिला का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली। उन्होने कहा कि पुलिस हत्या और आत्महत्या, दोनों ही पहलुओं से मामले की जांच कर मौत की वजह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आगाज आज

**गोंडा।** थाना क्षेत्र नबाबगंज के तुरकौली गांव के नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29 अक्टूबर से अण्डर 15 व अण्डर 20 ग्रुप की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिपध्ग्रैण्ड प्रिक्स नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2022 का आगाज होगा। इस चैंपियनशिप में करीब 1500 महिला व पुरुष पहलवान प्रतिभाग करेंगे। जिसमें करीब 900 पुरुष और करीब 600 महिला पहलवान प्रतिभाग करेंगे। चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आयोजक मंडल के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के साथ ही कुश्ती को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि तुरकौली गांव के नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित कुश्ती चैंपियनशिप की सारी तैयारी पुरी हो गया हैं। इसमें एशिया वर्ल्ड मेडलिस्ट अण्डर 15 व अण्डर 20 के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसकी शुरुआत 29 अक्टूबर को ग्रीको रोमन स्टाइल से होगी। इसी प्रकार 30 अक्टूबर को फ्री स्टाइलए 31 अक्टूबर को महिला चैंपियनशिप का आयोजन होगा। देश के सभी राज्यों से पहलवान चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। जिसमें हरियाणाए दिल्लीए पंजाब व उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा पहलवान शिरकत करेंगे। इस मौके पर आदित्य प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, प्रेम मिश्रा, सुरेश उपाध्याय, रविन्दर मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, मनोहर यादव, डॉ. देवानंद तिवारी, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, डॉ.अजय मिश्रा, डॉ. सत्येंद्र सिंह, जनार्दन सिंह, राजकुमार चहल, आनंद देव उपाध्याय, विनय भारती, चंद्र विजय सिंह व सुल्तान सिंह आदि मौजूद रहे।

### पत्नी के भरण-पोषण संबंधी मुकदमे में भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह पांच नवंबर को अदालत में तलब

**बलिया (भाषा)।** बलिया जिले की एक अदालत मे भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह के विरुद्ध उनकी उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने भरण-पोषण के लिए मुकदमा दायर किया है, जिस पर अदालत ने पवन सिंह को पांच नवंबर को तलब करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है। ज्योति सिंह के अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ता पीयूष सिंह ने बताया कि ज्योति सिंह ने बलिया के परिवार न्यायालय मे भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत भरण-पोषण के लिए 22 अप्रैल 2022 को एक मुकदमा दायर किया है। उन्होंने बताया कि इस मुकदमे मे परिवार न्यायालय की न्यायाधीश रागिनी सिंह ने पवन सिंह को पांच नवंबर को अदालत मे पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि गत 22 अप्रैल को मुकदमा दाखिल होने के बाद अदालत ने गत दो जून को पवन सिंह को प्रस्तुत होने के लिए नोटिस जारी किया, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर अदालत मे उपस्थित नही हुए। अधिवक्ता ने बताया कि इसके बाद पवन सिंह को गत सात जुलाई तथा एक अगस्त को नोटिस जारी हुआ, इसके बाद भी वह अदालत मे उपस्थित नही हुए। उन्होंने बताया कि अब चौथी बार अदालत ने पांच नवंबर की तारीख तय की है। इस मामले मे पवन सिंह का पक्ष नही मिल सका। उल्लेखनीय है कि भोजपुरी फिल्म अभिनेता व गायक पवन सिंह ने गत छह मार्च 2018 को बलिया शहर के मिड्ढ़ी मोहल्ले के रामबाबू सिंह की पुत्री ज्योति से शादी की थी। शादी समारोह जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किमी दूर चितबड़ागांव के एक होटल मे आयोजित हुआ था।

### अलग-अलग क्षेत्रों में दीवार गिरने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत

**बाराबंकी (भाषा)।** बाराबंकी जिले के सुबेहा और देवा थाना क्षेत्रो मे दीवार गिरने की अलग-अलग घटनाओ मे मलबे मे दबकर दो बच्चो समेत तीन लोगो की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम भभूतगढ़ी मजरे मंगौवा निवासी बुधाई बृहस्पतिवार रात अपने बच्चो के साथ छप्पर के नीचे सोए थे। बुधाई शुक्रवार सुबह दिनचर्या के लिए गया और वापस लौटने पर पाया कि जिस दीवार पर छप्पर रखा था वह भरभरा कर गिर पड़ी है। मलबे के नीचे दबकर नैना (4) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल रवि (6) को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात देवा थानाक्षेत्र के ग्राम धरमपुर मे दीवार गिरने से एक युवती की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि धरमपुर मजरे मोहनपुर गांव निवासी प्रतापबली रावत की 30 वर्षीय पुत्री सविता और 25 वर्षीय पुत्री गायत्री भैया दूज के मौके पर अपने मायके आई थी। उन्होने बताया कि रात परिवार के सभी लोग सोने की तैयारी मे थे तभी करीब नौ बजे दीवार अचानक गिर गई और उसके मलबे के नीचे सभी लोग दब गए। ग्रामीणो ने सभी को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल सविता को लखनऊ रेफर किया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि राम प्रवेश, गायत्री, अर्जुन और एक अन्य घायल का इलाज जिला अस्पताल मे जारी है।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा नेमना परिक्षेत्र मौजूद बीजपुर रेनुकूट मार्ग पर गुरुवार की रात्रि पैदल अपनी बहन के घर जा रहे 25 वर्षीय बाबूराम पुत्र रामनाथ बैगा निवासी मध्य प्रदेश प्रान्त के थाना बैढ़न जिला सिंगरौली ग्राम ननियागढ़ की मौत राखड़ लदें एक ट्रक के चपेट में आने से हो गई। सूचना पाकर मौके पर हमराहियों के साथ पहुँचे बीजपुर थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव घटना स्थल पर पहुँच गए। रात्रि होने के कारण मृतक के शव को एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय के शवगृह में रखवा दिया। शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले राखड़ लदा हुआ ट्रक को चेतवा से हिरासत में लेकर उसे सीज कर दिया। जबकि उस वक्त चालक मौका देखकर फरार हो चुका था। पुलिस सूत्रों के अनुसार चालक जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### सामाजिक संस्था व चिकित्सकों ने 968 क्षय रोगियों को लिया गोद

**सोनभद्र।** जिले में विभिन्न संस्थाओं ने 968 क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण की जिम्मेदारी ली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब ने 33, रेडक्रॉस सोसायटी ने 143, निजी चिकित्सक 35, नेता 80 व 677 मरीजों को सरकारी चिकित्सकों ने गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बिना सामाजिक जागरूकता के कोई भी मिशन पूरा नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत व्यक्ति और संस्थाएं क्षय रोगियों को गोद ले रही हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. कीर्ति आजाद बिंद ने बताया कि टीबी का पोषण से गहरा नाता है। यदि व्यक्ति कुपोषित है तो प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उसे टीबी का संक्रमण होने का खतरा रहेगा। यदि व्यक्ति टीबी से ग्रसित है तो उसे दवाओं के सेवन के साथ प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट फैटी एसिड विटामिन और खनिज से भरपूर खाने का सेवन करना चाहिये। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करने से इलाज के पूरा होने के बाद भी दोबारा टीबी होने की संभावना नहीं होती है।

# ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी को तैयार हैं अक्षर

## ● मुझे कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर मैं खेलूं

**भाषा** । सिडनी

**रविंद्र** जडेजा की जगह भरना मुश्किल है लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने अक्षर पटेल को कहा है कि वह जरूरत पड़ने पर ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहे। भारत के चोटी के छह बल्लेबाज दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और ऋषभ पंत अभी रणनीति का हिस्सा नहीं है, ऐसे में विरोधी टीम के गेंदबाजों की लय बिगाड़ने के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत पड़ती है। अक्षर को पाकिस्तान के खिलाफ पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था लेकिन यह फैसला तक कारगर साबित नहीं हुआ क्योंकि वह केवल एक रन बनाकर रन आउट हो गए थे। अक्षर ने यहां पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान के पास बाएं हाथ के स्पिनर नवाज और लेग स्पिनर शादाब खान हैं इसलिए बाएं हाथ के बल्लेबाज को भेजना महत्वपूर्ण था और मुझे बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा, हमारे चोटी के छह बल्लेबाज दाएं हाथ से खेलते हैं और इसलिए टीम प्रबंधन ने मुझसे कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो बीच के ओवरों में मुझे ऊपर खेलने के लिए भेजा जा सकता है और मुझे इसके लिए तैयार रहना चाहिए। मुझे यह भूमिका बता दी गई है और मैंने अभ्यास मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ अक्षर को केवल एक ओवर करने को मिला था जिसमें इफ्तिखार अहमद ने तीन छक्के जड़े थे। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए। अक्षर ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा, पिच थोड़ा शुष्क थी और गेंद रुककर आ रही थी। गेंद पर ग्रिप नहीं बन पा रही थी और इसलिए मुझसे पटक कर गेंदबाजी करने के लिए कहा गया था। यही हमारी रणनीति थी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद मैं वीडियो विश्लेषक और गेंदबाजी कोच के साथ बैठा था। असल में कुछ दिन ऐसे होते हैं जब बल्लेबाज आप के खिलाफ जोखिम उठाता है। मैंने तीन छक्कों का आकलन किया जो मेरे खिलाफ लगे थे। इनमें से मैंने केवल एक गेंद खराब की थी।



### यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों से कैसे निबटते हैं: क्लूसनर


**नई दिल्ली।** पूर्व आलराउंडर लांस क्लूसनर का मानना है कि रविवार को पर्थ में होने वाले टी20 विश्वकप मैच में असली मुकाबला भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के बीच होगा। भारत ग्रुप दो में दो जीत से शीर्ष पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के तीन अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। उसका जिंबाब्वे के खिलाफ में बारिश से धुल गया था। क्लूसनर ने वर्चुअल बातचीत में कहा, पर्थ में हम एक और तेज गेंदबाज देख सकते है। तबरेज शम्सी ने पिछले मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की मैं उसे वास्तव में प्रभावित हूं। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। ड्वेन प्रिटोरियस के चोटिल होने के कारण यह टीम के संतुलन में बदलाव से जुड़ा है। इस मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों से कैसे निबटते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वकप बारिश से प्रभावित है। यह बेमौसम की बरसात है इसलिए मैं वास्तव में थोड़ा निराश हूं। इस विश्व कप को उलटफेर के लिए भी जाना जाएगा। छोटी टीमों ने कुछ बड़ी टीमों को हराया है।



### बुमराह की अनुपस्थिति का मतलब यह नही है कि हम अतिरिक्त प्रयास करें: भुवनेश्वर



**सिडनी।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर बड़ा झटका है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वर्तमान गेंदबाजी इकाई उनकी कमी पूरी करने के लिए अपनी रणनीति में बदलाव करे। बुमराह चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार भी एशिया कप और उसके बाद द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन उन्होंने विश्व कप में अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। भुवनेश्वर से पूछा गया क्या बुमराह की अनुपस्थिति में गेंदबाजों को अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं, उन्होंने कहा, बुमराह जिस तरह का गेंदबाज है निश्चित तौर पर टीम के लिए बड़ा नुकसान है लेकिन ऐसा नहीं है कि यदि बुमराह नहीं है तो हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा, यहां तक कि यदि बुमराह भी टीम में होते तो हम कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करते। हम वही कर रहे हैं जो हमारे मजबूत पक्षों के अनुकूल हैं। भुवनेश्वर से एशिया कप में लचर प्रदर्शन के बाद आलोचना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इशारों में ही समझा दिया कि वह इससे खुश नहीं थे। इतने सालों में एक बार हो गई चीज खराब। तो हो गई। बात खत्म। मीडिया और कमेंटेटर कई तरह की बात कर सकते हैं लेकिन टीम जानती है कि हमें उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता है। टी20 ऐसा प्रारूप है कि अगर पिच अनुकूल नहीं हुई तो यह गेंदबाजों के लिए ही नहीं बल्लेबाजों के लिए भी मुश्किल हो सकती है। लेकिन एशिया कप बड़ी प्रतियोगिता थी इसलिए लोगों ने ज्यादा ध्यान दिया। विश्वकप के दौरान मैंने खुद को सोशल मीडिया से पूरी तरह अलग रखा है इसलिए मुझे नहीं पता कि क्या लिखा जा रहा है क्योंकि यह सोशल मीडिया है जिससे आपको सारी चीजों का पता चलता है।



कर्नाटक क्रिकेट संघ ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी का सम्मान किया

### भारतीय प्रवासी टीम ने शुरूआती अंतरराष्ट्रीय लिबर्टी टी20 क्रिकेट कप जीता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय प्रवासी टीम ने यहां खेले गए मैच में आस्ट्रेलियाई प्रवासी टीम को हराकर शुरूआती अंतरराष्ट्रीय लिबर्टी टी20 क्रिकेट कप जीत लिया। यह टूर्नामेंट भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न का हिस्सा है। न्यूयॉर्क में भारत और आस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूतावास ने ब्रांक्स में शुरूआती अंतरराष्ट्रीय लिबर्टी कप आयोजित किया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्रिकेट खेलने वाले देशों को साथ लाने और अमेरिका में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए किया गया। न्यूयॉर्क थंडरबोल्ट्स क्रिकेट क्लब ने भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया जबकि आस्ट्रेलियाई टीम का प्रतिनिधित्व न्यूयॉर्क कुकाबूराज क्रिकेट क्लब ने किया।

### बांग्लादेश ने तमिलनाडु एकादश को पारी से हराया

**चेन्नई।** एस अजीत राम और ए अश्विन क्रिस्ट के जुझारू अर्धशतकों के बावजूद तमिलनाडु एकादश को शुक्रवार को यहां चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन बांग्लादेश एकादश से पारी की हार का सामना करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद ताइजुल इस्लाम ने 96 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे मेहमान टीम ने पारी और चार रन से जीत दर्ज की। तमिलनाडु की टीम ने सुबह छह विकेट पर 133 रन से खेलना शुरू किया। आदित्य गणेश (48 रन) को रेजाऊर रहमान रजा ने पवेलियन भेज दिया। फिर अजीत राम (55 रन) और क्रिस्ट (57 रन) ने मिलकर पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों ने 32 ओवर तक बांग्लादेश के गेंदबाजों को विकेट नहीं झटकने दिया। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 102 रन की भागीदारी निभा ली थी जिसकी बदौलत तमिलनाडु की टीम सम्मानजनक प्रदर्शन कर सकी, वर्ना पहली पारी में इतने कम स्कोर पर सिमटने के बाद उस पर दूसरी पारी में भी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था।

### वावरिंका स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**बासेल।** स्टेन वावरिंका ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ब्रेंडन नाकाशिमा को तीन सेट में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वावरिंका के पास दूसरे सेट में सर्विस करते हुए जीत दर्ज करने का मौका था लेकिन उन्होंने इसे गंवा दिया। वह हालांकि 6-4, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता और चोटों के जूझने के बाद अब दुनिया के 194वें नंबर के खिलाड़ी वावरिंका ने बैकहैंड विनर लगाकर जीत दर्ज की।

### रेड बुल पर 70 लाख डॉलर का जुर्माना

**मेक्सिको सिटी।** फॉर्मूला वन की संचालन संस्था एफआईए ने रेड बुल पर 2021 सत्र में लागत से अधिक खर्च करने के लिए सजा के तौर पर 70 लाख डॉलर देने का जुर्माना लगाया है। साथ ही टीम को विंड टनल टाइम (जिस समय में कार के हिस्से जैसे टायर बदले जाते है) भी गंवाना पड़ेगा।

### लखनऊ ने जीती मंडलीय वीनू मांकड अंडर–17 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता

**लखनऊ।** वंश खुराना और सजल दो-दो विकेट की गेंदबाजी के बाद कौस्तुभ 23 व लक्ष्य 17 की उम्दा पारी से लखनऊ ने मंडलीय वीनू मांकड अंडर-17 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब फ इनल में रायबरेली को सात विकेट से हराकर जीत लिया। उत्तर रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में रायबरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए। अनुभव ने सर्वाधिक 21 रन बनाए। उनके बाद सिद्धार्थ त्रिपाठी नाबाद 11 ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।

### चोटिल बिनुरा की जगह असिता श्रीलंका की टीम में

**सिडनी।** तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो को चोटिल बिनुरा फर्नांडो की जगह टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है। बिनुरा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। आस्ट्रेलिया ने यह मैच सात विकेट से जीता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार टी20 विश्व कप की छह सदस्ईय तकनीकी समिति ने इस बदलाव को मंजूरी दे दी है।

### लियोन मेंडोंका ने ओपन वर्ग में बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने शुक्रवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद ओपन वर्ग में एकल बढ़त हासिल की। गोवा के इस खिलाड़ी ने मंगोलियाके सेगमेडबैचुलुन को 49 चाल में हराया जिससे उनके तीन अंक हो गए। शीर्ष वरीय भारतीय आर प्रगानानंद 2.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर बने हुए है।

### थलाईवाज ने पिंक पैंथर्स को 38–27 से हराया

**बेंगलुरू** तमिल थलाईवाज ने शुक्रवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मुकाबले में जयपुर पिंकपैंथर्स पर 38-27 से जीत हासिल की। नए मुख्य कोच अशन कुमार के मार्गदर्शन ने तमिल थलाईवाज ने दमदार प्रदर्शन किया। टीम केलिए नरेंदर ने 13 अंक जुटाए। टीम ने शुरू में ही 12-। से बढ़त ले ली थी और पहले हाफ में उनका स्कोर 20-8 रहा। यह अंतर उनकी जीत में साफ दिखा।

# बारिश की भेंट चढ़ा इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया मैच

## ● सेमीफाइनल की राह बनी कठिन

**भाषा** । मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाला मैच रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे इन दोनों टीमों की टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है। एमसीजी पर ही अफगानिस्तान और आयरलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद मौसम ने अपना कमाल दिखाया और दिन के दूसरे मैच को भी रद्द करना पड़ा। इस मैच के रद्द होने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला लेकिन इससे उनकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्रत्एक ग्रुप से केवल दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। शुक्रवार को दो मैचों की बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद इंग्लैंड अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। खिताब के प्रबल दावेदार इंग्लैंड को सुपर 12 के बारिश से प्रभावित मैच में आयरलैंड से हार का सामना करना पड़ा था जो कि उसे भारी पड़ रहा है। सुपर 12 के ग्रुप एक ने अब चार टीम के समान तीन-तीन अंक हैं लेकिन बाकी टीमों ने जहां तीन मैच खेले हैं वहीं शीर्ष पर काबिज न्यूजीलैंड ने दो ही मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया के भी तीन अंक है लेकिन वह नेट रन रेट के कारण आयरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है। भारत-पाकिस्तान के मैच को छोड़कर एमसीजी पर बाकी सभी मैच बारिश से प्रभावित रहे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा, मैंने पहली बार इस स्टेडियम को इतना अधिक गीला देखा।



वर्षाबाधित मैच के दौरान मोबाइल देखते कमिंस

### एमसीजी में फिर धुला मैच, अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अंक बांटे

**मेलबर्न।** अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुक्रवार को होने वाला टी20 विश्व कप के सुपर-12 का मैच बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। एमसीजी पर लगातार बारिश होती रही जिसके कारण मैदान कर्मियों ने पिच को कवर से ढके रखा। इस कारण टॉस भी नही हो पाया। स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजकर 30 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया गया। इस तरह से अफगानिस्तान और आयरलैंड मे एक-एक अंक बांट दिया गया। यह दोनो टीमें अब भी सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। इस परिणाम से आयरलैंड ग्रुप एक मे न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इन दोनो टीम के तीन-तीन अंक है लेकिन न्यूजीलैंड बेहतर रन रेट के कारण शीर्ष पर काबिज है। आयरलैंड के कप्तान एंडी बालबर्नी ने कहा, हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे थे और इस मैच को लेकर उत्साहित थे लेकिन मौसम का आप कुछ नही कर सकते। आयरलैंड का अगला मुकाबला सोमवार को ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया से होगा। अफगानिस्तान सुपर 12 के पहले मैच में इंग्लैंड से हार गया था और यह उसका लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेट चढ़ा है। इससे पहले इसी मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। अफगानिस्तान अंक तालिका में छठे स्थान पर बना हुआ है। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा, हमारे सभी खिलाड़ी निराश है क्योंकि उन्हे इस शानदार मैदान पर खेलने का मौका नही मिला। मै और राशिद खान इस मैदान पर खेले है लेकिन अन्य का यह पहला मैच होता। मौसम हमारे नियंत्रण मे नही है इसलिए हमे इसे स्वीकार करना होगा।

### निराश हूं, लेकिन सही फैसला किया गया: बटलर

**मेलबर्न।** इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले के बारिश के कारण रद्द हो जाने से काफी निराश थे लेकिन उन्होने कहा कि सही फैसला किया गया क्योंकि मैदान पर उतरने के लिए हालात ठीक नही थे। इंग्लैड को लगातार दूसरी बार बारिश की मार झेलनी पड़ी। शुक्रवार को हालांकि एक भी गेंद नही डाली जा सकी। लेकिन इंग्लैड के आयरलैड से डकवर्थ लुईस पद्धति के कारण हार का सामना करना पड़ा था क्योंकि मैच के अंत मे बारिश आ गई थी। बटलर ने कहा, उन्हे (अंपयरो) को कुछ बड़ी चिताएं थी और मुझे लगता है कि वे सही भी थी।

# भारत सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई

## ● ग्रेट ब्रिटेन से 5-5 से ड्रॉ खेला, भिड़ंत आस्ट्रेलिया से होगी

**भाषा** । जोहोर (मलेशिया)



**भारतीय जूनियर** पुरुष हॉकी टीम राउंड रॉबिन चरण में दूसरे स्थान पर रहने के बाद सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई जहां उसकी भिड़ंत आस्ट्रेलिया से होगी। भारत ने शुक्रवार को यहां टूर्नामेंट के अपने आखिरी राउंड रोबिन लीग मैच में ग्रेट ब्रिटेन से 5-5 से ड्रॉ खेला। इससे पांच मैचों में टीम के आठ अंक थे और टीम आस्ट्रेलिया (पांच मैचों में 13 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत की तरफ से पूवन्ना सीबी (सातवें मिनट), अमनदीप (50वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंदल (53वें मिनट) और शारदा नंद तिवारी (56वें और 58वें मिनट) ने, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिए मैक्स एंडरसन (पहले और 40वें), हैरिसन स्टोन (42वें मिनट) और जामी गोल्डन (54वें और 56वें) ने गोल किए। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6-। से पराजित किया। ब्रिटेन और जापान ने अपना अभियान सात-सात अंक से समाप्त किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के छह अंक रहे। मेजबान मेलशिया एक अंक लेकर छह टीमों की तालिका में अंत पर रहा। दक्षिण अफ्रीका अगर ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो फाइनल में पहुंच जाता। लेकिन खिताब की प्रबल दावेदार आस्ट्रेलियाई टीम उनके खिलाफ काफी मजबूत थी। ब्रिटेन के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू में ही गोल खा दिया था लेकिन वह पहले क्वार्टर तक ।-। से बराबरी करने में सफल रहा। मध्यांतर के बाद भी स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ। ब्रिटेन ने जल्द बढ़त हासिल कर दी लेकिन भारत ने आखिरी क्वार्टर में अच्छी वापसी की। चौथे और आखिरी क्वार्टर में जमकर गोल वर्षा हुई। इस क्वार्टर में कुल छह गोल दागे गए जिसमें भारत के आठ मिनट के अंदर किए गए चार गोल भी शामिल हैं।

# सात्विक-चिराग फ्रेंच ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में

**भाषा** । पेरिस

**भारत** के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के ताकुरो होकी और युगो काबायाशी की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सुपर 750 टूर्नामेंट में रंकीरेड्डी और शेट्टी की सातवीं वरीय जोड़ी ने 49 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 21-12 21-16 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी का सामना अब सेमीफाइनल में चोई सोल गयू और किम वोन हो की कोरियाई जोड़ी से होगा। भारतीयों में अब टूर्नामेंट में रंकीरेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ही बची है। किदाम्बी श्रीकांत, प्रणय और समीर वर्मा गुरूवार को अपने पुरूष एकल प्री क्वार्टरफाइनल हारकर बाहर हो गए थे।

### शंकर जूनियर के अंतिम चार में

**सैंटांडर (स्पेन)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी शंकर मुथुसैमी ने शुक्रवार को यहां चीन के हु झे एन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के पुरूष अंडर-19 एकल सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना पदक पक्का कर लिया। चौथी वरीयता प्राप्त शंकर ने एक घंटे 31 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 21-18, 8-21, 21-16 से जीत दर्ज की। वह इस तरह विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले नौंवे भारतीय बन गए। पिछली बार लक्ष्य सेन ने 2018 में कांस्य पदक जीता था।



### आकांक्षा ने खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बनाए तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भाषा** । गाजियाबाद

**महाराष्ट्र** की भारोत्तोलक आकांक्षा व्यवहारे ने यहां खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला भारोत्तोलन टूर्नामेंट के 40 किग्रा वजन वर्ग में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। यह भारोत्तोलक टॉप्स का हिस्सा है। उन्होंने शुक्रवार को स्नैच के अलावा क्लीन एवं जर्क और कुल वजन में रिकॉर्ड बनाए। आकांक्षा ने 60 किग्रा का वजन उठाकर स्नैच में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 71 किग्रा का भार उठाया जिससे उनका कुल स्कोर 131 किग्रा का रहा।

### भारत ने वापसी कर न्यूजीलैंड को हराया

**एफआईएच प्रो लीग**

**भुवनेश्वर।** अंतिम क्वार्टर मे मंदीप सिंह के दो मैदानी गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां अपना एफआईएच लीग अभियान न्यूजीलैंड पर 4-3 की जीत से शुरू किया। मंदीप ने 51वे और 56वे मिनट मे गोल दागे। भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर के अंत मे 2-3 से पीछे चल रही थी। विश्व रैंकिंग मे पांचवे स्थान पर काबिज टीम के लिए मंदीप मोर ने 13वे और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 41वे मिनट मे गोल किए। दुनिया की नौवे नंबर की टीम न्यूजीलैंड के लिए सैम लेन ने 22वे और 35वे मिनट मे दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल जेक स्मिथ ने 34वे मिनट मे किया। न्यूजीलैंड ने शुरू मे अधिक आक्रामक रूख अपनाया। भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शुरू मे ही एक लंबी रेंज के शॉट का बचाव किया। भारत को हालांकि मैच का पेनल्टी कॉर्नर मिल गया लेकिन शमशेर सिंह इसका फायदा नही उठा सके। नीलकंत शर्मा ने मोर को सटीक पास दिया जिन्होंने आराम से गोल किया और न्यूजीलैंड के गोलकीपर डॉमिनिक डिक्सन कुछ नही कर सके। भारत ने दबदबा बनाया हुआ था और दूसरे क्वार्टर मे इस बढ़त को दोगुना करने के लिए प्रयासरत था। लेकिन न्यूजीलैंड ने पहले ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बराबरी हासिल कर ली। सैम लेन के शॉट को सुरेंदर कुमार ने रोक दिया। मेहमान टीम ने रिव्यू लिया, जिसमे दिखा कि गेंद सुरेंदर के पैर से छूकर गई और फिर लेन ने कॉर्नर से गोल कर दिया।

### विद्यालय एथलेटिक्स में धावकों ने जमाई धाक



**लखनऊ।** दो दिवसीय 66वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 -23 का आयोजन स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम हजरतगंज में राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल लखनऊ डॉ ओम प्रकाश मिश्र ने किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 40 विद्यालयों के विभिन्न आयु वर्ग के 700 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। राज्यमंत्री खेल (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद यादव द्वारा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी । प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग बालक में 800 मीटर में उमाकांत वर्मा प्रथम, सुजीत कश्यप द्वितीय, रोहित सिंह यादव तृतीय, इसी क्रम में 3000 मीटर में सुजीत कश्यप प्रथम, विशाल यादव द्वितीय, अमित कुमार तृतीय, गोला फेंक प्रतियोगिता में ज्ञानेंद्र यादव प्रथम, अंकुश द्वितीय एवं सुरेश कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग में 800 मीटर में मोहम्मद एहतेशाम खान प्रथम, आलोक कुमार द्वितीय, करण कुमार तृतीय, 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अभिषेक प्रथम, अनिकेत यादव द्वितीय, शिवम कश्यप तृतीय तथा गोला फेंक प्रतियोगिता में रितिक सोनकर प्रथम, ऋषि कुमार द्वितीय, हर्ष कुमार गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अंडर-14 बालक वर्ग में 400 मीटर में कृष्णा प्रथम, सत्यम यादव द्वितीय, प्रिंस रावत तृतीय, 600 मीटर दौड़ में कृष्णा प्रथम, सत्यम द्वितीय एवं सचिन तृतीय, गोला फेंक प्रतियोगिता में शेख मोहम्मद सुफियान प्रथम, अरुणेश कुमार द्वितीय, एवं प्रिंस राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंडर 19 आयु वर्ग में 400 मीटर में तुलसी यादव प्रथम, मनीषा द्वितीय, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पूर्व क्रिकेटर लाल चंद राजपूत ने बदली जिंबाब्वे क्रिकेट की तकदीर

**भाषा** । पर्थ



**लालचंद** राजपूत सही तारीख भूल गए लेकिन उन्हें याद है कि यह जुलाई 2018 की बात है जब भारत के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने जिंबाब्वे की पुरुष टीम के मुख्य कोच का पद संभाला और अगले ही दिन पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत हुई। पाकिस्तान के खिलाफ पहला एकदिवसीय मैच 13 जुलाई 2018 को खेला गया। राजपूत ने पीटीआई को बताया, मैच से एक दिन पहले मुझे जिंबाब्वे क्रिकेट ने सूचित किया कि सीन इर्विन, क्रेग विलियम्स, सिकंदर रजा और ब्रेंडन टेलर बोर्ड के साथ चल रहे वेतन विवाद के कारण बाहर हो गए हैं। मैं हैरान था। जिंबाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने मुझसे कहा कि हम श्रृंखला रद्द नहीं कर सकते। हमें अनुभवहीन टीम मिली और पहले मैच में हम 100 रन (107 रन) और फिर तीसरे मैच में 50 के आसपास (67 रन) ऑल आउट हो गए। ऐसा होने के बाद मुझे पता था कि मुझे चीजों को बदलने के लिए रुकना होगा। इस पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा, हम 2019 एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे और फिर निलंबित हो गए।

### जिम्बाब्वे से शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिक्टरों ने टीम चयन पर उठाए सवाल

**कराची।** पाकिस्तान की जिंबाब्वे के हाथों शर्मनाक हार के बाद पूर्व क्रिक्टरों ने औसत मानसिक्ता और खराब टीम चयन के लिए टीम की आलोचना की है। पाकिस्तान अपने से कम रैंकिंग के जिंबाब्वे के खिलाफ 130 रन का लक्ष्य भी हासिल नही कर पाया था। पाकिस्तान की टीम पहले मैच मे भारत से हार गई थी और उसकेलिए अब टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मे जगह बनाने की राह कठिन हो गई है। पाकिस्तान की एक रन से हार के बाद पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा, बेहद शर्मनाक और निराशाजनका सच्चाई यह है कि जिंबाब्वे जैसी टीम को हराने के लिए भी आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। हमारा चयन औसत रहा और हमारी मानसिक्ता औसत रही जिसके कारण पाकिस्तान क्रिक्रेट आज संकट में पड़ गया। पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा, क्या यही हमारी क्रिक्रेट है। हम जिंबाब्वे जैसी कम रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ 130 रन भी नही बना सकते।

### अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत थी: बाबर

**पर्थ।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने जिंबाब्वे के खिलाफ मोहम्मद वसीम जूनियर के रूप मे अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाने के फैसले का बचाव किया। पाकिस्तान को जिंबाब्वे के खिलाफ मौजूदा टी20 विश्व कप मे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम पर टूर्नामेंट से जल्द बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के कुछ दिन बाद 2009 के चैंपियन पाकिस्तान को जिंबाब्वे के खिलाफ एक रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा।